सूर्योदय 5:26 सूर्यास्त 7:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.0 न्यू | 19.5 अधि |
| धर्मशाला | 17.4 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,569 |
| निफ्टी | 24,206 |

सोना 1,43,000 चांदी 2,22,000

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 11 जुलाई 2026 | 27 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 193, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

## न्यूज शॉर्ट्स

### हसीना बोलीं- दिसंबर में लौटूंगी बांग्लादेश

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि वह दिसंबर में भारत से बांग्लादेश लौटकर अदालत में सरेंडर करेंगी। उन्होंने बताया कि अवामी लीग के कई वरिष्ठ नेता भी उनके साथ आत्मसमर्पण करेंगे। रॉयटर्स को दिए इंटरव्यू में हसीना ने आरोप लगाया कि अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर लगातार कार्रवाई हो रही है। उनके अनुसार, पार्टी के लगभग सभी बड़े नेताओं पर मुकदमे दर्ज हैं और कई कार्यकर्ता छिपकर रहने को मजबूर हैं। हसीना ने कहा, 'मुझे गिरफ्तार किया जा सकता है, मेरी हत्या भी हो सकती है, लेकिन मैं अपने देश जरूर लौटूंगी। अगर मौत भी आए तो मैं अपने माता-पिता की मिट्टी में ही दफन होना चाहती हूं।' हालांकि, उन्होंने वापसी की सटीक तारीख नहीं बताई। (अनंत ज्ञान)

### पहली बार सार्वजनिक होंगे मुजतबा खामेनेई

**एजेंसी, तेहरान।** ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई शनिवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आ सकते हैं। तस्नीम न्यूज एजेंसी के अनुसार, वे कोम शहर स्थित हजरत मासूमेह दरगाह में अपने पिता और पूर्व सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की शोकसभा की अगुवाई करेंगे। शुक्रवार को अली खामेनेई को मशहद के इमाम रजा रौजे में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इसके अगले दिन कोम में शोकसभा आयोजित की जा रही है। मुजतबा को मार्च में धार्मिक परिषद ने नया सुप्रीम लीडर चुना था। युद्ध शुरू होने के बाद से वे किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में नजर नहीं आए हैं। कुछ मीडिया रिपोर्टों में फरवरी के हमले में उनके घायल होने का दावा किया गया था, जिसके बाद सुरक्षा कारणों से वे सार्वजनिक गतिविधियों से दूर रहे। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका में एच1बी वीजा के नियम हो सकते हैं सख्त

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका का ट्रंप प्रशासन नए इमिग्रेशन नियमों की तैयारी कर रहा है, जिससे एच-1बी वीजा, रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड और छात्र वीसा की प्रक्रिया पहले से अधिक सख्त हो सकती है। प्रस्तावित बदलाव लागू होने पर भारतीय पेशेवरों, छात्रों और अमेरिकी कंपनियों के लिए नियमों का पालन करना अधिक कठिन और महंगा हो सकता है। ये प्रस्ताव अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग, श्रम विभाग और विदेश विभाग के एकीकृत रेगुलेटरी एजेंडा में शामिल हैं। इसके लिए अगस्त में बदलाव का प्रस्ताव आ सकता है। (अनंत ज्ञान)

# बारिश से 250 से ज्यादा सड़कें बंद

## हिमाचल में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, रामपुर में पावर प्रोजेक्ट को खतरा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। प्रदेशभर में 250 से अधिक सड़कें बंद हैं, कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ है और नदी-नाले उफान पर हैं। बढ़ते जलस्तर और खराब मौसम को देखते हुए प्रशासन ने कई जिलों में एहतियाती कदम तेज कर दिए हैं।

सबसे अधिक असर शिमला जिले में देखने को मिला, जहां 27 सड़कें बंद हो गईं और 53 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं। कई ग्रामीण इलाकों का संपर्क कट गया है। विकासनगर क्षेत्र में पहाड़ी से पत्थर गिरने से दो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि तत्तापानी-किंगल मार्ग भूस्खलन के कारण बंद है। प्रशासन मलबा हटाने और यातायात बहाल करने में जुटा है।

रामपुर की गानवी-2 जलविद्युत परियोजना में नांती खड्ड का स्पिलवे चैनल तेज बहाव से क्षतिग्रस्त हो गया। परियोजना क्षेत्र का एक पुल भी प्रभावित हुआ है। विभागीय टीमों ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। कुल्लू, मंडी, सोलन और सिरमौर में भी भारी बारिश से कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ। सोलन के गंभरपुल-सरली मार्ग पर चलती कार पर चट्टान गिरने से दो लोग घायल हो गए। वहीं चंडीगढ़-शिमला फोरलेन पर कंडाघाट और वाकनाघाट के बीच विशाल चट्टानें सड़क पर आ गिरीं। समय रहते यातायात रोक दिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। लगातार बारिश को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करने की अपील की है।





### बांधों में बढ़ा जलस्तर प्रशासन की बढ़ी चिंता

**लगातार** बारिश के चलते कोल डैम, भाखड़ा डैम और पंडोह डैम में पानी की आवक तेजी से बढ़ी है। जलाशयों में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए संबंधित विभाग लगातार निगरानी कर रहे हैं। रामपुर के गानवी क्षेत्र में भी बढ़ते जलस्तर ने परियोजना के ढांचे पर दबाव बढ़ा दिया है। प्रशासन ने निचले क्षेत्रों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

### 5 जिलों में येलो अलर्ट


**भारी** बारिश की चेतावनी को देखते हुए सोलन और सिरमौर जिलों में सरकारी एवं निजी स्कूलों को बंद रखा गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शिमला, सोलन, सिरमौर, मंडी और कांगड़ा सहित कई जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों, खड्डों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने तथा बिना आवश्यकता यात्रा नहीं करने की अपील की है।

# प्रदेश के युवाओं के लिए खुले रोजगार के द्वार : सीएम सुक्खू

- हिमाचल पुलिस में 734 कांस्टेबलों की भर्ती प्रक्रिया शुरू, 491 पद पुरुषों और 243 पद महिलाओं के लिए

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार ने हिमाचल के युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलते हुए राज्य पुलिस में 734 कांस्टेबलों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को सरकारी रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इसी कड़ी में पुलिस विभाग में बड़े स्तर पर भर्ती अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश के युवाओं को अपनी ही धरती पर सम्मानजनक रोजगार के अवसर मिलें, ताकि उन्हें नौकरी की तलाश में दर-दर भटकना न पड़े और उनकी प्रतिभा का उपयोग प्रदेश के विकास और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने में हो सके।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भर्ती के तहत 491 पद पुरुष अभ्यर्थियों तथा 243 पद महिला अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरी भर्ती प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता और योग्यता के आधार पर संपन्न कराई जाएगी तथा किसी भी स्तर पर पक्षपात की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है।

सीएम सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल रिक्त पदों को भरना नहीं, बल्कि युवाओं को उनकी योग्यता और क्षमता के अनुरूप समान अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि एक सक्षम, प्रशिक्षित और युवा पुलिस बल प्रदेश की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करेगा तथा जनता का विश्वास भी बढ़ाएगा। मुख्यमंत्री ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरी निष्ठा, मेहनत और ईमानदारी के साथ भर्ती प्रक्रिया में भाग लें। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक योग्य अभ्यर्थी को निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से अपनी प्रतिभा साबित करने का पूरा अवसर मिले।

# महादेव बेटिंग ऐप मामला: ईडी ने विकास गर्ग की 940.77 करोड़ की संपत्ति की कुर्क

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन बेटिंग ऐप और स्काई एक्सचेंज से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 940.77 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से अटैच की हैं। ये संपत्तियां कारोबारी विकास गर्ग, उनके परिवार और उनसे जुड़ी कंपनियों की बताई जा रही हैं।



ईडी के अनुसार, अटैच की गई संपत्तियों में महंगी आवासीय संपत्तियां, जमीन, कंपनियों के शेयर और अन्य वित्तीय निवेश शामिल हैं। एजेंसी का दावा है कि ये संपत्तियां अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी से अर्जित धन से जुड़ी हैं। मामले की जांच छत्तीसगढ़ के दुर्ग में दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू हुई थी। इसके अलावा कई राज्यों में दर्ज मामलों को भी जांच में शामिल किया गया है। इनमें धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश जैसे आरोप लगाए गए हैं। ईडी का कहना है कि महादेव ऑनलाइन बुक और स्काई एक्सचेंज का नेटवर्क विदेश से संचालित हो रहा था और फ्रेंचाइजी आधारित पैनल सिस्टम के जरिए देशभर में फैलाया गया। एजेंसी के मुताबिक यह देश के बड़े अवैध ऑनलाइन बेटिंग नेटवर्क में से एक है। (अनंत ज्ञान)

# 25 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण वाला पेट्रोल उतारने का इरादा नहीं : पुरी

## बोले-अभी सिर्फ किया जा रहा है परीक्षण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने का का मुद्दा देशभर गरम हो चुका है। हजारों वीडियो सोशल मीडिया पर हैं, जिनमें खराब कार या स्कूटर का जिम्मेदार ई20 माना जा रहा है। वहीं, अब खबर है कि सरकार ई25 लाने जा रही है, जिस पर बड़ा अपडेट आया है।



पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने साफ किया है कि 25 फीसदी एथेनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल (ई25) का अभी केवल परीक्षण किया जा रहा है और इसे बाजार में उतारने को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने इस मामले से जुड़ी सभी अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि सरकार वैज्ञानिक अध्ययनों और सभी हितधारकों से चर्चा के बाद ही कोई कदम उठाएगी। ई25 ईंधन की वर्तमान में केवल टेस्टिंग की जा रही है, जिसके पूरे होने की समय-सीमा अभी तय नहीं है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने स्पष्ट किया कि अतीत में मिश्रित ईंधन से इंजन खराब होने की जो भी शिकायतें आईं, जांच में उनके कारण कुछ और ही निकले थे, न कि ईंधन। सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि एथेनॉल का कैलोरीफिक मान कम होने के कारण माइलेज पर मामूली असर पड़ता है, जो सड़क और ट्रैफिक की स्थिति पर भी निर्भर करता है। सरकार का मानना है कि लोगों के पास फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अन्य किफायती ईंधनों (जैसे मेथनॉल) को चुनने का विकल्प होना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा राम मंदिर चढ़ावा चोरी का मामला

- दान गिनने वाले 23 कर्मचारियों का इस्तीफा, 13 जुलाई को होगी सुनवाई

**एजेंसी, अयोध्या**

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट 13 जुलाई को सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच 3 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। याचिकाओं में जांच सीबीआई को सौंपने और एसआईटी के गठन के मांग की गई है। साथ ही, मंदिर में दान के प्रबंधन से जुड़े अलग-अलग विषयों की समीक्षा के लिए एक्सपर्ट कमेटी बनाने की भी मांग की गई है।

इधर, मंदिर में चढ़ावा गिनने वाले 23 कर्मचारियों ने वीरवार को एक साथ इस्तीफा दे दिया। उनका कहना है कि चोरी की घटना के बाद 10-20 रुपए के नोट बढ़ गए हैं, जिससे गिनती में ज्यादा समय लग रहा है। पहले 500 रुपए के नोटों की 70-80 गड्डियां बन जाती थीं, अब बमुश्किल 15 गड्डियां बन रही हैं। पहले काम दो शिफ्ट में होता था, लेकिन अब सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक एक ही शिफ्ट कर दी गई है। वेतन वही है और काम के घंटे बढ़ गए हैं। अब बैंक के पास सिर्फ 13 गणना कर्मी बचे हैं। चढ़ावा चोरी से माता सीता का मायका 'जानकी मंदिर' भी आहत है। श्रीराम का ससुराल पड़ोसी देश नेपाल के जनकपुर में है। मंदिर के महंत रोशन दास के अनुसार भगवान श्रीराम के किसी मंदिर में ऐसी घटना न कभी देखी, न सुनी। मन व्यथित है, इसलिए सावन में जनकपुर से 5-7 लोग प्रभु श्रीराम के घर अयोध्या जाएंगे, सांत्वना देंगे और दर्शन कर लौट आएंगे। अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने अयोध्या पहुंचकर हनुमानगढ़ी का दर्शन पूजन किया। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में 17 आईएएस व 22 एचएएस अधिकारियों के तबादले

## गृह, वित्त, वन, उद्योग, परिवहन और लोक निर्माण समेत अहम विभागों में बदलाव

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को एक बार फिर बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए शासन-प्रशासन में व्यापक बदलाव किए हैं। सिविल सेवा बोर्ड की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने 17 आईएएस और 22 एचएएस अधिकारियों के तबादला एवं नई तैनाती के आदेश जारी किए हैं। मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत द्वारा जारी अधिसूचना के तहत कई वरिष्ठ अधिकारियों को महत्वपूर्ण विभागों का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

जारी आदेशों के अनुसार अतिरिक्त मुख्य सचिव (जनजातीय विकास) ओंकार चंद शर्मा को अतिरिक्त मुख्य सचिव (परिवहन) का अतिरिक्त दायित्व भी सौंपा गया है। इसके साथ ही वे रोपवे एवं रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के



चेयरमैन-सह-प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार भी संभालते रहेंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव (खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले) आरडी नजीम को अब अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह एवं सतर्कता) तथा एमपीपी, पावर एंड एनसीईएस की जिम्मेदारी दी गई है। इस बदलाव के साथ कमलेश कुमार पंत और राकेश कंवर इन अतिरिक्त प्रभारों से मुक्त हो गए हैं।

प्रधान सचिव (शहरी विकास) देवेश कुमार को अब वित्त, योजना, अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही वे प्रधान सचिव (लोक निर्माण विभाग) का अतिरिक्त कार्यभार भी संभालते रहेंगे तथा पशुपालन विभाग का अतिरिक्त दायित्व भी उनके पास रहेगा। इस बदलाव के बाद आशीष सिंघमार को पशुपालन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है।

वहीं, प्रधान सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एम सुधा देवी को अब वन एवं उद्योग विभाग का प्रभार सौंपा गया है। वे प्रधान सचिव (कार्मिक) का अतिरिक्त कार्यभार भी पूर्व की तरह संभालती रहेंगी। वन एवं उद्योग विभाग का अतिरिक्त दायित्व मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत से वापस ले लिया गया है। वहीं, राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारियों के साथ-साथ 22 एचएएस अधिकारियों के तबादले और नई तैनाती के आदेश भी जारी किए हैं। विभिन्न जिलों, उपमंडलों और विभागों में कार्यरत अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

# स्पेन के जंगलों में आग; 11 लोगों की मौत, कई घायल

**एजेंसी, मैड्रिड**



स्पेन में जंगल की आग की चपेट में आकर 11 लोगों की मौत हो गई है। छह लोग घायल भी हुए हैं। देश में बढ़ते तापमान के बीच यह आग अब तक की सबसे घातक आग में से एक है। रिपोर्ट के मुताबिक, आग की चपेट में आए कई लोग जल चुकी गाड़ियों के अंदर मिले। 150 फायरफाइटर और स्पेन की मिलिट्री इमरजेंसी यूनिट के 220 सैनिक शुक्रवार को आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे थे।

अधिकारियों ने पहले 12 लोगों की मौत की जानकारी दी थी, लेकिन शुक्रवार सुबह मरने वालों की संख्या 11 बताई गई।

आग सिएरा डी लॉस फिलाब्रस पहाड़ों के पास एक छोटे से गांव में लगी थी। आग लगने की वजह की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन आग की सूचना देने वाले लोगों का कहना है कि बिजली की एक तार गिरने से चिंगारी उठी और आग तेजी से पास के जंगल में फैल गई। आपात सेवा के मुताबिक, आग की वजह से सड़कें बंद करनी पड़ीं और 1,000 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने दुख जताया है। (अनंत ज्ञान)

# चेक बाउंस केस में राजपाल यादव को तीन माह की जेल

- दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनाई सजा, 7 मामलों में 7.35 करोड़ जुर्माना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव को चेक बाउंस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने तीन महीने के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उनकी दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज कर दीं।



जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने चेक बाउंस के सात मामलों में प्रत्येक में तीन-तीन महीने की सजा सुनाई। हालांकि सभी सजाएं एक साथ चलेंगी, इसलिए अभिनेता को कुल तीन महीने की जेल भुगतनी होगी। अदालत ने हर मामले में 1.05 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। सातों मामलों में कुल जुर्माने की राशि 7.35 करोड़ रुपए बनती है। आदेश के अनुसार, प्रत्येक मामले में शिकायतकर्ता को 1 करोड़ 4 लाख 75 हजार रुपए और राज्य को 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। हाईकोर्ट ने कहा कि राजपाल यादव को अदालत में दिए गए आश्वासन का पालन करने के लिए कई अवसर दिए गए, लेकिन उन्होंने बार-बार इसका पालन नहीं किया। इसके बाद अदालत ने उनकी दोषसिद्धि को कायम रखते हुए सजा सुनाई। (अनंत ज्ञान)

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा ई20 पेट्रोल विवाद, सादे पेट्रोल की मांग तेज

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश में ई20 (20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित) पेट्रोल की अनिवार्य उपलब्धता को लेकर विवाद बढ़ गया है। वाहन चालकों ने बिना मिश्रण वाले सामान्य पेट्रोल का विकल्प देने की मांग की है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका भी दायर की गई है, जिसमें उपभोक्ताओं को अपनी पसंद का ईंधन चुनने का अधिकार देने की अपील की गई है।

वाहन चालकों और कुछ विशेषज्ञों का दावा है कि ई20 ईंधन से पुराने वाहनों के इंजन, ईंधन पाइपलाइन और माइलेज पर असर पड़ सकता है। वहीं, सरकार एथेनॉल मिश्रण को पर्यावरण संरक्षण और विदेशी मुद्रा बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बता रही है। विपक्ष ने भी इस मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए ऑटोमोबाइल कंपनियों से स्थिति स्पष्ट करने और उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा की मांग की है। अब यह मामला सरकारी नीति और उपभोक्ता विकल्प के बीच बहस का केंद्र बन गया है। (अनंत ज्ञान)

**खतरा** फोरलेन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी उठ रहे सवाल, पूछ रहे लोग आखिर कब सुधरेगा सफर?

# बिलासपुर फोरलेन बना हादसों का 'हॉटस्पॉट'

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** किरतपुर-नेरचौक (मनाली) फोरलेन ने हिमाचल में सफर को तेज और सुविधाजनक बनाया है, लेकिन बिलासपुर जिले से गुजरने वाला यह मार्ग लगातार बढ़ते सड़क हादसों के कारण चिंता का विषय बन गया है। वाहन पलटने, आमने-सामने की टक्कर, ओवरस्पीडिंग, बारिश में जलभराव और भूस्खलन जैसी घटनाएं यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रही हैं।

पुलिस रिपोर्टों के अनुसार पिछले एक वर्ष में इस फोरलेन पर हुए छोटे-बड़े हादसों में करीब आठ लोगों की मौत हुई, जबकि 14 लोग घायल हुए। हालांकि पुलिस और एनएचएआई की ओर से इन दुर्घटनाओं का कोई समेकित वार्षिक आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है। प्रमुख हादसों में नवंबर 2025 में बिलासपुर के समीप टनल में दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई थी, जबकि छह लोग घायल हुए थे। अगस्त 2025 में गरामौड़ा के पास स्कूटी और ट्रक की भिड़ंत में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी और स्कूटी में आग लग गई थी। इसके अलावा भी कई दुर्घटनाओं में वाहन डिवाइडर से टकराकर पलट गए।






फोरलेन पर बनी डबल सुरंग तथा (दाएं) हुआ एक्सीडेंट। (फाइल फोटो)

बरसात के दौरान हालात और गंभीर हो जाते हैं। कई स्थानों पर जलभराव, पहाड़ियों से मलबा गिरने और दृश्यता कम होने से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश में सड़क पर पानी भरने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। फोरलेन की सुरक्षा व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। सड़क किनारे 91 से अधिक अवैध होटल और दुकानों के कारण कई स्थानों पर यातायात प्रभावित हो रहा है।

वहीं, टोल प्लाजा पर लगने वाले लंबे जाम और अचानक ब्रेक लगाने की स्थिति भी हादसों की वजह बन रही है। टनल नंबर-1 में दोनों दिशाओं का यातायात एक ही टनल से गुजरने के कारण ओवरस्पीडिंग और ओवरटेकिंग का जोखिम बढ़ जाता है। हालांकि, बिलासपुर पुलिस ने इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के तहत कैमरे और ई-चालान व्यवस्था लागू की है, लेकिन दुर्घटनाएं कम नहीं हो रही हैं। लोगों ने एनएचएआई, जिला प्रशासन और पुलिस से दुर्घटना संभावित स्थानों का संयुक्त सर्वे कर स्थायी सुरक्षा उपाय लागू करने की मांग की है।

### फैक्ट फाइल

- **मार्ग:** किरतपुर-नेरचौक (मनाली) फोरलेन।
- **पिछले एक वर्ष में मौतें :** आठ।
- **प्रमुख हादसे:** टनल में आमने-सामने टक्कर, गरामौड़ा स्कूटी-ट्रक हादसा, कई वाहन पलटने की घटनाएं।
- **सड़क किनारे अवैध निर्माण :** 91 से अधिक।
- **सुरक्षा व्यवस्था:** आईटीएमएस कैमरे, ई-चालान, पुलिस निगरानी।

# जिले में भूस्खलन से 27 सड़कें बंद

## 53 पेयजल योजनाएं बंद, 67 बिजली ट्रांसफार्मर ठप होने से बिजली आपूर्ति प्रभावित

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में 30 जून को मानसून पहुंचने के बाद पहली बार व्यापक स्तर पर भारी बारिश दर्ज की गई है। बीती रात से प्रदेश के कई हिस्सों में लगातार तेज वर्षा हुई। इसका सबसे अधिक असर शिमला, सिरमौर और सोलन जिलों में देखने को मिला। राजधानी शिमला के विकासनगर क्षेत्र में एक भवन के सामने की दीवार गिरने से सड़क किनारे खड़ी दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बारिश के कारण भूस्खलन होने से शिमला जिले में 27 सड़कें बंद हो गईं। 67 बिजली ट्रांसफार्मर ठप होने से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही और 53 पेयजल योजनाएं भी बंद हो गईं।

जिले में सबसे अधिक असर ठियोग और रामपुर उपमंडलों में दर्ज किया गया। ठियोग और रामपुर में छह-छह, जुब्बल और चौपाल में पांच-पांच, सुन्नी में तीन तथा कोटखाई और कुमारसेन में एक-एक सड़क बंद है। बिजली व्यवस्था भी प्रभावित हुई है। रामपुर में 49, चौपाल में 10 और ठियोग में आठ ट्रांसफार्मर बंद हैं। पेयजल आपूर्ति पर भी असर पड़ा है। ठियोग में 29, रामपुर में 15, चौपाल में पांच और कुमारसेन में चार पेयजल योजनाएं बंद हैं।

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सिरमौर जिले के पच्छाद में 207 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई, जो इस मॉनसून सीजन की अब तक की सबसे अधिक वर्षा है। इसके अलावा नाहन में 158 मिलीमीटर, सोलन जिले के कसौली में 145 मिलीमीटर, धर्मपुर में 136 मिलीमीटर, सोलन में 113 मिलीमीटर और कांगड़ा जिले के पालमपुर में 109 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। चंबा जिले के जोत में 83 मिलीमीटर, शिमला जिले के जुब्बड़हट्टी में 72 मिलीमीटर, कुफरी और ऊना जिले के भरवाईं में 62-62 मिलीमीटर, बिलासपुर जिले के घाघस में 62 मिलीमीटर, शिमला के शिलारू में 60 मिलीमीटर और बिलासपुर के काहू में 56 मिलीमीटर बारिश हुई।

### लोगों को नदी-नालों से दूर रहने की सलाह

**मौसम** विभाग ने 15 जुलाई तक प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 16 जुलाई को भी मौसम खराब रहने का अनुमान है, हालांकि उस दिन कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। लगातार वर्षा और भूस्खलन की आशंका को देखते हुए लोगों से नदी-नालों से दूर रहने, अनावश्यक यात्रा नहीं करने और सफर से पहले सड़क की ताजा स्थिति की जानकारी लेने की अपील की गई है। प्रदेश में अगले कई दिन मौसम अत्यंत संवेदनशील रहने की संभावना है। प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों, खड्डों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने, खराब मौसम में अनावश्यक यात्रा न करने तथा केवल आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर निकलने।

## समय पर पेंशन जारी करने पर प्रदेश सरकार का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** पथ परिवहन निगम पेंशनर्ज कल्याण संगठन इकाई रामपुर एवं रिकांगपिओ प्रदेश सरकार का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करती है कि सरकार ने अपने वादे के अनुरूप 7 से 10 तारीख के बीच परिवहन निगम के पेंशनरों के खातों में पेंशन जारी कर दी है। इससे हजारों पेंशनरों एवं उनके परिवारों को समय पर आर्थिक राहत मिली है। संगठन का मानना है कि पेंशन सेवानिवृत्त कर्मचारियों का वैधानिक अधिकार है और समय पर भुगतान होने से पेंशनरों का सरकार के प्रति विश्वास और मजबूत होता है। हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी सरकार इसी प्रकार प्रत्येक माह निर्धारित समय सीमा के भीतर पेंशन का भुगतान सुनिश्चित करेगी, ताकि वरिष्ठ नागरिकों को किसी प्रकार की आर्थिक कठिनाई का सामना न करना पड़े। रामपुर एवं रिकांगपिओ इकाई सरकार, संबंधित विभाग व परिवहन निगम के सभी अधिकारियों का इस सकारात्मक पहल के लिए धन्यवाद व्यक्त करती है। साथ ही, संगठन यह भी अपेक्षा करता है कि 3% डी.ए./पेंशन से जुड़े अन्य लंबित मामलों एवं पेंशनरों की समस्याओं का भी शीघ्र समाधान किया जाए।

# खनेरी अस्पताल में एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड सेवाएं ठप

## डॉक्टरों पर जेनेरिक दवाओं के बजाय ब्रांडेड दवाएं लिखने के आरोप

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** प्रदेश के किन्नौर, लाहौल-स्पीति, कुल्लू व मंडी के हजारों लोगों के लिए प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र महात्मा गांधी चिकित्सा सेवा परिसर, खनेरी रामपुर इन दिनों बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। पिछले करीब एक माह से अस्पताल की एक्स-रे, टेस्ट मशीन और अल्ट्रासाउंड सेवाएं बंद होने के कारण प्रतिदिन सैकड़ों मरीजों को निजी क्लीनिकों में महंगे दामों पर जांच करवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। गौरतलब है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह ने दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों को सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य सेवाएं उनके निकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खनेरी अस्पताल की स्थापना करवाई थी, ताकि मरीजों को उपचार के लिए शिमला या चंडीगढ़ का रुख न करना पड़े। जिस के लिए सुविधाजनक भव्य भवन भी बना है। लेकिन वर्तमान में आवश्यक संसाधनों और स्टाफ की कमी के चलते अस्पताल अपने मूल उद्देश्य को पूरी तरह पूरा नहीं कर पा रहा है।

अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ तथा 12 स्टाफ नर्सों के पद लंबे समय से रिक्त हैं। वहीं ट्रॉमा सेंटर भी पर्याप्त स्टाफ के अभाव में संचालित हो रहा है। अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 500 से अधिक मरीज पहुंचते हैं, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई बार बेड की कमी के चलते एक ही बेड पर दो मरीजों का उपचार करना पड़ता है। स्थानीय लोगों और मरीजों का आरोप है कि अस्पताल में जन औषधि केंद्र उपलब्ध होने के बावजूद अधिकांश मामलों में प्रदेश सरकार के आदेश के बावजूद भी अधिकतर डॉक्टरों द्वारा जेनेरिक दवाओं के स्थान पर ब्रांडेड दवाएं लिखी जा रही हैं।

मरीजों का कहना है कि यदि डॉक्टर प्राथमिकता के आधार पर जेनेरिक दवाएं लिखें तो उन्हें जन औषधि केंद्र से अंग्रेजी दवाइयों में 50 से 80 प्रतिशत तक कम कीमत पर दवाएं मिल सकती हैं, जिससे उपचार का खर्च काफी कम होगा। स्थानीय लोगों ने मांग उठाई है कि अस्पताल की ओपीडी, पर्ची काउंटर और अन्य प्रमुख स्थानों पर सूचना बोर्ड लगाए जाएं, जिनमें जन औषधि केंद्र की जानकारी और जेनेरिक दवाओं के लाभ स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाएं, ताकि मरीज जागरूक होकर योजना का लाभ उठा सकें। स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों और मरीजों ने प्रदेश सरकार तथा स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि अस्पताल की एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड सेवाएं शीघ्र बहाल की जाएं, सभी रिक्त डॉक्टरों एवं नर्सों के पद जल्द भरे जाएं, ट्रॉमा सेंटर को पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध कराया जाए तथा अस्पताल में आवश्यक जांच सुविधाओं और जेनेरिक दवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

# पिपटी के पास कार गहरी खाई में गिरी, दो युवक घायल

अनंत ज्ञान



**रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल के पिपटी क्षेत्र के समीप एक कार दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क से लगभग 100 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में कार सवार दो युवक घायल हो गए, जिन्हें पुलिस व बचाव दल ने कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकालकर महात्मा गांधी चिकित्सा सेवा परिसर खनेरी, रामपुर पहुंचाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त वाहन का पंजीकरण नंबर एचपी-06C-0869 है। हादसे के समय वाहन में केवल दो लोग सवार थे। घायलों की पहचान आर्यन नेगी (21 वर्ष) पुत्र राज कुमार, निवासी गांव फांचा, डाकघर फांचा, तहसील रामपुर, जिला शिमला तथा मितेश चौहान (28 वर्ष) पुत्र गोपाल सिंह चौहान, निवासी गांव गसोपुल, डाकघर जाखरी, तहसील रामपुर, जिला शिमला के रूप में हुई है। दोनों घायलों का एमजीएमएससी खनेरी अस्पताल में उपचार चल रहा है। सूचना मिलते ही रामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य का नेतृत्व किया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुट गई है।

### रेस्क्यू कर दोनों घायलों को पहुंचाया खनेरी अस्पताल

# सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में बांधा : राज्यपाल

## शिमला में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को किया संबोधित, वंदे मातरम् यात्रा प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल केवल देश के राजनीतिक एकीकरण के शिल्पकार ही नहीं थे, बल्कि भारतीय संघीय व्यवस्था के भी सबसे मजबूत समर्थकों में शामिल थे। उन्होंने कहा कि भारत का संघीय ढांचा विश्व में अद्वितीय है, जहां विभिन्न भाषाएं, संस्कृतियां और परंपराएं संविधान के सूत्र में बंधकर राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाती हैं।

भारतीय उच्च अध्ययन संस्था शिमला में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 'सरदार पटेल की दृष्टि एकीकरण, एकात्मता व संघवाद की परिकल्पना' तथा 'वंदे मातरम् की यात्रा' प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सरदार पटेल की दूरदर्शिता और राष्ट्र निर्माण की सोच आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी स्वतंत्रता के बाद थी।



वंदे मातरम् यात्रा प्रदर्शनी का शुभारंभ करते राज्यपाल कविंद्र गुप्ता। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम में भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना था, लेकिन प्रतिकूल मौसम के कारण वह शिमला नहीं पहुंच सके। उन्होंने वीडियो संदेश के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरदार पटेल के योगदान और राष्ट्रीय एकता के महत्व पर अपने विचार रखे। राज्यपाल ने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा रहा है। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की इस अमर रचना ने देशवासियों में राष्ट्रभक्ति, त्याग और बलिदान की भावना का संचार किया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी भारत के राष्ट्रीय जागरण और स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी के सामने जीवंत रूप में प्रस्तुत करती है।


उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का योगदान केवल 560 से अधिक रियासतों के विलय तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने अपने नेतृत्व, संगठन क्षमता और अनुशासन से आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी। बारडोली सत्याग्रह में उनके ऐतिहासिक नेतृत्व के कारण ही उन्हें 'सरदार' की उपाधि मिली।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुजरात के केवड़िया में निर्मित 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' को सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान का स्थायी स्मारक बताते हुए कहा कि यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को नई ऊर्जा प्रदान करता है। इस अवसर पर राज्यपाल ने 'वंदे मातरम्' पर आधारित कॉफी टेबल बुक, 'दर्शन ऑफ राधाकृष्णन : इटरनल एंड टेम्पोरल' संगोष्ठी की कार्यवाही तथा डॉ. एस. राधाकृष्णन पर आधारित बहुभाषी कविता संग्रह का विमोचन भी किया। उन्होंने प्रसिद्ध शोधकर्ता एवं लेखक अखिलेश झा द्वारा तैयार 'वंदे मातरम् की यात्रा' प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

# सेब के बगीचे में पेड़ से लटका मिला 36 वर्षीय महिला का शव

अनंत ज्ञान

**शिमला।** शिमला जिले में 34 वर्षीय महिला का शव सेब के बगीचे में एक पेड़ से लटका मिला है। पुलिस की शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की अंतिम पुष्टि होगी। ये घटना जिला के नेरवा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मढ़ाना में सामने आया।



पुलिस के अनुसार ग्राम पंचायत मढ़ाना के प्रधान ने नेरवा थाना को फोन पर सूचना दी कि गांव मढ़ाना की रहने वाली गीता देवी पत्नी सुरेश कुमार ने कथित रूप से बुरांश के पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पुलिस ने सेब के बगीचे में महिला का शव बरामद किया। मौके पर बुरांश के पेड़ से रस्सी लटकी हुई मिली।

पुलिस ने बताया कि महिला के शरीर पर गर्दन पर फंदे के निशान के अलावा कोई बाहरी चोट नहीं मिली। घटनास्थल और घर की तलाशी के दौरान कोई सुसाइड नोट या अन्य संदिग्ध सामग्री भी बरामद नहीं हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेरवा पहुंचाकर सुरक्षित रखवा दिया है। महिला के मायके पक्ष को भी घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस के अनुसार मायके पक्ष ने मौत को लेकर किसी तरह का संदेह नहीं जताया है। प्रारंभिक जांच में मामला निजी कारणों से आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 194 के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# जुन्गा में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ा

## स्कूली बच्चों, राहगीरों व मरीजों की सुरक्षा पर मंडराया खतरा

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला से सटे जुन्गा कस्बे में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या अब गंभीर जनसुरक्षा का मुद्दा बन गई है। कस्बे में झुंड के रूप में घूम रहे आवारा कुत्तों के कारण डॉग बाइट की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। इससे स्कूली बच्चों, मरीजों, बुजुर्गों और राहगीरों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से शीघ्र प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। सबसे अधिक आवारा कुत्तों के झुंड सिविल अस्पताल जुन्गा के आसपास देखे जा रहे हैं, जिससे अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पंचायत और पशुपालन विभाग की ओर से अब तक न तो व्यापक नसबंदी अभियान चलाया गया है और न ही कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस कार्रवाई की गई है। सिविल अस्पताल जुन्गा के चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि अस्पताल में लगातार डॉग बाइट के मरीज पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवारा कुत्तों का नियमित टीकाकरण नहीं होने से रेबीज का खतरा भी बना रहता है। इसके अलावा सड़कों पर घूमते कुत्तों के झुंड वाहन दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकते हैं। उन्होंने विशेष रूप से स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर चिंता जताते हुए कहा कि कई बार बच्चों के लिए इन कुत्तों से बचना मुश्किल हो जाता है। डॉ. वर्मा ने इस संबंध में स्थानीय प्रशासन को पत्र लिखकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने संबंधित विभागों के समन्वय से प्रभावी अभियान चलाकर समस्या का स्थायी समाधान करने की आवश्यकता पर जोर दिया है, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

उधर, तहसीलदार जुन्गा कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि मामले को पशुपालन विभाग व स्थानीय पंचायत के समक्ष उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों के सहयोग से समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## आईजीएमसी में दो दिन बंद रहेगी ब्लॉक-डी की लिफ्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** अगर आप 11 या 12 जुलाई को इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसी) शिमला जाने की योजना बना रहे हैं, तो यह जानकारी आपके काम की है। अस्पताल के ब्लॉक-डी में लगी ओटीआईएस लिफ्ट इन दो दिनों तक बंद रहेगी। इसकी वजह लिफ्ट की मुख्य सस्पेंशन रोप्स (मेन सस्पेंशन रोप्स) को सुरक्षा के लिहाज से बदला जाना है। यह काम लोक निर्माण विभाग (विद्युत) की ओर से किया जाएगा। आईजीएमसी प्रशासन के अनुसार रखरखाव कार्य के दौरान ब्लॉक-डी की लिफ्ट का संचालन पूरी तरह बंद रहेगा। मरीजों, उनके तीमारदारों, अस्पताल कर्मचारियों और अन्य लोगों की सुविधा के लिए ब्लॉक-ई में लगी लिफ्ट का इस्तेमाल किया जा सकेगा। अस्पताल प्रशासन ने लोगों से इसी वैकल्पिक व्यवस्था का उपयोग करने की अपील की है। अस्पताल का कहना है कि लिफ्ट के मुख्य सस्पेंशन रोप्स बदले जाना नियमित सुरक्षा प्रक्रिया का हिस्सा है। इस काम का उद्देश्य लिफ्ट का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करना है। प्रशासन ने इस दौरान होने वाली असुविधा के लिए खेद जताते हुए सभी से सहयोग की अपील की है।

# सचिवालय के 5 कर्मचारी संगठनों ने बनाया संयुक्त महासंघ

## राजिंदर सिंह मियां बने अध्यक्ष, कर्मचारियों की एकजुटता को मिली नई दिशा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सचिवालय के पांच प्रमुख कर्मचारी संगठनों ने कर्मचारियों के साझा हितों और लंबित मांगों को अधिक प्रभावी ढंग से सरकार के समक्ष रखने के उद्देश्य से संयुक्त रूप से 'हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवाएं महासंघ' का गठन किया है। सचिवालय में आयोजित संयुक्त बैठक में सर्वसम्मति से महासंघ का गठन किया गया। कर्मचारियों का मानना है कि एकजुट मंच बनने से उनकी आवाज पहले की तुलना में अधिक मजबूती से सरकार तक पहुंचेगी।

जानकारी के अनुसार नवगठित महासंघ में हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवाएं राजपत्रित अधिकारी संघ, सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संघ, सचिवालय पीए/पीएस एसोसिएशन, सचिवालय चालक संघ तथा सचिवालय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ को शामिल किया गया है। सर्वसम्मति से राजिंदर सिंह (मियां) को महासंघ का अध्यक्ष तथा विजेंद्र सिंह को महासचिव चुना गया। इसके साथ ही विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों को संरक्षक मंडल, महासचिव मंडल और मार्गदर्शक मंडल में जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

महासंघ ने स्पष्ट किया है कि सभी सदस्य संगठन अपनी स्वतंत्र पहचान और संगठनात्मक अस्तित्व बनाए रखेंगे। महासंघ केवल सचिवालय कर्मचारियों के साझा हितों, सेवा संबंधी समस्याओं और लंबित मांगों को एकजुट होकर सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाने के लिए कार्य करेगा। इससे विभिन्न कर्मचारी संगठनों के बीच बेहतर समन्वय भी स्थापित होगा।

### सचिवालय कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर जल्द मुख्यमंत्री से होगी मुलाकात



**बैठक** में यह भी निर्णय लिया गया कि सचिवालय कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा जाएगा। महासंघ के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि संयुक्त मंच बनने से कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की दिशा में सरकार के साथ सकारात्मक और सार्थक संवाद स्थापित होगा तथा विभिन्न लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी।

# उपराष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को वर्चुअल माध्यम से किया संबोधित

अनंत ज्ञान

**शिमला।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने आज हिमाचल प्रदेश के शिमला स्थित राष्ट्रपति निवास के भारतीय उन्नत अध्ययन संस्थान (आईआईएएस) द्वारा आयोजित वंदे मातरम पर एक स्थायी प्रदर्शनी और सरदार पटेल के अखंडता, एकीकरण और संघीयवाद के दृष्टिकोण पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र दो ऐतिहासिक उपलब्धियों का स्मरण कर रहा है- राष्ट्रगान वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती।

उन्होंने कहा कि ऐसे अवसर न केवल इतिहास को याद करने का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि इसकी आत्मा से पुन: जुड़ने का भी अवसर देते हैं। उपराष्ट्रपति ने भारतीय उन्नत अध्ययन संस्थान को छह दशकों से उच्चतम स्तर की विद्वता को पोषित करने वाली संस्था बताते हुए, स्थायी प्रदर्शनी और अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन के लिए संस्थान की सराहना की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि नवाचार किसी राष्ट्र को समृद्ध बना सकते हैं, लेकिन विचार ही उसे सही मायने में महान बनाते हैं। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में वंदे मातरम की भूमिका को याद करते हुए उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रगान ने स्वतंत्र भारत के साझा सपने के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों, भाषाओं, धर्मों और सामाजिक पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट किया।

उन्होंने कहा कि अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के लिए वंदे मातरम साहस, बलिदान और आशा का स्रोत बन गया, जिसने मातृभूमि के प्रति प्रेम को एक पवित्र राष्ट्रीय कर्तव्य में बदल दिया। तमिलनाडु के उदाहरण देते हुए उपराष्ट्रपति ने वंदे मातरम की भावना से प्रेरित स्वतंत्रता सेनानियों- वी.ओ. चिदंबरम पिल्लई, तिरुप्पुर कुमारन, वंचिनाथन और महाकवि सुब्रमण्यम भारती के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देशभक्ति केवल संघर्ष के क्षणों तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे हर दिन ईमानदारी, उत्कृष्ट कार्य और एकता के माध्यम से व्यक्त किया जाना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह स्थायी प्रदर्शनी आने वाली पीढ़ियों, विशेषकर युवाओं को प्रेरित करेगी।

बदहाली

## किसान सभा ने प्रदेश सरकार को घेरा, मरम्मत न होने पर आंदोलन करने की दी चेतावनी

# भट्टाकुफर-चम्याणा सड़क की बदहाली पर मचा घमासान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के भट्टाकुफर से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल चम्याणा को जोड़ने वाली सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर विवाद गहरा गया है। भारी बारिश के बीच सड़क के कई हिस्सों में गड्ढे, कीचड़ और भूस्खलन से मरीजों, उनके परिजनों तथा अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हिमाचल किसान सभा के राज्याध्यक्ष डॉ. कुलदीप तंवर ने शुक्रवार को जारी बयान में लोक निर्माण विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान पहाड़ी की अवैज्ञानिक ढंग से लगभग 90 डिग्री कटिंग और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण लगातार भूस्खलन हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई पेड़ भी असुरक्षित होकर सड़क किनारे खड़े हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



भट्टाकुफर से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल चम्याणा मार्ग पर बारिश के बाद क्षतिग्रस्त हुई सड़क कीचड़ व भूस्खलन से जूझते वाहन। अनंत ज्ञान

डॉ. तंवर ने कहा कि इस सड़क के चौड़ीकरण को लेकर माननीय उच्च न्यायालय समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा करने के निर्देश दे चुका है, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाया। उन्होंने बताया कि सड़क चौड़ी करने के लिए लगभग 45 पेड़ काटे गए, फिर भी सड़क की स्थिति संतोषजनक नहीं बन सकी। उनका कहना है कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से प्रतिदिन हजारों मरीज सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल चम्याणा उपचार के लिए पहुंचते हैं और अस्पताल का पूरा स्वास्थ्य तंत्र भी इसी मार्ग पर निर्भर है। ऐसे में सड़क की खराब हालत मरीजों, तीमारदारों और कर्मचारियों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री से तत्काल हस्तक्षेप कर सड़क की मरम्मत, ढलानों की सुरक्षा और भूस्खलन रोकने के स्थायी उपाय करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो हिमाचल किसान सभा अस्पताल परिसर में धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होगी।

### 700 मीटर सड़क यातायात के लिए पूरी तरह सुचारू : पीडब्ल्यूडी

### सड़क किनारे गिरे पेड़ हटाने का दायित्व वन विभाग का

**उधर,** लोक निर्माण विभाग ने किसान सभा के आरोपों का खंडन किया है। विभाग के अधिशासी अभियंता नवीन कौंडल ने कहा कि भट्टाकुफर से चम्याणा अस्पताल तक लगभग 700 मीटर सड़क पूरी तरह यातायात योग्य है और इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सामान्य रूप से जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क किनारे गिरे पेड़ों को हटाने का दायित्व वन विभाग के अधिकार क्षेत्र में आता है और संबंधित कार्रवाई वन विभाग द्वारा की जानी है। विभाग का कहना है कि सड़क की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर आवश्यक मरम्मत कार्य भी किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### बारा कोठा-सुधेड़ सड़क 31 तक रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला दंडाधिकारी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बारा कोठा अंखन खोला-सुधेड़ सड़क को स्लैब कलवर्ट निर्माण कार्य के चलते 10 जुलाई से 31 जुलाई, 2026 तक यातायात के लिए अस्थायी रूप से बंद करने के आदेश जारी किए हैं। इस अवधि में वाहन चालक एनएच-503 धर्मशाला बाईपास रोड के वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने निर्माण एजेंसी को कार्यस्थल पर बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही एंबुलेंस, अग्निशमन और अन्य आपातकालीन सेवाओं की आवाजाही सुचारू रखने को कहा गया है। प्रशासन ने लोगों से सहयोग करते हुए वैकल्पिक मार्ग अपनाने की अपील की है।

### धर्मशाला में 13 से 18 तक बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के विद्युत उपमंडल-2 धर्मशाला ने विद्युत लाइनों के आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते 13 से 18 जुलाई, 2026 तक विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहने का शेड्यूल जारी किया है। सहायक अभियंता रमन भरमौरिया ने बताया कि निर्धारित दिनों में सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। 13 जुलाई को सकोह बाजार, 14 जुलाई को लोअर सकोह व पुलिस लाइन रोड, 15 जुलाई को रेडियो कॉलोनी, अपर सकोह व सुभाष नगर, 16 जुलाई को चेलियां व पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, 17 जुलाई को नई कॉलोनी चेलियां तथा 18 जुलाई को गुलेर मोहल्ला व बलेरिया मोहल्ला में बिजली बाधित रहेगी। मौसम खराब होने की स्थिति में कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### कुलदेवी क्लब ठारू ने 11 बेंच किए भेंट



**अनंत ज्ञान, नगरोटा।** ठारू स्थित कुलदेवी क्लब ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए नगरोटा अस्पताल को मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा के लिए 11 बेंच भेंट किए। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि अस्पताल में आने वाले लोगों को बैठने की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। अस्पताल प्रशासन ने क्लब के इस सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इससे मरीजों और उनके साथ आने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी। क्लब ने भविष्य में भी समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्य की प्रशंसा करते हुए क्लब का आभार व्यक्त किया।

### डरोह में प्रेमिका संग मिला आशिक दामाद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के डरोह इलाके में एक व्यक्ति को प्रेमिका के साथ पकड़े जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार ससुराल पक्ष की कुछ महिलाओं ने डरोह में किराए के कमरे में रह रहे व्यक्ति को एक महिला के साथ पकड़ा और मौके पर हंगामा हो गया। बताया जा रहा है कि व्यक्ति शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं, जबकि उसकी पत्नी मायके में रहती है। घटना के दौरान आसपास के लोग भी मौके पर एकत्रित हो गए। बस्केहड़ पंचायत के उपप्रधान सुरजीत जमवाल ने घटना की पुष्टि करते हुए लोगों से अपील की कि किराएदारों को कमरा देने से पहले उनकी पूरी जानकारी अवश्य लें।

### गढ़ जमूला स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न



**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमूला में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या मीनू सूद ने की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विकास नाग ने शिविर की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। शिविर में 57 स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान, समाज सुधार और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी विकास नाग और ऊषा गौतम के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अनुशासन, सेवा भावना और आत्मविश्वास का परिचय दिया। प्रधानाचार्या ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ और प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### वॉल पेंटिंग से दिया वन संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोडा में द हंस फाउंडेशन द्वारा वनाग्नि विषय पर जागरूकता वॉल पेंटिंग गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों को जंगलों में लगने वाली आग के कारणों, नुकसान और बचाव उपायों के प्रति जागरूक करना था। विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से वन संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के महत्व का संदेश दिया। उन्होंने वनाग्नि रोकने में सहयोग की अपील की। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव जमवाल ने कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं और समाज को सकारात्मक संदेश देती हैं।

### ओरिएंटेशन कार्यक्रम में विद्यार्थी किए प्रेरित



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** रैत स्थित द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बीकॉम, बीबीए व बीसीए के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम का दूसरा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत योग सत्र से हुई, जिसमें विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया गया। इसके बाद विभागाध्यक्ष राजेश राणा ने पाठ्यक्रम व परीक्षा प्रणाली की जानकारी दी, जबकि वितिका महाजन ने कॉलेज के नियमों से परिचित कराया। मुख्य वक्ता डॉ. मदन गुलेरिया ने व्यक्तित्व विकास, नैतिकता, अनुशासन व नेतृत्व जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया और विद्यार्थियों को कौशल व सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। अंत में कॉलेज प्रबंधन ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया।

### कांग्रेस शासन में बढ़ा अपराध का ग्राफ: राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा ने हिमाचल प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। धर्मशाला से जारी बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में आपराधिक गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई है और सरकार स्थिति पर नियंत्रण पाने में विफल रही है। उन्होंने बिलासपुर सहित अन्य क्षेत्रों में हुई गोलीबारी, मारपीट और हत्या जैसी घटनाओं का जिक्र करते हुए प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाए। राकेश शर्मा ने कहा कि पुलिस और प्रशासनिक स्तर पर उठ रहे सवाल चिंता का विषय हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाय जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश में कानून व्यवस्था के मुद्दे को मजबूती से उठाएगी और सरकार को जवाबदेह बनाएगी।

### टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग

**अनंत ज्ञान, कोटला।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल लोक सभा सांसद डॉ राजीव भारद्वाज से उनके कार्यालय नूरपुर स्थित जसूर में टेट के विषय को लेकर मिला। इसमें 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को अध्यापक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करने हेतु भारत सरकार से सांसद महोदय के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। इसमें आग्रह किया कि इस विषय पर लोक सभा में तारांकित या अतारांकित प्रश्न पूछें। टीईटी के समर्थन में शैक्षिक महासंघ को समर्थन पत्र उपलब्ध करवाने का आग्रह भी किया। सांसद डॉ राजीव भारद्वाज ने इस मुद्दे को भारत सरकार से उठाने का आश्वासन दिया। इस प्रतिनिधि मंडल में प्रान्त सह संगठन मंत्री डॉ जोगिन्द्र सिंह, प्रान्त मीडिया सह प्रमुख राजिन्द्र जमवाल, संगठनात्मक जिला उपाध्यक्ष संदीप पठानिया, सोम सिंह, जिला संगठनमंत्री शक्ति कुमार, राजेश शर्मा, बालकृष्ण शर्मा व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# द्रमण में बनेगी आधुनिक सब्जी एवं अनाज मंडी : केवल सिंह पठानिया

## कहा-20 कनाल भूमि पर होगा निर्माण, जल्द किया जाएगा शिलान्यास

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज एपीएमसी के चेयरमैन निशु मोंगरा तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत द्रमण में प्रस्तावित भव्य एवं आधुनिक सब्जी एवं अनाज मंडी के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि द्रमण में लगभग 20 कनाल भूमि पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त सब्जी एवं अनाज मंडी का निर्माण किया जाएगा तथा शीघ्र ही इसका शिलान्यास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडी निर्माण के लिए आवश्यक फॉरेस्ट क्लीयरेंस प्राप्त हो चुकी है और अब निर्माण कार्य प्रारंभ करने की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। पठानिया ने कहा कि द्रमण, कांगड़ा और चंबा जिलों का प्रमुख जंक्शन है। यहां एक बड़े कार्यालय की स्थापना की भी योजना तैयार की जा रही है, जिससे दोनों जिलों के लोगों को विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिल सकेगा।

उन्होंने कहा कि द्रमण में फोरलेन निर्माण से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए हरसंभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सब्जी मंडी से जुड़ी सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी की जाएं।

एपीएमसी के चेयरमैन निशु मोंगरा ने कहा कि केवल सिंह पठानिया के सतत प्रयासों से ही यह मंडी क्षेत्र को स्वीकृत हुई है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि द्रमण में हरियाणा की तर्ज पर आधुनिक एवं सुविधायुक्त सब्जी एवं अनाज मंडी का निर्माण कराया जाएगा।



लोगों की समस्याएं सुनते हुए केवल सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

### वेतन वृद्धि व नौकरी सुरक्षा की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश कॉलेज वोकेशनल महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को रैत स्थित कार्यालय में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया से भेंट कर वेतन वृद्धि व नौकरी सुरक्षा की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत वोकेशनल प्रशिक्षक, ऑफिस कोऑर्डिनेटर और लैब अटेंडेंट लंबे समय से कौशल विकास शिक्षा में योगदान दे रहे हैं, लेकिन उनकी मांगें लंबित हैं। केवल सिंह पठानिया ने मांगों पर सकारात्मक विचार कर संबंधित विभाग से चर्चा कर समाधान का प्रयास करने का आश्वासन दिया।

## शांता कुमार बोले- चोरी करने वालों पर हो रही कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी को लेकर कांग्रेस नेताओं के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में कुछ लोगों ने चोरी की, जो पकड़े गए हैं और कई लोग जेल में हैं। मामले की उच्च स्तर पर जांच चल रही है तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। शांता कुमार ने कहा कि उन्हें हैरानी है कि राम मंदिर में हुई चोरी को भाजपा द्वारा की गई चोरी कैसे और क्यों कहा जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि यह केवल राजनीति से प्रेरित बयानबाजी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मामले में निष्पक्ष जांच करवाई जा रही है और जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। शांता कुमार ने विपक्ष से अपील की कि वह जांच में सहयोग करे और यदि कोई कमी है तो उसे सुधारने के सुझाव दे। उन्होंने कहा कि अपराध किसी भी स्थान पर हो सकता है, लेकिन उसकी जिम्मेदारी सीधे किसी दल पर थोपना उचित नहीं है।

## बीकॉम द्वितीय वर्ष परिणाम में डीएवी कॉलेज कांगड़ा का शत-प्रतिशत प्रदर्शन

अनंत ज्ञान



**आशीष दामीर, कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीकॉम द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में एमसीएम डीएवी कॉलेज कांगड़ा के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा, अनुशासन एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जिसने संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को एक बार फिर प्रमाणित किया है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का वातावरण है।

परिणामों में महाविद्यालय की छात्रा शैलजा ने 86.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सानिया सयाल ने 85.37 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा शगुन ने 84.87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया। विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक प्रतिष्ठित किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि एमसीएम डीएवी कॉलेज कांगड़ा प्रदेश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में अग्रणी स्थान रखता है व यहां के विद्यार्थी निरंतर विवि परीक्षाओं में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त कर कॉलेज की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्यों, शोध गतिविधियों, खेलकूद एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट अवसर प्रदान कर रहा है। यही कारण है कि विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर सफलता अर्जित कर रहे हैं।

## आपदा में बच्चों के साथ स्टाफ को भी मिले अवकाश: संघ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारी बारिश, भूस्खलन और आपदा की स्थिति में शिक्षकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों को भी अवकाश देने की मांग को लेकर राजकीय टीजीटी कला संघ ने शिक्षा मंत्री और शिक्षा सचिव को ज्ञापन सौंपा था। संघ ने शिक्षामंत्री की ओर से इस दिशा में सकारात्मक पहल का स्वागत किया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष विजय बरवाल और महासचिव विजय हीर ने कहा कि 2 जुलाई 2025 की अधिसूचना में संशोधन किया जाना चाहिए, जिसके तहत स्कूल बंद होने के बावजूद स्टाफ की उपस्थिति अनिवार्य की गई थी। संघ ने मांग की है कि आपदा के समय शिक्षकों को वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन शिक्षण का विकल्प दिया जाए। संघ ने कहा कि जब बच्चों की सुरक्षा के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट में स्कूल बंद किए जाते हैं, तो वही खतरा शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए भी होता है। जिलाधीशों को स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार अवकाश घोषित करने का अधिकार दिया जाना चाहिए। संघ ने शिक्षकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की मांग की है।

## मरीजों को योजनाओं से वंचित करना जनता के साथ अन्याय: संजय सोनी

**अनंत ज्ञान, जितेन्द्र कौशल, बैजनाथ।** प्रदेश के एकमात्र राजीव गांधी राजकीय आयुर्वेदिक स्नातकोत्तर संस्थान एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पपरोला में आयुष्मान कार्ड और हिमकेयर योजना का लाभ मरीजों को न मिलने पर भाजपा किसान मोर्चा के कार्यसमिति सदस्य संजय सोनी ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। संजय सोनी ने कहा कि प्रदेश के प्रमुख आयुर्वेदिक संस्थान में इन जनकल्याणकारी योजनाओं का बंद होना प्रदेश की जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं पर रोक लगाकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को परेशानी में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री विपिन सिंह परमार के प्रयासों से हिमकेयर योजना शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाना था। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में आयुष्मान योजना का लाभ लोगों को मिल रहा है, लेकिन पपरोला आयुर्वेदिक अस्पताल में मरीज इससे वंचित हैं। संजय सोनी ने कहा कि दूर-दराज क्षेत्रों से इलाज करवाने आने वाले मरीजों को अब आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि अस्पताल में आयुष्मान और हिमकेयर योजनाओं को तुरंत बहाल किया जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके।

## जब बच्चे स्कूल नहीं पहुंचे तो शिक्षक पहुंच गए झुग्गियों में, सदबा स्कूल में लौटी रौनक

अनंत ज्ञान



**सालबिया शर्मा, गरली।** जहां एक ओर कम छात्र संख्या के कारण सरकारी स्कूलों के बंद या मर्ज होने की चर्चाएं चल रही हैं, वहीं शिक्षा खंड रक्कड़ के अंतर्गत क्लस्टर कलोहा स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला सदबा में एक शिक्षक ने अपनी संवेदनशील सोच और सामाजिक सरोकार से हालात बदलने की मिसाल पेश कर दी।

कुछ माह पहले तक मात्र छह विद्यार्थियों के सहारे चल रहा यह स्कूल अस्तित्व के संकट से जूझ रहा था। ऐसे समय में राजकीय प्राथमिक पाठशाला सलेटी से स्थानांतरित होकर आए मुख्याध्यापक मदन जीत ने स्कूल में बैठकर छात्रों का इंतजार करने के बजाय नक्की खड्ड के किनारे बनी झुग्गी-बस्तियों का रुख किया। वहां रहने वाले गरीब, प्रवासी और शिक्षा से दूर बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया।

मदन जीत का प्रयास केवल दाखिले तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने अपनी निजी जेब से इन बच्चों के लिए स्मार्ट स्कूल ड्रेस, कॉपियां, किताबें, पेन और अन्य शिक्षण सामग्री खरीदकर उपलब्ध करवाई, ताकि आर्थिक तंगी किसी बच्चे की पढ़ाई में बाधा न बने। इस मानवीय पहल का असर जल्द ही दिखाई देने लगा। विद्यालय का छात्र नामांकन 6 से बढ़कर 11 पहुंच गया और अब 30 सितंबर तक इसे और बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

केंद्र मुख्य शिक्षक विशन दास ने इसे पूरे क्लस्टर के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया, जबकि विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा सीता देवी ने कहा कि मुख्याध्यापक का समर्पण और सेवा भाव सरकारी शिक्षा व्यवस्था के लिए एक उदाहरण है। मदन जीत का कहना है कि 'हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचाना ही मेरा सबसे बड़ा उद्देश्य है। यदि जरूरत पड़ी तो मैं आगे भी अपने स्तर पर बच्चों की हरसंभव मदद करता रहूंगा।

## 450 एनसीसी कैडेट्स ने प्रताप वर्ल्ड स्कूल में पूरा किया संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर



प्रताप वर्ल्ड स्कूल में सीएटीसी कैंप का देशभक्ति और उत्साह के साथ समापन हुआ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** 2 पंजाब नेवल यूनिट एनसीसी, अमृतसर की ओर से प्रताप वर्ल्ड स्कूल (पीडब्ल्यूएस), पठानकोट में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी) का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। शिविर में पंजाब के विभिन्न जिलों से आए 450 से अधिक एनसीसी नेवल कैडेट्स ने भाग लिया और अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी) पठानकोट कमलजीत कौर मुख्य अतिथि रहीं। हिंदू कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन सतीश महिंद्रू और स्पोर्ट्स एसोसिएशन पठानकोट के सचिव सीएस लायलपुरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कैडेट्स ने लोक नृत्य, देशभक्ति गीत, समूहगान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। शिविर के दौरान कैडेट्स को ड्रिल, शस्त्र प्रशिक्षण, मानचित्र अध्ययन, सीमैनशिप, बोट पुलिंग, आपदा प्रबंधन, नेतृत्व विकास और शारीरिक प्रशिक्षण सहित विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। अतिथियों ने कैडेट्स के अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना की सराहना की।

प्रधानाचार्या सुभ्रा रानी और निदेशक सनी महाजन ने शिविर के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एनसीसी अधिकारियों व प्रशिक्षकों का आभार जताया। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ।

## प्रवासी हिमाचलियों के लिए राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी लागू करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर सुधार सभा (पंजी.) दिल्ली ने हिमाचल प्रदेश के सांसदों से अन्य राज्यों में रह रहे हिमाचली परिवारों के लिए राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी सुविधा तुरंत लागू करने की मांग की है। सभा के अध्यक्ष विजय डोगरा ने कांगड़ा चंबा से डॉ. राजीव भारद्वाज, मंडी से कंगना रनौत, हमीरपुर से अनुराग सिंह ठाकुर और शिमला से सुरेश कुमार कश्यप को पत्र लिखकर यह मुद्दा उठाया।

डोगरा ने कहा कि दिल्ली, चंडीगढ़ सहित देश के अन्य राज्यों में रह रहे हजारों हिमाचली परिवारों को हिमाचल का राशन कार्ड होने के बावजूद पीडीएस का लाभ नहीं मिल रहा। वे न तो हिमाचल से राशन ले पा रहे हैं और न ही जिस राज्य में रहते हैं वहां उनका कार्ड मान्य हो रहा है। सभा की प्रमुख मांगों में वन नेशन वन राशन कार्ड योजना का हिमाचल में 100% क्रियान्वयन, डेटा इंटीग्रेशन: हिमाचल का राशन डेटा सभी राज्यों के पीडीएस पोर्टल से जोड़ने, अन्य राज्यों की उचित मूल्य दुकानों को हिमाचली कार्ड पर राशन देने के आदेश देने, ई के वाई सी प्रवासी परिवारों के लिए सरल सत्यापन प्रक्रिया लागू करना शामिल है। डोगरा ने आशा जताई कि सांसदगण इस जनहित के मुद्दे को संसद व संबंधित मंत्रालयों में उठाकर शीघ्र समाधान कराएंगे।

### 428 ग्राम अफीम के साथ आरोपी दबोचा



**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस जिला नूरपुर की ठाकुरद्वारा पुलिस चौकी और थाना इंदौरा की टीम ने कार्रवाई करते हुए 428 ग्राम अफीम बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएसपी धर्म चंद वर्मा ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर गांव मण्ड घण्डरां स्थित वाटर सप्लाई परिसर में दबिश दी गई। तलाशी के दौरान आरोपी सुमित ठाकुर निवासी मलकाना की मोटरसाइकिल के फ्यूज बॉक्स से अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी से नशा तस्करी से जुड़े अन्य पहलुओं की पूछताछ की जा रही है।

### देहरी में मिला युवक का शव, जांच शुरू

**अनंत ज्ञान, कोटला।** पुलिस थाना ज्वाली के अंतर्गत पंचायत पनालथ के देहरी में खंडहर शेड में एक युवक का गलासड़ा शव मिला है जिसकी पहचान साहिल कुमार (24) पुत्र मलकीयत सिंह निवासी जरोट के रूप में हुई है। इसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 8 जुलाई को थाना में परिजनों ने करवाई थी और बताया था कि साहिल कुमार सात जुलाई से कहीं गायब हो गया है। डीएसपी ज्वाली वीरी सिंह भी मौका पर पहुंच गए हैं तथा इस मामले से जुड़े हर पहलू की जांच कर रहे हैं। इसकी सूचना जवाली पुलिस को दी गई तथा डीएसपी ज्वाली वीरी सिंह टीम के साथ मौका पर पहुंचे तथा छानबीन शुरू की। शव के पास एक मोबाइल भी मिला है जिसको पुलिस ने जांच के लिए कब्जे में ले लिया है। फारेंसिक टीम ने भी मौका पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, डीएसपी ज्वाली वीरी सिंह ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आगामी जांच जारी है।

### ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के बीबीए विभाग में नवप्रवेशित प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, विभागीय गतिविधियों, व्यक्तित्व विकास और भविष्य के कैरियर अवसरों से अवगत करवाना है। कार्यक्रम के प्रथम दिन मुख्य वक्ता राज्य पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद् डॉ. नरेश शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता के लिए अनुशासन, आत्मविश्वास, प्रभावी संवाद कौशल और समय प्रबंधन जरूरी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने और व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देने का आह्वान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

### भारत विकास परिषद बैजनाथ-पपरोला ने मनाया 64वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, जितेन्द्र कौशल, बैजनाथ।** भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ-पपरोला ने परिषद का 64वां स्थापना दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। शाखा अध्यक्ष अनुज कुमार आचार्य ने परिषद की स्थापना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्था स्वस्थ, समर्थ और सुसंस्कारित भारत के निर्माण के लिए सेवा व सामाजिक समर्पण की भावना से कार्य कर रही है। उन्होंने सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित पौधारोपण, बैजनाथ अस्पताल में मरीजों के तीमारदारों के लिए भोजन वितरण और आयुर्वेदिक महाविद्यालय अस्पताल पपरोला में रोगियों को फल वितरण जैसे कार्यों में सहयोग देने वाले सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने अस्पताल के प्रधानाचार्य डॉ. विजय सिंह चौधरी के सहयोग की सराहना की। इस अवसर पर परिषद के कई सदस्य उपस्थित रहे और ट्रस्ट चेयरमैन प्रवीण शर्मा के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

### सहकारी सचिवों को डिजिटल प्रबंधन और पारदर्शिता अपनाने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, प्रागपुर।** हिमाचल प्रदेश सहकारी प्रबंधन संस्थान, गरली में सहकारिता विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी संघ (हिमकोफेड) के अध्यक्ष विक्रम शर्मा 'डिक्की' ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर प्रदेशभर से पहुंचे करीब 60 सहकारी सचिवों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाएं प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं और सचिव सहकारिता आंदोलन की रीढ़ हैं। शिविर में सहकारी प्रबंधन के तकनीकी पहलुओं, डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन, समय पर ऑडिट और पारदर्शी कार्यप्रणाली पर चर्चा की गई। हिमकोफेड के राज्य सचिव गौरव जरियाल ने केंद्र सरकार की सहकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पार्षद सुशांत मोदगिल, कांग्रेस नेता वरुण पटियाल और कुशल शर्मा भी उपस्थित रहे।

### मजबूत सहकारी संस्थाएं ही किसान और गांवों की आर्थिक रीढ़ : विक्रम शर्मा



**अनंत ज्ञान, गरली।** हिमाचल प्रदेश में सहकारिता आंदोलन को नई दिशा देने के उद्देश्य से सहकारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शुक्रवार को सहकारी प्रबंधन केंद्र गरली में किया गया। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विकास संघ द्वारा आयोजित इस शिविर में प्रदेश की 20 से अधिक सहकारी सभाओं के प्रधान, सचिव, समिति सदस्य और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमकोफेड चेयरमैन विक्रम शर्मा 'डिक्की' ने कहा कि मजबूत सहकारी संस्थाएं किसान, बागवान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि बदलते समय में सहकारी समितियों को केवल ऋण वितरण तक सीमित न रहकर किसानों, महिलाओं और युवाओं की आर्थिक प्रगति का माध्यम बनना होगा। सहकारी प्रबंधन केंद्र गरली के प्रिंसिपल सुरेश कुमार ने प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए कहा कि पदाधिकारियों को नई नीतियों और तकनीकों के अनुरूप कार्य करने के लिए निरंतर प्रशिक्षण आवश्यक है। शिविर में डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन, वित्तीय अनुशासन, सदस्यता विस्तार और सरकारी योजनाओं पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चंगर क्षेत्र के छात्रों को राहत, नौरा और थुरल कॉलेज में शुरू होगी साइंस कक्षाएं

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** चंगर क्षेत्र की दर्जनों पंचायतों के छात्रों को अब साइंस विषय की पढ़ाई करने के लिए पालमपुर व अन्य शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। प्रदेश सरकार ने दोनों महाविद्यालयों नौरा और थुरल में साइंस विषय को पहले की तरह जारी रखने की अधिसूचना जारी कर दी है। इससे जहां दोनों स्थानों पर पढ़ रहे छात्रों ने राहत की सांस ली है वहीं क्षेत्र की जनता भी सरकार के इस निर्णय से काफी खुश है।

ज्ञात हो कि नौरा कालेज में बीते 10 वर्षों से साइंस विषय पढ़ाया जा रहा था, जबकि थुरल महाविद्यालय में भी लगभग सात वर्षों से साइंस पढ़ाई जा रही है। इस सत्र से सरकार ने यहां बीएससी प्रथम वर्ष के लिए छात्रों का प्रवेश रोक दिया था और साइंस विषय को बंद करने का मन बना लिया था।

लोगों की जबरदस्त मांग को लेकर कई तरह के संगठन, पंचायतों के प्रतिनिधि और छात्र संघों के प्रतिनिधि सुलह हल्के में सरकार के प्रतिनिधि संजय सिंह चौहान से बार बार मिल रहे थे। वह एक बात को लेकर आग्रह कर रहे थे कि दोनों महाविद्यालयों में साइंस विषय बंद न किया जाए और इसे पुन पहले की तरह पर जारी रखा जाए।

संजय चौहान ने बीते सप्ताह प्रदेश के मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत रूप से मिलकर इस मामले को उठाया और स्वयं इस कार्य को अंतिम रूप दिलाया। विभाग ने उनकी बात को मानते हुए दोनों विद्यालयों में साइंस विषयों को पुन: बहाल कर दिया है। अब इसी स्तर से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र साइंस विषय में दाखला ले सकेंगे और अन्य विद्यालयों से भी माइग्रेशन करवा कर इन विद्यालयों में पढ़ाई कर सकेंगे।

नौरा विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार और थुरल कॉलेज की प्राचार्या राका शर्मा ने विभाग की इस सूचना की पुष्टि की है। उन्होंने संजय सिंह चौहान का धन्यवाद करते हुए कहा कि सुलह क्षेत्र के नौनिहालों को अपने ही क्षेत्र में साइंस की पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। वहीं दोनों विद्यालयों के छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों, पीटीए की कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने भी सरकार के इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सर्व मंगल सभा धनेटा की मासिक बैठक आज

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सर्व मंगल सभा धनेटा की मासिक बैठक 11 जुलाई को प्रातः 11 बजे शिव त्रिमूर्ति मंदिर धनेटा में होगी। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष विजय कुमार शर्मा करेंगे। यह जानकारी देते हुए सभा के महासचिव देश राज शर्मा ने यहां जारी प्रेस ब्यान में बताया कि बैठक में सभा की गतिविधियों बारे विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभा के सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय व स्थान पर पहुंच कर बैठक में हिस्सा लें।

### बच्चों ने रॉकिंग शो से बिखेरा प्रतिभा का जादू




**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली में नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए रंगारंग रॉकिंग शो का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं मंच संचालन कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम अभिभावकों ने भी भाग लिया और बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। विद्यार्थियों की रंग-बिरंगी वेशभूषा, मनमोहक भाव-भंगिमाओं एवं ऊर्जावान प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। स्कूल के प्रिंसीपल अशोक कुमार गुलेरिया ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास एवं रचनात्मक प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### चिट्टे से बचाव के लिए किया जा रहा जागरूक

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति की हमीरपुर इकाई द्वारा नशे की समस्या विशेषकर चिट्टे के बढ़ते खतरे को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में समिति की ओर से तैयार वेब सीरीज 'द व्हाइट ट्रुथ' को जिला के विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों और अध्यापकों को दिखाया गया। समिति ने बच्चों से आग्रह किया कि वे बरसात की छुट्टियों के दौरान इस वेब सीरीज को स्वयं देखें और अपने परिवार व रिश्तेदारों को भी जागरूक करें। समिति के सचिव अजय शर्मा, उपाध्यक्ष रेखा गौतम और कार्यकारिणी सदस्य अंजना देवी ने बताया कि युवा स्वयंसेवियों ने जनसहयोग से यह वेब सीरीज तैयार की है। इसके सात एपिसोड हैं, जिनमें से चार जारी किए जा चुके हैं। वेब सीरीज सोशल मीडिया मंचों पर उपलब्ध है और इसे यूट्यूब चैनल 'ज्ञान विज्ञान स्ट्रीम' पर भी देखा जा सकता है।

### प्राचीन नौण की श्रमदान से बदली सूरत



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल की ग्राम पंचायत धमरोल के वार्ड नंबर-3 में स्थित प्राचीन नौण (बावड़ी) की ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान से साफ-सफाई की। जल स्रोत संरक्षण और गांव की सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान में ग्राम पंचायत धमरोल के उप प्रधान एवं हैप्पी क्लब धमरोल के प्रधान नरेश कुमार ज्योति, वार्ड नंबर-3 के पंच मदन गोपाल, वार्ड नंबर-4 की पंच मंगला देवी, क्लब सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों ने नौण में उगी झाड़ियों, गंदगी और जमा कचरे को हटाकर परिसर को स्वच्छ बनाया। उन्होंने कहा कि प्राचीन नौण गांव की ऐतिहासिक पहचान है, जिसका संरक्षण करना सभी की जिम्मेदारी है। ग्रामीणों ने लोगों से सार्वजनिक जल स्रोतों और सामुदायिक स्थलों की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

### पेयजल स्रोत व रास्ते की साफ-सफाई की

**अनंत ज्ञान, नादौन।** जय भीम युवा मंडल समिति बटराण द्वारा आज रविवार की पुरातन बावड़ी व उसके परिसर व रास्ते की साफ-सफाई की। इस साफ-सफाई अभियान में जय भीम युवा मंडल कार्यकारिणी के सदस्य एवं पंचायत के वार्ड मैम्बर सुरेश कुमार ,जय भीम युवा मंडल प्रधान आशीष कुमार, सचिव विशाल भाटिया, कोषाध्यक्ष अरुण, समिति सदस्य अक्षय और विपन सहित गांव के युवा शामिल हुए। उन्होंने बताया कि बरसात की वजह से बावड़ी जाने वाले रास्ते की हालत बहुत ही दयनीय हो चुकी थी और बावड़ी के आसपास काफी मलवा और झाड़ियां उग गई थी जिसे सभी सदस्यों ने मिलकर साफ किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने प्राकृतिक स्रोतों का विशेष ध्यान रखना चाहिए और समय समय पर अपने प्राकृतिक स्रोतों के आसपास साफ सफाई करते रहना चाहिए।

### विद्यार्थियों ने भ्रमण कर जानी आधुनिक सुविधाएं



**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम एवं नवनिर्मित भवन का भ्रमण आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा के दिशा-निर्देशन में हुआ, जिसमें बी.एससी. डेटा साइंस, बी.एससी. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बी.सी.ए., बी.ए. और बी.कॉम. के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को आधुनिक कक्षाओं, कंप्यूटर प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, स्मार्ट कक्षाओं, कॉन्फ्रेंस हॉल और अन्य शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी दी गई। प्राचार्य ने बताया कि धनेटा कॉलेज में पहली बार बी.एससी. डेटा साइंस और बी.एससी. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से इन पाठ्यक्रमों का लाभ उठाकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# मैकेनिकल-इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बड़े प्लेसमेंट

## सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज हमीरपुर की नई उड़ान, 7 करोड़ रुपए से बन रहा है नया ब्लॉक

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** प्रदेश के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में शामिल राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान, हमीरपुर आज भी इंजीनियरिंग डिप्लोमा शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों की पहली पसंद बना हुआ है। वर्ष 1963 में स्थापित इस संस्थान में वर्तमान में करीब 750 विद्यार्थी छह विभिन्न इंजीनियरिंग ट्रेडों में अध्ययन कर रहे हैं। संस्थान के प्रिंसिपल चंद्रशेखर ने 'अनंत ज्ञान' से विशेष बातचीत में संस्थान की उपलब्धियों, नई परियोजनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की।

प्रिंसिपल चंद्रशेखर ने बताया कि संस्थान के मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभागों के विद्यार्थियों को हर वर्ष बेहतर कैंपस प्लेसमेंट मिल रही है। कई छात्र चार से आठ लाख रुपये तक के वार्षिक पैकेज पर देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित हो रहे हैं। वहीं, बड़ी संख्या में विद्यार्थी डिग्री इंजीनियरिंग में प्रवेश लेकर उच्च शिक्षा की ओर भी अग्रसर हो रहे हैं।

उन्होंने बताया कि संस्थान के पूर्व छात्र भी इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं। वर्ष 2006 बैच के सिविल इंजीनियरिंग के एक पूर्व छात्र ने अपनी निर्माण कंपनी स्थापित की है और वे नियमित रूप से यहां से विद्यार्थियों की भर्ती करते हैं। इसी प्रकार बद्दी क्षेत्र में उद्योग स्थापित कर चुके मैकेनिकल इंजीनियरिंग के कई पूर्व छात्र भी कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। हर वर्ष संस्थान में लगभग 210 नए विद्यार्थियों का प्रवेश होता है। पिछले वर्ष शुरू किए गए कंप्यूटर इंजीनियरिंग कोर्स में 40 विद्यार्थियों का पहला बैच अब द्वितीय वर्ष में प्रवेश कर चुका है।

संस्थान के बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का उल्लेख करते हुए प्रिंसिपल ने कहा कि सुंदरनगर के बाद प्रदेश में सुविधाओं के लिहाज से यह प्रमुख संस्थानों में शामिल है। यहां छात्रावास, शिक्षकों के आवास, विशाल खेल मैदान, ऑडिटोरियम सहित शैक्षणिक गतिविधियों के लिए सभी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। यही कारण है कि प्रदेश के विभिन्न जिलों के विद्यार्थी यहां प्रवेश लेना पसंद करते हैं।

### संस्थान के कैंपस से गुजरने वाली सड़क सबसे बड़ी चुनौती

**संस्थान** के सामने कुछ पुरानी समस्याएं अब भी बनी हुई हैं। सबसे बड़ी चुनौती कैंपस के बीचों-बीच गुजरने वाली लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सड़क है। यह सड़क संस्थान को दो हिस्सों में बांटती है। एक ओर प्रशासनिक और शैक्षणिक भवन हैं, जबकि दूसरी ओर छात्रावास, खेल मैदान और ऑडिटोरियम स्थित हैं। लगातार वाहनों की आवाजाही से छात्रों की सुरक्षा और परिसर का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होता है। छात्रों और संस्थान प्रबंधन की लंबे समय से मांग है कि इस सड़क को वैकल्पिक मार्ग से स्थानांतरित किया जाए, ताकि परिसर को पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया जा सके।

### 7 करोड़ से मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्लॉक

**करीब** सात करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्लॉक का निर्माण लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसके अलावा नया कैंटीन भवन भी करीब 80 प्रतिशत तैयार हो गया है। दोनों भवन जल्द ही विद्यार्थियों और संस्थान को समर्पित कर दिए जाएंगे, जिससे शैक्षणिक और अन्य सुविधाओं में और सुधार होगा।

### सीपेज और सीलन की समस्या हो गई हल

**छात्रावासों** की स्थिति पर प्रिंसिपल ने बताया कि पुराने हॉस्टलों के साथ कुछ वर्ष पहले बने नए हॉस्टलों में सीपेज और सीलन की समस्या थी, जिसे अब तकनीकी सुधार के माध्यम से दूर कर दिया गया है। भविष्य में नए पाठ्यक्रमों और विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त छात्रावासों का निर्माण भी आवश्यक हो गया है, जिस पर विभाग स्तर पर विचार किया जा रहा है।

### बेहतर परिणाम व उत्कृष्ट प्लेसमेंट ही संस्थान की असली पहचान: प्रिंसिपल




**प्रिंसिपल** चंद्रशेखर ने कहा कि संस्थान को कोई आधिकारिक सरकारी रैंकिंग घोषित नहीं होती, लेकिन बेहतर परिणाम, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और उत्कृष्ट प्लेसमेंट ही इस संस्थान की पहचान है। उन्होंने विश्वास जताया कि फैकल्टी और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों से आने वाले वर्षों में यह संस्थान तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

## हिमाचल में लॉ एंड ऑर्डर नहीं ऑर्डर एंड लॉ की स्थिति: राणा



पूर्व विधायक राजेंद्र राणा प्रेसवार्ता करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुक्खू सरकार पर कानून व्यवस्था को लेकर तीखा हमला बोला है। हमीरपुर में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि पहले मुख्यमंत्री सड़कों, पानी और विकास कार्यों के लिए पहचाने जाते थे, लेकिन वर्तमान सरकार की पहचान केवल एफआईआर तक सीमित रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ चुकी है और सरकार अपराध रोकने के बजाय विरोधियों पर कार्रवाई करने में लगी है। राजेंद्र राणा ने कहा कि महिलाओं और आम लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने संजौली, सरकाघाट, ऊना, बिलासपुर और कुल्लू सहित विभिन्न घटनाओं का जिक्र करते हुए सरकार को घेरा। उन्होंने मुख्यमंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की।

उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था और झूठे मुकदमों के मुद्दे को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष उठाएगी। इस अवसर पर विक्रम सिंह वनियाल और होशियार सिंह भी मौजूद रहे।

### बाल विज्ञान सम्मेलन की तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में लंबे अंतराल के बाद बाल विज्ञान सम्मेलन के आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद के माध्यम से आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में सरकारी और निजी स्कूलों के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे।

सम्मेलन का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार, अनुसंधान और रचनात्मक क्षमता को बढ़ावा देना है। इसके तहत मैथ ओलंपियाड, साइंस क्विज, साइंस मॉडल मेकिंग, साइंस एक्टिविटी कॉर्नर और साइंटिफिक सर्वे रिपोर्ट जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिला हमीरपुर के इच्छुक विद्यार्थियों को जल्द शुरू होने वाले एचपी सीएससी ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा। प्रतियोगिताओं का आयोजन सितंबर से दिसंबर 2026 तक खंड, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने सम्मेलन के पुनः आयोजन के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार जताते हुए, विद्यार्थियों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

## 50 मीटर दौड़ में अनाइशा ने मारी बाजी

### भगवती स्कूल जलाड़ी में अंतर सदन प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया उत्साह

अनंत ज्ञान



भगवती स्कूल में अंतर सदन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में एक दिवसीय अंतर सदन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रिंसीपल आरती कटोच ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने बच्चों को खेल भावना से खेलने का व खेल अनिवार्य रूप से अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में जैसे नींबू चम्मच दौड़, मेंढक कूद व अरेंज डंबल आदि का आयोजन किया गया।

बाल वाटिका-1 50 मीटर दौड़ लड़कियों में प्रियांश ने प्रथम, शगुन ने द्वितीय व अर्निका, सानवी ने तृतीय और 50 मीटर दौड़ लड़कों में सिमन ने प्रथम, सूर्यांश ने द्वितीय व क्रियांश ने तृतीय, बाल वाटिका-2 50 मीटर दौड़ लड़कियों में अनाइशा ने प्रथम, सांची ने द्वितीय व रिहाना ने तृतीय और 50 मीटर दौड़ लड़कों में मानविक ने प्रथम, ईशान ने द्वितीय व शिवांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाटिका-3 50 मीटर दौड़ लड़कियों में काशवी ने प्रथम, मायरा ने द्वितीय व सानवी ने तृतीय, 50 मीटर दौड़ लड़कों में रेयान ने प्रथम, रियांश शर्मा ने द्वितीय व रियांश कौंडल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पहली मेंढक कूद लड़कियों में यशिका ने प्रथम,वेदिका ने द्वितीय व सोनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और लड़कों में नमिश ठाकुर ने प्रथम, जतिन ने द्वितीय व युवांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दूसरी अरेंज डंबल लड़कियों में आशवी ने प्रथम, सानविका ने द्वितीय व अमायरा ने तृतीय और अरेंज डंबल लड़कों में आदित्य ने प्रथम, तनुज ने द्वितीय व आयांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीसरी नींबू चम्मच दौड़ लड़कियों में सुभाष सदन से राबिया ने प्रथम, तनवी ने द्वितीय व काव्या ने तृतीय और लड़कों में टैगोर सदन से सूर्यांश प्रथम, रमन सदन से शिवांश ने द्वितीय व अंबेडकर सदन से आरव ने तृतीय कक्षा चैथी से लड़कियों में टैगोर सदन से परमीत गर्ग प्रथम, टैगोर सदन से वाव्या और सुभाष सदन से काव्या ने द्वितीय व अंबेडकर सदन से इशानी ने तृतीय और लड़कों में रमन सदन से अर्श ने प्रथम, सुभाष सदन से शौर्यन ने द्वितीय व रमन सदन से रेयांश ठाकुर व टैगोर सदन से रेयांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवी लड़कियों में अंबेडकर सदन से रिधिमा शर्मा ने प्रथम, टैगोर सदन से तनवी ने द्वितीय व रमन सदन से निधि ने तृतीय और लड़कों में सुभाष सदन से शिवांश ने प्रथम, अंबेडकर सदन से युवराज ठाकुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## जंदरु स्कूल को मिली नई सौगात, विधायक रणजीत ने अतिरिक्त भवन किया लोकार्पित

अनंत ज्ञान



विधायक रणजीत सिंह अतिरिक्त भवन को लोकार्पित करते हुए।

**सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जंदरु में नव-निर्मित अतिरिक्त भवन का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ लोकार्पण कर इसे विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार को समर्पित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। विद्यालय प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उन्हें शॉल और हिमाचली टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव या विद्यालय विकास से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत, गांव और शैक्षणिक संस्थान का समान एवं संतुलित विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष विद्यालय के दौरे के दौरान अतिरिक्त भवन की आवश्यकता महसूस होने पर तत्काल बजट स्वीकृत किया गया था। उसी वर्ष भवन का शिलान्यास किया गया और आज निर्धारित समय में निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसका लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि जनता से किया गया प्रत्येक वादा उनके लिए संकल्प है और उसे समयबद्ध ढंग से पूरा करना उनकी कार्यशैली का हिस्सा है।

विधायक ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति है और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त विद्यालय विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव तैयार करते हैं और सरकार शिक्षा के बुनियादी ढांचे को और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत जंदरु में कई विकास कार्य प्रगति पर हैं। सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल जैसे क्षेत्रों में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत पोहंज में खेल मैदान विकसित करने की घोषणा करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को खेल प्रतिभा निखारने के बेहतर अवसर मिलेंगे। इस मौके पर विद्यालय प्रशासन, विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अभिभावक, छात्र-छात्राएं व कई उपस्थित रहे।

### नवोदय में प्रवेश के लिए 31 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए छठी कक्षा में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 28 नवंबर, 2026 को सुबह 11:30 बजे विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम कुमार ने बताया कि पात्र विद्यार्थी 31 जुलाई, 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान हमीरपुर जिले के किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय में पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थी इस प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। प्रधानाचार्य ने अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने बच्चों के आवेदन सुनिश्चित करें। प्रवेश परीक्षा और आवेदन प्रक्रिया से संबंधित अधिक जानकारी के लिए 8219482550 और 9478179594 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

### हिम अकादमी दुगनेहड़ा में कोचिंग महोत्सव संपन्न, बच्चों में विकसित हुई तार्किक क्षमता



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल दुगनेहड़ा में 1 जुलाई से 10 जुलाई तक आयोजित 10 दिवसीय 'कोचिंग महोत्सव-2026' का सफल समापन हुआ। इस शैक्षणिक अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में क्षमता-आधारित अधिगम, आलोचनात्मक चिंतन, तार्किक क्षमता और समस्या समाधान कौशल का विकास करना रहा। महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और सामान्य ज्ञान से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों, प्रश्नोत्तरी, कार्यपत्रकों और रचनात्मक अभ्यासों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों से विद्यार्थियों की विषयगत समझ मजबूत हुई और उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता व विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण का विकास हुआ। समापन समारोह में प्रधानाचार्य विनीता गुप्ता ने विद्यार्थियों और अध्यापकों का बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं और उनमें निरंतर सीखने की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि कोचिंग महोत्सव विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण और नवाचारपूर्ण शिक्षा व्यवस्था का उदाहरण है।

### 33 महिलाओं को मिली फास्ट फूड की ट्रेनिंग



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महत्वसिंह स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर द्वारा निकटवर्ती गांव भाटी में आयोजित 12 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस शिविर में 33 महिलाओं ने फास्ट फूड और अन्य व्यंजन बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर के समापन अवसर पर आरसेटी के परिसर में आयोजित समारोह में पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल कार्यालय हमीरपुर के उप-प्रमुख पोविंदर ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने कहा कि आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाएं अपना उद्यम या कारोबार चला सकती हैं। उद्यम या कारोबार आरंभ करने के लिए बैंकों की विभिन्न ऋण एवं सब्सिडी योजनाएं काफी मददगार साबित हो सकती हैं। महिलाओं को इसका लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कटना ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों, ट्रेनरों और सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा संस्थान की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर शिविर के मूल्यांकनकर्ता रणजीत कलोत्रा, पूनम परमार, फैकल्टी मेंबर संजय हरनोट और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### निर्मल वर्मा को मिली प्रधान की कमान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी इंटरनेशनल स्कूल भोटा में अभिभावक शिक्षक संघ और छात्र संघ की संयुक्त बैठक का आयोजन प्राचार्य संतोष कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में अभिभावक शिक्षक संघ तथा छात्र संघ का गठन किया गया। विशेष अतिथि के रूप में राज राजेश्वरी शिक्षा सोसायटी के चेयरमैन मनजीत सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि अभिभावक का पहला गुरु उसकी मां होती है। उन्होंने सभी अभिभावकों व छात्रों का स्कूल में पधारने के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान निर्मल वर्मा, उप प्रधान मंजू तथा कमेटी में सदस्य के रूप में प्रियंका, रजनी, उषा देवी, तमन्ना, निरुपमा और मनु चौधरी का चयन हुआ।

## शिक्षकों ने नई शिक्षण तकनीकों और नवाचार गतिविधियों पर किया मंथन



डीएवी आलमपुर में अध्यापकों की कार्यशाला संपन्न। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** डीएवी स्कूल आलमपुर, जिला कांगड़ा में क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र द्वारा आयोजित अध्यापकों की तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन 10 जुलाई को हुआ। यह कार्यशाला 8 से 10 जुलाई तक आयोजित की गई, जिसमें हिमाचल प्रदेश जोन-बी के विभिन्न डीएवी विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया।

कार्यशाला के अंतिम दिन वैदिक परंपरा के अनुसार हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षक एवं प्रेरक वक्ता शुकांत पॉल चौहान ने 'स्ट्रेस मैनेजमेंट' विषय पर प्रस्तुति देते हुए शिक्षकों को योगाभ्यास करवाए। कार्यक्रम में सोशल मीडिया समन्वयक हिमाचल प्रदेश संजीव कुमार भी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में शिक्षकों ने लैंगिक संवेदनशीलता, एनसीएफ-एसई, नवाचार गतिविधियों, पठन-पाठन कौशल और खेल विधि से शिक्षण को रोचक बनाने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने अतिथियों का सम्मान करते हुए शिक्षकों को समयानुकूल बदलाव अपनाने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

बैठक **बड़सर में विकास कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश**

## जनहित के कार्यों को दें प्राथमिकता: ढटवालिया

अनंत ज्ञान



कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया की अध्यक्षता में मंगलवार को मिनी सचिवालय बड़सर में विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लेते हुए अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

बैठक के दौरान क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, जनहित योजनाओं तथा आम जनता से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। सुभाष ढटवालिया ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा जनता से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने पर बल दिया।

समीक्षा बैठक में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया। ढटवालिया ने अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए ताकि लोगों को समय पर सुविधाओं का लाभ मिल सके।

बरसात के मौसम को देखते हुए संभावित प्राकृतिक आपदाओं एवं उनसे होने वाले नुकसान की आशंकाओं पर भी विशेष चर्चा की गई। उन्होंने संबंधित विभागों को पूर्ण सतर्कता बरतने, आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी तैयारियां समय रहते सुनिश्चित करने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

सुभाष ढटवालिया ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति देने के लिए सभी विभाग पूरी जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

बैठक में एसडीएम बड़सर स्वाति डोगरा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय शर्मा, कांग्रेस नेता पवन कालिया कमल पठानिया राजेश वन्याल हिमुडा डायरेक्टर बीडीसी पवन शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम श्री मॉडल स्कूल मंडी ने 'क्लीन मंडी ग्रीन मंडी' में हासिल किया प्रथम स्थान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। गत दिनों नगर निगम मंडी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय 'क्लीन मंडी, ग्रीन मंडी' अभियान में पीएम श्री मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंडी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा जन-जागरूकता से संबंधित गतिविधियों में पूरे उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया। उनके सराहनीय प्रयासों और रचनात्मक प्रस्तुति को निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य अनिल कटोच ने इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं सहयोगी कर्मचारियों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके सामूहिक प्रयासों की सराहना की। विद्यालय प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी विद्यालय इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करता रहेगा।

### बेटियों के लिए जागरूक होना जरूरी : बालम राम

अनंत ज्ञान, जोगिंद्र नगर। महिला एवं बाल विकास विभाग की बाल विकास परियोजना चौंतड़ा द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डोहग में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीपीओ चौंतड़ा बालम राम वर्मा ने की, जबकि प्रधानाचार्य दुर्गा सिंह मुख्य अतिथि रहे। आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक संतोष कुमारी ने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं मासिक धर्म के दौरान अपनाई जाने वाली साफ-सफाई के बारे में जानकारी दी तथा वीडियो के माध्यम से स्वच्छता के सही तरीके बताए। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने कन्या भ्रूण हत्या और भ्रूण में लिंग जांच को गंभीर अपराध बताते हुए इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। सीडीपीओ बालम राम वर्मा ने छात्राओं को मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना, मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इनका लाभ उठाने और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

### डीएवी सीपीएस मंडी ने मनाया वन महोत्सव



अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। देशव्यापी वन महोत्सव 2026 और 'एक पेड़ माता-पिता के नाम' अभियान के अंतर्गत डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल मंडी द्वारा हेलीपैड ग्राउंड से आगे शिव धाम के समीप वन विभाग की जमीन में एक भव्य पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस पर्यावरण हितैषी पहल का विधिवत उद्घाटन स्कूल के सम्मानित प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने छात्र परिषद (स्टूडेंट काउंसिल 2026-27) के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में किया। अभियान के दौरान छात्र प्रतिनिधियों ने अत्यंत उत्साह के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। यह पूरा कार्यक्रम वन विभाग के बहुमूल्य सहयोग और मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसने इस अभियान को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने न केवल पौधे लगाए, बल्कि उन्हें जीवित रखने और उनकी उचित देखभाल करने का संकल्प भी लिया, जो पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी और पारिस्थितिक जागरूकता को दर्शाता है। इस अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने जलवायु परिवर्तन से निपटने और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकृति को सुरक्षित रखने में पौधारोपण के महत्व पर विशेष बल दिया।

### धनोटू स्कूल में पूजा देवी बनी एसएमसी प्रधान

अनंत ज्ञान, महादेव। नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत महादेव के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक स्कूल की स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान पूजा देवी चुनी गई, जबकि सचिव के पद पर इस स्कूल की अध्यापिका योगेंद्रा का चुना गया है। सरकारी क्षेत्र के इस स्कूल अध्यापिका की उपस्थिति में जहां स्कूल प्रबंधन समिति के सेवा कार्यों सहित स्कूल संबंधी विकास को लेकर चर्चा परिचर्चा की गई। वहीं, अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से यह भी मांग उठाते हुए कहा है कि इस स्कूल में हेडमास्टर का पद एक वर्ष से खाली पड़ा है यानी स्कूल मात्र एक अध्यापिका के सहारे चल रहा है। ऐसे में हेडमास्टर का खाली पड़ा पद शीघ्र भरा जाए।

### अनिता आजाद रखोह स्कूल की नई प्रिंसिपल



अनंत ज्ञान, सरकाघाट। 14 महिनों तक सरकाघाट स्कूल में बतौर प्रिंसिपल कार्य करने के बाद आज अनिता आजाद ने वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रखोह में बतौर प्रिंसिपल कार्यभार ग्रहण किया। तेजतर्रार व निर्भीक छवि की धनी अनिता आजाद पढ़ाई व अनुशासन के लिए जानी जाती हैं। सरकाघाट स्कूल में भी अपने छोटे से कार्यकाल में इन्होंने स्कूल व बच्चों की भलाई में अनेक कार्य किये, जिसमें प्रमुख तौर पर सरकाघाट स्कूल की चारदीवारी व सीबीआई बोर्ड से सबन्द्धता प्रमुख कार्य रहे हैं। नई प्रिंसिपल ने रखोह स्कूल की भलाई के लिए स्थानीय जनता, अभिभावकों, स्टाफ व सरकार के सहयोग से यथासंभव प्रयत्न किये जाएंगे।

### संधोल में 13वें दिन भी जारी रहा आंदोलन

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। संधोल अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर चल रहा जनआंदोलन शुक्रवार को 13वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन के 13वें दिन टोरखोला पंचायत के पूर्व में दो बार रहे प्रधान और एक बार रहे उपप्रधान रणजीत सिंह, मौजूदा उपप्रधान टोरखोला दिनेश गुलेरिया तथा सेवानिवृत्त चिकित्सक डॉ. ब्रह्मानंद गुलेरिया क्रमिक अनशन पर बैठे। तीनों ने आंदोलन को जनहित की लड़ाई बताते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलना उनका अधिकार है, उन्होंने कहा कि यह लड़ाई कोई संधोल के पांच सात पंचायतों की नहीं बल्कि टिहरा, कमलाह, मढ़ी, सकलाना, स्योह से सन्धोल की तरफ जुड़ी सभी पंचायतों के लोगों की है जो केवल स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए एक हो रहे हैं उन्होंने सभी लोगों को युवाशक्ति से जुड़ने का आह्वान किया और सरकार से सभी मांगे पूरी करने की गुहार लगाई। धरना स्थल पर सैकड़ों लोगों ने आंदोलनकारियों के समर्थन में उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर भवेहड़ पंचायत के पूर्व बीडीसी सदस्य सुदेश कुमार ने प्रदेश सरकार, स्थानीय विधायक और सांसद से आंदोलनकारियों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान निकालने का आग्रह किया।

# लक्ष्य तय कर कठिन परिश्रम से ही मिलती है सफलता : उपायुक्त

## अपूर्व देवगन ने बगला स्कूल की जमा एक व जमा दो की छात्राओं से किया संवाद



बगला स्कूल की जमा एक व जमा दो की छात्राओं के साथ मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन, आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम के बल पर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। वह 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगला की जमा एक और जमा दो की छात्राओं के एक्सपोजर विजिट के दौरान उनसे संवाद कर रहे थे। उन्होंने छात्राओं को समय का सदुपयोग करने, नियमित अध्ययन करने और असफलताओं से सीख लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उपायुक्त ने छात्राओं से उनकी पढ़ाई, भविष्य की योजनाओं और करियर विकल्पों पर भी चर्चा की तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इसके बाद छात्राओं ने भारतीय स्टेट बैंक की गांधी चौक शाखा का भ्रमण किया, जहां बैंक अधिकारियों ने वित्तीय साक्षरता, बचत, डिजिटल बैंकिंग, सुरक्षित ऑनलाइन लेन-देन तथा साइबर धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी दी। इसके उपरांत छात्राओं ने महिला पुलिस थाना भ्यूली का दौरा किया।

यहां पुलिस अधिकारियों ने महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकारों, साइबर सुरक्षा, आत्मरक्षा और हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्राओं ने भ्रमण को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इससे उन्हें व्यवहारिक अनुभव प्राप्त हुआ, जो भविष्य में उपयोगी रहेगा। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) अजय बद्रेल, बाल विकास परियोजना अधिकारी जितेंद्र कुमार सैनी तथा विद्यालय के अध्यापक भी उपस्थित रहे।

# लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए कुलदीप सम्मानित



अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। प्रदेश के सबसे बड़े एवं सक्रिय रोटरी क्लब सुंदरनगर द्वारा आशियाना होटल के सभागार में आयोजित 20वें वार्षिक पदस्थापना एवं सम्मान समारोह में लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदेश के वरिष्ठ संस्कृति कर्मी कुलदीप गुलेरिया को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें वर्ष 2025-26 के दौरान सामाजिक सरोकारों तथा मंडयाली लोक संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं जन-जागरण के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट एवं बहुमूल्य योगदान के लिए प्रदान किया गया।

समारोह में मुख्यातिथि एवं इंस्टॉलेशन अधिकारी के रूप में हिमाचल प्रदेश, पंजाब एवं जम्मू-कश्मीर के डीजीई (2027-28) विजय सहदेव तथा उनके साथ आए डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी एडमिन सुरेंद्र सिंह मुल्तानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर रोटरी क्लब सुंदरनगर की प्रधान डॉ. सरला गौतम, सचिव विमल शर्मा, सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक (तकनीकी शिक्षा) आर.के. शर्मा तथा प्रो. महेंद्र चौधरी ने कुलदीप गुलेरिया को सम्मानित किया। कुलदीप गुलेरिया प्रदेश के सुप्रसिद्ध संस्कृति कर्मी, माण्डव्य कला मंच के संस्थापक अध्यक्ष, रंगकर्मी, कुशल मंच संचालक तथा बहुआयामी प्रतिभा के धनी कलाकार हैं। पिछले 39 वर्षों से वे हिमाचल की समृद्ध लोक संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और नई पीढ़ी तक इसके हस्तांतरण के लिए सतत कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के समापन पर वर्ष 2026-27 के लिए पदभार ग्रहण करने वाले रोटरी क्लब सुंदरनगर के प्रधान राकेश सेन एवं सचिव नरेश धीमान ने सभी अतिथियों, सम्मानित व्यक्तियों तथा उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

# चसवाल के मयंक को लंदन बिजनेस स्कूल में मिला प्रवेश

अनंत ज्ञान



सरकाघाट। धर्मपुर उपमंडल के चसवाल गांव के युवा मयंक पराशर ने विश्व के प्रतिष्ठित लंदन बिजनेस स्कूल में प्रवेश प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विशेष उपलब्धि यह है कि उन्हें अध्ययन के लिए संस्थान की ओर से स्कॉलरशिप (छात्रवृत्ति) भी प्रदान की गई है, जो उनकी प्रतिभा और उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों का प्रमाण है। फाइनेंशियल टाइम्स की वर्ष 2026 की वैश्विक एमबीए रैंकिंग में लंदन बिजनेस स्कूल को दुनिया के शीर्ष बिजनेस संस्थानों में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है।

ऐसे प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश और छात्रवृत्ति हासिल करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। मयंक ने अपनी प्रारंभिक एवं स्कूली शिक्षा सैनिक स्कूल, सुजानपुर टीहरा से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने उच्च शिक्षा पूरी कर मास्टर्स की डिग्री हासिल की। वर्तमान में वह वैश्विक बैंकिंग समूह सिटी में कार्यरत हैं, जहां अपने पेशेवर कौशल और उत्कृष्ट प्रदर्शन से उन्होंने विशेष पहचान बनाई है। अब वह बैंकिंग क्षेत्र से आगे बढ़ते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मैनेजमेंट कंसल्टिंग के क्षेत्र में करियर की नई शुरुआत करने जा रहे हैं। परिजनों के अनुसार मयंक बचपन से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित रहे हैं। उन्होंने हर चरण में अनुशासन, निरंतर मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को अपनी सफलता का आधार बनाया। परिवार ने उनकी इस उपलब्धि का श्रेय उनके परिश्रम, संयम तथा गुरुजनों के सहयोग को दिया है। मयंक की इस सफलता से परिवार, गांव और पूरे धर्मपुर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता के लिए रोहित का चयन

अनंत ज्ञान, मनोज सोनी, नेरचौक। गांव अबूसी, तहसील निहरी जिला मंडी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी रोहित का चयन 6 से 11 जुलाई तक हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिला मंडी से इस प्रतियोगिता के लिए चयनित होने वाले वह एकमात्र खिलाड़ी हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश के अन्य जिलों से भी खिलाड़ियों का चयन किया गया है। रोहित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोड़ा कोठी के छात्र रहे हैं और विद्यालय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। उनकी प्रतिभा को सबसे पहले राजकीय माध्यमिक पाठशाला नौलखा में कार्यरत शिक्षक कमलेश कुमार ने पहचाना और उन्हें निरंतर प्रोत्साहित किया। रोहित की मेहनत और लगन के बल पर उन्हें यह उपलब्धि मिली है। सरकारी विद्यालय से निकलकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने पर गांव और विद्यालय में खुशी का माहौल है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोड़ा कोठी के प्रधानाचार्य योगेश शर्मा, शिक्षक सुधीर, विजय, कमलेश कुमार, नवदीप तथा प्रवक्ता (इतिहास) राजेश भारती ने रोहित को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# हल्की बारिश से ही पंडोह-सराची सड़क बंद, अब रोप-वे ही सहारा

## बाखली और कुकलाह में सड़क बहने से 15 पंचायतों का संपर्क टूटा



अनंत ज्ञान

बालक राम, पंडोह। पहली ही हल्की बारिश ने लोक निर्माण विभाग की तैयारियों की पोल खोल दी है। पंडोह क्षेत्र को सराज विधानसभा से जोड़ने वाला प्रमुख पंडोह-सराची सड़क मार्ग बाखली और कुकलाह के पास फिर से बंद हो गया है। वर्ष 2023 की आपदा में यहां सड़क और पुल बह जाने के बाद स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग के सहयोग से बाखली पुल के नीचे खड्ड से होकर तथा बाखली से कुकलाह पुल तक अस्थायी सड़क तैयार की थी, जिससे दोनों ओर के लोगों की आवाजाही सुचारु बनी हुई थी, लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण कुकलाह खड्ड में जलस्तर बढ़ने से यह अस्थायी मार्ग भी बह गया। अब न तो बाखली पुल के नीचे से और न ही कुकलाह पुल के पास से वाहनों की आवाजाही संभव है। इससे सराज विधानसभा क्षेत्र की करीब 15 पंचायतों का जिला मुख्यालय मंडी और पंडोह से संपर्क प्रभावित हो गया है। लोगों को अब पैदल चलकर बाखली रोप-वे तक पहुंचना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता हेत राम वर्मा ने बताया कि बारिश के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। उन्होंने लोगों से बारिश थमने तक किसी भी प्रकार का जोखिम न उठाने की अपील की है।

### लोगों को रोप-वे किराए में बड़ी राहत

सड़क बंद होने के बाद बाखली-बगलामुखी रोप-वे ही लोगों की आवाजाही का एकमात्र साधन रह गया है। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए रोप-वे प्रबंधन ने हर वर्ष की तरह इस बार भी किराए में बड़ी राहत दी है। अब 350 रुपए के स्थान पर मात्र 30 रुपए किराया निर्धारित किया गया है।

# इंडियन टैलेंट ओलंपियाड में हिमालयन स्कूल सरकाघाट के छात्रों ने किया कमाल

## अवनी पाल्सरा ने ड्राइंग में स्टेट में किया टॉप, रिया को हिंदी में एक्सीलेंस अवार्ड

अनंत ज्ञान



सरकाघाट। हिमालयन पब्लिक स्कूल सरकाघाट के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा, मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए इंडियन टैलेंट ओलंपियाड में शानदार सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा नौवीं की छात्रा अवनी पाल्सरा ने ड्राइंग ओलंपियाड में स्टेट टॉपर बनकर मेडल, प्रमाण-पत्र तथा 1000 रुपए की नकद पुरस्कार राशि प्राप्त की, वहीं छात्रा रिया ने हिंदी ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक्सीलेंस अवार्ड, मेडल एवं प्रमाण-पत्र हासिल किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रेमलता डोगरा को उनके कुशल नेतृत्व एवं सफल आयोजन के लिए बेस्ट ऑर्गेनाइजर अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें मेडल, प्रमाण-पत्र तथा बैकपैक बैग भी प्रदान किया गया। बायोलॉजी प्रवक्ता रिचा ठाकुर को बेस्ट ऑर्गेनाइजर एवं अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया। उन्हें मेडल, प्रमाण-पत्र, बैकपैक बैग सहित अन्य आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। विद्यालय के अन्य विषय अध्यापकों को भी उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन के लिए इंस्पायरिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया। इनमें दीपिका शर्मा (साइंस ओलंपियाड), अत्रि राणा (हिंदी ओलंपियाड), लता शर्मा (मैथ्स ओलंपियाड), पूनम चौहान (जीके ओलंपियाड), कंचन ठाकुर (ड्राइंग ओलंपियाड) तथा उर्मिला ठाकुर (कंप्यूटर ओलंपियाड) शामिल हैं।

विद्यालय की इन उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए हिमालयन पब्लिक स्कूल सरकाघाट को प्रतिष्ठित गोल्डन स्कूल अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।

# किसान यूनियन की बैठक आज

अनंत ज्ञान, बैहना। किसान यूनियन जिला मंडी की आम सभा की आवश्यक बैठक शनिवार को विश्वकर्मा मंदिर मंडी के सभागार में आयोजित होगी। बैठक में किसान यूनियन के संस्थापक सूंकाराम ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष करमू राम ने बताया कि बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सीताराम वर्मा सहित राज्य कार्यकारिणी के अनेक पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे और दूर-दराज से पहुंचे किसानों को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान किसानों की विभिन्न समस्याओं और जिला कार्यकारिणी द्वारा दिए गए सुझावों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके बाद सर्वसम्मति से किसानों की मांगों को लेकर एक मांग पत्र तैयार किया जाएगा, जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा। बैठक में किसानों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने सुझाव रखने की भी अपील की गई है।

# सिया गुलेरिया पुस्तकालय रखा जाए सरकाघाट कॉलेज की लाइब्रेरी का नाम

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी ने उच्च शिक्षा निदेशक को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के पुस्तकालय का नाम बदलकर 'कॉमरेड सिया गुलेरिया स्मृति पुस्तकालय' रखा जाए। एसएफआई राज्य अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने कहा कि कॉमरेड सिया गुलेरिया सरकाघाट महाविद्यालय की छात्रा और एसएफआई की सक्रिय छात्र नेता थीं। उन्होंने छात्र हितों, शिक्षा के अधिकार, लोकतांत्रिक मूल्यों, लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय के लिए निरंतर संघर्ष किया। अप्रैल 2026 में कॉलेज जाते समय उनकी दिनदहाड़े नृशंस हत्या ने पूरे हिमाचल प्रदेश को झकझोर दिया था। इस घटना के बाद पूरे प्रदेश में छात्रों, युवाओं, महिलाओं और लोकतांत्रिक संगठनों ने न्याय की मांग को लेकर व्यापक आंदोलन किया। एसएफआई ने कहा कि किसी शैक्षणिक संस्थान के पुस्तकालय का नाम कॉमरेड सिया गुलेरिया के नाम पर रखा जाना केवल एक श्रद्धांजलि नहीं होगा, बल्कि यह शिक्षा, समानता, सामाजिक जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक संघर्ष के मूल्यों को भी सम्मान देने का कार्य होगा। इससे आने वाली पीढ़ियों के छात्रों को समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा मिलेगी।

संगठन ने कहा कि यह निर्णय महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों और प्रदेश में फैल रहे नशे के खतरे के विरुद्ध भी एक सशक्त सामाजिक संदेश होगा। साथ ही यह उन सभी छात्राओं के साहस और संघर्ष को सम्मानित करेगा जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा प्राप्त करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ती हैं।

# सुंदरनगर में कृषि विभाग के इंजीनियर्स को दिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान





सुंदरनगर। हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (द्वितीय चरण) के अंतर्गत किसान प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में कृषि विभाग के इंजीनियरिंग स्टाफ के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। 'दिशानिर्देश एवं जांच सूची के अनुप्रयोग' विषय पर आयोजित प्रशिक्षण में प्रदेश के नौ जिलों से आए 15 अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान जल शक्ति विभाग के विशेषज्ञों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों ने गुणवत्ता नियंत्रण, निरीक्षण प्रक्रिया, दिशानिर्देशों के प्रभावी उपयोग और विकास कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन से जुड़े तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। समापन समारोह में किसान प्रशिक्षण केंद्र के उप-प्रधानाचार्य एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. जगदीश जंजीहा ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विभागीय अधिकारियों की तकनीकी दक्षता और कार्यकुशलता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी ढंग से लागू करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कृषि विकास अधिकारी अनूप शर्मा, राजेश कुमार और अशोक कुमार का विशेष सहयोग रहा, जबकि प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. राजीव शर्मा एवं डॉ. सुधीर कुमार ने भी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया।

**आक्रोश** सरकाघाट कांग्रेस ने राम मंदिर चंदा चोरी समेत अहम मुद्दों पर की चर्चा

# भांबला में भाजपा के खिलाफ निकाली रैली

अनंत ज्ञान



सरकाघाट। उपमंडल सरकाघाट में कांग्रेस पार्टी महासचिव पवन ठाकुर की अध्यक्षता में सैकड़ों समर्थकों ने 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर आज से ही कमर कस ली है। बैठक में कांग्रेस पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष धर्मपाल कौंडल, अश्वनी गुलेरिया, भूतपूर्व प्रधान बाग प्रताप सिंह, प्रधान खुडला, ग्राम पंचायत प्रधान भांबला के सुभाष,लता ठाकुर एडवोकेट नरेश कुमार, ग्राम पंचायत जुकैण के प्रधान दिनेश नारंग, पवन ठाकुर फतेहपुर, ठेकेदार राकेश कुमार, रेखा देवी, उप प्रधान हरी बेहना विरेंद्र कुमार सहित सरकाघाट क्षेत्र के नवनिर्वाचित प्रधान, उप प्रधान, बीडीसी, मेंबर के साथ सैकड़ों समर्थकों ने संगठन को मजबूत,हर पंचायत में कमेटी का गठन, जमीन स्तर पर हर कार्यकर्ता को जन हित के लिए कार्य करना तथा हर महीने पार्टी को मजबूत करने व पवन ठाकुर को सत्ता में लाने के लिए रणनीति तैयार करना एक पार्टी के हर कार्यकर्ता का कर्तव्य मानते हुए काम करना इस पर चर्चा हुई। इस मिटिंग के बाद एक आक्रोश रैली सैकड़ों कांग्रेस पार्टी के समर्थकों ने अपर भांबला से लोअर भांबला हनुमान मंदिर तक भारतीय जनता पार्टी के विरुद्ध एक विशाल, ताबड़तोड़ रैली निकाली गई, जिसमें उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर से हुई चंदा चोरी के विरोध में रैली निकाली गई। कांग्रेस ने प्रभु हनुमान के नारे लगाकर उनसे प्रार्थना की गई कि राम भक्तों की आस्था पर चोट पहुंचाने वालों को कड़ी सजा के साथ मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की प्रार्थना की। अंत में समर्थकों ने हनुमान मंदिर में भगवान राम के भजनों पर नाच गाकर खुशियां मनाई।

# एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल अनंतनगर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल अनंतनगर, तलाहर द्वारा विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया। इस अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में एक आकर्षक रोड सेफ्टी जागरूकता बोर्ड स्थापित किया गया, जिसमें सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश प्रदर्शित किए गए हैं। इस बोर्ड के माध्यम से 'यातायात नियमों का पालन करें क्योंकि आपका जीवन अनमोल है' का संदेश दिया गया है। साथ ही वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, तेज गति से वाहन न चलाना, मोबाइल फोन का प्रयोग न करना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करना तथा ट्रैफिक सिग्नलों का पालन करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया है। विद्यालय के चेयरमैन ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने परिवार और समाज को भी सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करें। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान विद्यार्थियों में अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नागरिक कर्तव्यों की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**कोशिश** करने वालों की कभी हार नहीं होती।
–हरिवंश राय बच्चन

## संपादकीय

# भारत-न्यूजीलैंड के सुदृढ़ संबंध

भारत और न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) यानी मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर दोनों देशों के आर्थिक, रणनीतिक और राजनीतिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा सकता है। यह समझौता व्यापारिक बाधाओं को कम करने में सक्षम होगा और साथ ही दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक साझेदारी, निवेश, प्रौद्योगिकी सहयोग, कृषि, शिक्षा तथा क्षेत्रीय स्थिरता को भी नई गति प्रदान करेगा। इतना ही नहीं, यह नियमों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को भी मजबूत करेगा।

भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जबकि न्यूजीलैंड अपनी उच्च गुणवत्ता वाली कृषि, डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण, शिक्षा और नवाचार के लिए वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध है। दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे की पूरक हैं, इसलिए एफटीए से परस्पर लाभ की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। भारत को न्यूजीलैंड से आधुनिक कृषि तकनीक, डेयरी प्रबंधन, खाद्य सुरक्षा और हरित प्रौद्योगिकी का लाभ मिल सकता है, जबकि न्यूजीलैंड को भारत के विशाल उपभोक्ता बाजार और बढ़ते निवेश अवसरों तक बेहतर पहुंच प्राप्त होगी।

आर्थिक दृष्टि से यह समझौता व्यापारिक शुल्क कमी या समाप्ति के माध्यम से वस्तुओं और सेवाओं के आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा। भारतीय वस्त्र, औषधियां, सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं, इंजीनियरिंग उत्पाद, ऑटोमोबाइल कलपुर्जे तथा रसायन न्यूजीलैंड के बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड के डेयरी उत्पाद, फल, ऊन, मांस, लकड़ी और कृषि उत्पादों के लिए भारतीय बाजार में नए अवसर खुल सकते हैं। इससे दोनों देशों के व्यापारिक संतुलन में सुधार होगा और आपूर्ति शृंखलाएं अधिक मजबूत बनेंगी।

एफटीए का एक महत्वपूर्ण पहलू निवेश को प्रोत्साहित करना भी है। व्यापारिक नियमों की स्पष्टता, निवेश संरक्षण और नियामकीय सहयोग के कारण दोनों देशों के निजी क्षेत्र को नए निवेश के अवसर प्राप्त होंगे। भारतीय कंपनियां न्यूजीलैंड में सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, डिजिटल सेवाओं और अवसंरचना क्षेत्रों में निवेश बढ़ा सकती हैं, जबकि न्यूजीलैंड की कंपनियां भारत में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, शिक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा तथा अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्रों में निवेश कर सकती हैं। इससे रोजगार सृजन, तकनीकी हस्तांतरण और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

कृषि क्षेत्र में यह समझौता विशेष महत्व रखता है। न्यूजीलैंड विश्व के अग्रणी कृषि और डेयरी उत्पादक देशों में शामिल है। भारत यदि आधुनिक कृषि तकनीकों, जल प्रबंधन, पशुपालन, डेयरी उत्पादन तथा कृषि अनुसंधान में सहयोग बढ़ाता है, तो इससे भारतीय किसानों की उत्पादकता और आय में वृद्धि हो सकती है। हालांकि, भारतीय डेयरी क्षेत्र लाखों छोटे किसानों की आजीविका से जुड़ा हुआ है, इसलिए इस क्षेत्र में संतुलित और चरणबद्ध उदारीकरण आवश्यक होगा ताकि घरेलू हितों की रक्षा के साथ-साथ व्यापारिक अवसरों का भी लाभ उठाया जा सके।

सेवा क्षेत्र भारत की सबसे बड़ी ताकत है। सूचना प्रौद्योगिकी, डिजिटल सेवाएं, वित्तीय सेवाएं, स्वास्थ्य सेवाएं और पेशेवर सेवाओं में भारतीय कंपनियां वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हैं। एफटीए के माध्यम से भारतीय सेवा प्रदाताओं और पेशेवरों को न्यूजीलैंड के बाजार में बेहतर अवसर मिल सकते हैं। इसी प्रकार, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ेगा। न्यूजीलैंड पहले से ही भारतीय छात्रों के लिए एक लोकप्रिय शैक्षिक गंतव्य है। समझौते के बाद संयुक्त अनुसंधान, छात्र विनिमय कार्यक्रम, विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग और कौशल विकास की नई संभावनाएं विकसित हो सकती हैं।

रणनीतिक दृष्टि से भी यह समझौता महत्वपूर्ण है। भारत और न्यूजीलैंड दोनों स्वतंत्र, खुली और समावेशी हिंद-प्रशांत व्यवस्था का समर्थन करते हैं। दोनों लोकतांत्रिक मूल्य, कानून का शासन और बहुपक्षवाद में विश्वास रखते हैं। एफटीए आर्थिक संबंधों के साथ-साथ सामरिक विश्वास को भी मजबूत करेगा और समुद्री सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन तथा क्षेत्रीय सहयोग जैसे विषयों पर साझेदारी को गहरा करेगा।

नियमों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के संदर्भ में यह समझौता विशेष महत्व रखता है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में संरक्षणवाद, भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति शृंखलाओं में व्यवधान की चुनौतियां बढ़ रही हैं। ऐसे समय में दो लोकतांत्रिक देशों द्वारा पारदर्शी, निष्पक्ष और नियम-आधारित व्यापार व्यवस्था को बढ़ावा देना वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए सकारात्मक संकेत है।

## आज की प्रमुख हस्ती

### इतिहास, संस्कृति और पर्यावरण के संवेदनशील लेखक



अमिताभ घोष
जन्म : 11 जुलाई, 1956

**अमिताभ घोष** अंग्रेजी भाषा के प्रसिद्ध भारतीय साहित्यकार और उपन्यासकार हैं। उनका जन्म 11 जुलाई 1956 को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में हुआ। उन्होंने अपने लेखन के माध्यम से इतिहास, संस्कृति, राजनीति और पर्यावरण जैसे विषयों को गहराई से प्रस्तुत किया है। उनके उपन्यासों में भारतीय समाज और वैश्विक परिवर्तनों की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। अमिताभ घोष की प्रारंभिक शिक्षा दून स्कूल में हुई। इसके बाद उन्होंने सेंट स्टीफन कॉलेज और दिल्लू स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से उच्च शिक्षा प्राप्त की। आगे चलकर उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डीफिल की उपाधि हासिल की। शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने कुछ समय पत्रकारिता से जुड़े रहने के बाद अपना पूरा ध्यान साहित्य लेखन पर केंद्रित किया। उनकी प्रमुख कृतियों में 'द शैडो लाइन्स', 'द सर्किल ऑफ रीजन', 'द कलकत्ता क्रोमोसोम', 'द ग्लास पैलेस', 'द हंग्री टाइड' और 'इबिस ट्रायलॉजी' शामिल हैं। उनके उपन्यासों में इतिहास और मानवीय संवेदनाओं का अनूठा समन्वय देखने को मिलता है। उनकी पुस्तक 'द नटमेग्स कर्स' में उन्होंने उपनिवेशवाद, पर्यावरण और मानव शोषण के संबंधों पर प्रकाश डाला है।

अमिताभ घोष को वर्ष 1989 में उपन्यास 'द शैडो लाइन्स' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला। वर्ष 2007 में उन्हें पद्म श्री से सम्मानित किया गया। वर्ष 2018 में उन्हें 54वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया और वे अंग्रेजी भाषा के पहले लेखक बने जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान मिला।

अमिताभ घोष का साहित्य केवल कहानियां नहीं कहता, बल्कि समाज, इतिहास और प्रकृति के बीच संबंधों पर गंभीर चिंतन भी प्रस्तुत करता है। उनकी रचनाएं भारतीय साहित्य को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



कविता

### फिर जग में न आऊंगी

राज कुमार कौंडल, गांव व डाकघर अमरपुर
तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हि.प्र.) 174021

**हवस** के भूखे दरिंदो, हवस की ये तुम्हारी भूख,
कब और कैसे शांत होगी?
जिसका जीवन किया बर्बाद, उसकी सांसों की डोर तोड़कर,
क्या तुम्हारे मन में रही होगी?
उसकी आत्मा को कचोटते वक्त, शरीर को बेरहमी से रौंदते वक्त,
तुम्हे अपनों की याद नहीं आई होगी?
इक जीवन की ही नहीं, इक पीढ़ी की ही नहीं,
वो कितने जनों की आस रही होगी?
मन आतंकित आशंकित जुबां दबी होगी,
डरी सहमी जब गिरफ्त में आई क्रूर पंजों की,
छटपटाती बेबस लड़की होने को कोसती होगी?
दर्द के आगोश में डूबती निगाह, अनंत दर्द से भरी टूटती सांस,
फिर जग में न आऊंगी ये सोचती होगी?

# पेट्रोल में एथेनॉल का मिश्रण : आखिर ये माजरा क्या है ?

भारत में पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण यानी ई-20 पेट्रोल को लेकर इन दिनों व्यापक बहस छिड़ी हुई है। सरकार इसे ऊर्जा सुरक्षा, आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बता रही है, वहीं दूसरी ओर देश के कई हिस्सों से वाहन चालकों द्वारा इसके उपयोग से जुड़ी परेशानियों की शिकायतें सामने आ रही हैं।



निर्मल रानी
सामाजिक चिंतक

इंजन में खराबी, माइलेज में कमी, ईंधन प्रणाली पर असर और वाहनों के रखरखाव की बढ़ती लागत जैसी चिंताओं ने आम उपभोक्ताओं के मन में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ई-20 पेट्रोल में 80 प्रतिशत पेट्रोल और 20 प्रतिशत एथेनॉल का मिश्रण होता है। एथेनॉल को जैव ईंधन के रूप में देखा जाता है, क्योंकि इसका उत्पादन गन्ना, मक्का और अन्य कृषि उत्पादों से किया जाता है। सरकार का तर्क है कि इसके उपयोग से पेट्रोलियम आयात पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा की बचत होगी और किसानों को भी अतिरिक्त बाजार मिलेगा, लेकिन किसी भी नीति की सफलता केवल उसके उद्देश्य से नहीं, बल्कि उसके व्यावहारिक प्रभावों से भी तय होती है। वाहन मालिकों की सबसे बड़ी चिंता यही है कि क्या देश में मौजूद सभी वाहन ई-20 पेट्रोल के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कई उपभोक्ताओं का दावा है कि ई-20 के इस्तेमाल के बाद कुछ वाहनों में माइलेज कम हुआ है और ईंधन प्रणाली से जुड़ी समस्याएं बढ़ी हैं। हालांकि, वाहन निर्माता कंपनियों और सरकार की ओर से लगातार कहा गया है कि नए वाहन ई-20 के अनुकूल बनाए जा रहे हैं, लेकिन पुराने वाहनों को लेकर अभी भी स्पष्टता की कमी दिखाई देती है। यही भ्रम उपभोक्ताओं की चिंता को बढ़ा रहा है।

पड़ोसी देश भूटान द्वारा भी एथेनॉल मिश्रित ईंधन को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर करना इस बहस को और गंभीर बनाता है। भूटान ने अपने पुराने भूमिगत ईंधन भंडारण ढांचे और पहाड़ी क्षेत्रों में आपूर्ति व्यवस्था को देखते हुए ई-20 पेट्रोल की जगह पहले की तरह शुद्ध पेट्रोल की आपूर्ति को प्राथमिकता देने की बात कही है। एथेनॉल की नमी करने की प्रवृत्ति के कारण भंडारण और गुणवत्ता से जुड़ी चुनौतियां सामने आ सकती हैं। एथेनॉल उत्पादन को लेकर पर्यावरण विशेषज्ञों की अपनी चिंताएं हैं।

एथेनॉल बनाने के लिए जिन फसलों का उपयोग किया जाता है, उनमें पानी की खपत अधिक होती है। भारत जैसे देश में जहां कई क्षेत्र पहले ही जल संकट से जूझ रहे हैं, वहां बड़े पैमाने पर एथनाल उत्पादन के लिए जल संसाधनों पर पड़ने वाले दबाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यदि भविष्य में पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण की मात्रा और बढ़ाई जाती है तो इसके लिए जल प्रबंधन की ठोस योजना बनाना बेहद जरूरी होगा।

एक अन्य चिंता खाद्य सुरक्षा को लेकर भी है। यदि बड़ी मात्रा में कृषि उपज को ईंधन उत्पादन की ओर मोड़ा जाता है तो इसका असर खाद्यान्न उपलब्धता और कीमतों पर पड़ सकता है। इसलिए एथेनॉल नीति बनाते समय केवल ऊर्जा जरूरतों को ही नहीं, बल्कि कृषि, जल संसाधन और आम उपभोक्ता हितों को भी ध्यान में रखना होगा। ई-20 को लेकर विभिन्न जिम्मेदार व्यक्तियों के अलग-अलग बयान भी लोगों में भ्रम पैदा कर रहे हैं। कुछ विशेषज्ञ जहां इसे भविष्य के लिए बेहतर विकल्प बता रहे हैं, वहीं कुछ इसकी तकनीकी चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। जब किसी नीति का सीधा प्रभाव करोड़ों वाहन चालकों पर पड़ता है तो सरकार और संबंधित संस्थाओं की जिम्मेदारी बनती है कि वे पूरी पारदर्शिता के साथ तथ्य जनता के सामने रखें।

किसी भी नई तकनीक या ईंधन को लागू करने से पहले पर्याप्त परीक्षण, जन-जागरूकता और उपभोक्ता हितों की सुरक्षा जरूरी होती है। वाहन मालिकों को यह स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए कि कौन-से वाहन ई-20 के अनुकूल हैं और पुराने वाहनों पर इसका क्या प्रभाव पड़ सकता है। यदि किसी बदलाव के कारण उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है तो उसके समाधान पर भी विचार होना चाहिए। एथेनॉल मिश्रण नीति के अपने फायदे हो सकते हैं, लेकिन इसके साथ आने वाली चुनौतियों को नजरअंदाज करना उचित नहीं होगा। ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ना आवश्यक है, लेकिन यह कदम वैज्ञानिक अध्ययन, पर्यावरणीय संतुलन और उपभोक्ता हितों के साथ उठाया जाना चाहिए।

सरकार को ई-20 पेट्रोल नीति को लेकर उपभोक्ताओं में फैले भ्रम को दूर करने के लिए स्पष्ट और प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध करानी चाहिए। वाहन चालकों की शिकायतों, विशेषज्ञों की राय और तकनीकी अध्ययनों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने होंगे। किसी भी नई नीति को लागू करने से पहले उसके लाभ और संभावित प्रभावों का व्यापक आकलन जरूरी है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ना आवश्यक है, लेकिन इसके साथ पर्यावरण संरक्षण और आम जनता के हितों का संतुलन भी बनाए रखना होगा। ऐसी ईंधन नीति ही सफल मानी जाएगी, जो देश की जरूरतों को पूरा करने के साथ उपभोक्ताओं को राहत और भरोसा भी दे।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**




# युवाओं की आवाज, परीक्षा व्यवस्था का संकट और लोकतंत्र की कसौटी


ग्यारहवें दिन तक देश के विद्वान वैज्ञानिक, चिंतक, शिक्षक सोनम वांगचुक का वजन सात किलो कम हो चुका था, सेहत गिर रही थी लेकिन सरकार का कोई नुमाइंदा उनसे मिलने तक नहीं गया। बात नीट परीक्षा की वजह से बीस से भी ज्यादा युवाओं द्वारा आत्महत्या एवं तमाम परीक्षा पेपरों के लीक होने से उठे विवाद पर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे से उठी थी।



डॉ. दमन आहूजा
राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जानकार

मंत्री के साथ सरकार की जवाबदेही तय करना और चुनी हुई सरकार के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध लोकतंत्र की स्वस्थ प्रक्रिया है। इस्तीफे की मांग न मानना राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन विरोध को सम्मानजनक ढंग से सुना जाना चाहिए। मुझे सोनम वांगचुक के लेह से लगभग 17 किमी दूर सैकमॉल स्कूल देखने का अवसर मिला, जहां दूर-दराज के क्षेत्रों के दसवीं में असफल बच्चों को वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जाता है। छात्र स्वयं विभिन्न समितियों की जिम्मेदारियां निभाते हैं। उनके मार्गदर्शन में एक विश्वविद्यालय भी निर्माणाधीन है। जलवायु परिवर्तन, कृत्रिम ग्लेशियर और अन्य वैज्ञानिक नवाचारों के लिए उन्हें मैगसेसे सम्मान मिला। ऐसे में उनके शांतिपूर्ण सामाजिक आंदोलन की उपेक्षा उचित नहीं लगती।

**आंकड़े जो चीख-चीख कर कह रहे हैं :** सोनम वांगचुक का आंदोलन उस भयावह हकीकत से जुड़ा है जिससे लाखों युवा हर साल गुजरते हैं। नीट परीक्षा का दबाव, अनिश्चितता और पेपर लीक की घटनाओं ने पिछले पांच वर्षों में 90 से अधिक छात्रों को आत्महत्या की ओर धकेला है। कोटा जैसे कोचिंग हब में भी अनेक छात्रों ने जान गंवाई। यह केवल आंकड़े नहीं, बल्कि टूटते परिवारों और बिखरते सपनों की कहानी है। चिंता केवल नीट तक सीमित नहीं है; यूजीसी-नेट, सीबीएसई और शिक्षक भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक ने परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। एनसीआरबी के आंकड़े भी पढ़ाई और करियर के दबाव को छात्र आत्महत्या का प्रमुख कारण बताते हैं।



**सिर्फ परीक्षा नहीं, पूरी व्यवस्था का सवाल :** यह संकट केवल परीक्षा प्रणाली की खामी नहीं, बल्कि उस दबाव-तंत्र का प्रतिबिंब है जिसमें देश का युवा पल-बढ़ रहा है। सीमित सरकारी सीटें, बढ़ती बेरोजगारी, कोचिंग की होड़ और सामाजिक अपेक्षाएं मिलकर ऐसा माहौल बनाती हैं, जहां असफलता को जीवन का अंत मान लिया जाता है। छोटे शहरों से आए छात्र अक्सर अकेलेपन और प्रतिस्पर्धा के दबाव में घिर जाते हैं। ऐसे में शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए जीवन समर्पित करने वाले सोनम वांगचुक जब शांतिपूर्ण ढंग से यह मुद्दा उठाते हैं, तो सरकार से संवेदनशीलता की अपेक्षा स्वाभाविक है। उनकी अनदेखी युवाओं की आवाज की अनदेखी भी है।

**लोकतंत्र में असहमति की जगह :** सरकार की नीयत पर भरोसा स्वाभाविक है, लेकिन इससे पत्रकारिता, सरकार-विरोधी खबरों की पड़ताल और सही मुद्दों पर सवाल पूछने का साहस कमजोर नहीं होना चाहिए। लोकतंत्र में तीखे सवाल और अहिंसक विरोध स्वस्थ परंपराएं हैं। इनके प्रति उदासीनता या अनदेखी सरकार-विरोधी माहौल बना सकती है। जब एक मैगसेसे पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक-शिक्षक को भी लंबे समय तक अनसुना छोड़ दिया जाता है, तो आम छात्र और अभिभावक की आवाज कितनी सुनी जाएगी, यह सवाल स्वाभाविक है।

**विकसित भारत का सपना और युवाओं की जिम्मेदारी :** विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए युवाओं के मुद्दों को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना होगा। परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और असहमति का सम्मान आवश्यक है। सोनम वांगचुक का आंदोलन सत्ता-विरोध नहीं, बल्कि देश के भविष्य-युवा पीढ़ी को बचाने की पुकार है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# कुदरत की गोद में आस्था का धाम बैजनाथ का सिद्ध बाबा काठक मंदिर

हिमाचल प्रदेश की देवभूमि अपनी प्राकृतिक सुंदरता, धार्मिक आस्था और पौराणिक स्थलों के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। यहां के कण-कण में देवी-देवताओं से जुड़ी मान्यताएं और लोक आस्थाएं देखने को मिलती हैं। जिला कांगड़ा का बैजनाथ क्षेत्र भी इसी आध्यात्मिक और प्राकृतिक विरासत को संजोए हुए है। धौलाधार पर्वतमाला, हरे-भरे चाय बागान, मनमोहक वादियां और ऐतिहासिक मंदिर इस क्षेत्र को विशेष पहचान दिलाते हैं।



तुलसी राम डोगरा
स्वतंत्र लेखक, पालमपुर

बैजनाथ में स्थित विश्व प्रसिद्ध शिव मंदिर, महाकाल मंदिर, आशापुरी मंदिर, शीतला माता मंदिर और बीड़-बिलिंग जैसे पर्यटन स्थल वर्षभर श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। इन्हीं धार्मिक स्थलों की शृंखला में मुख्य बैजनाथ से लगभग चार-पांच किलोमीटर दूर बिनवा नदी के किनारे स्थित काठक गांव का श्री सिद्ध बाबा बालकनाथ मंदिर भी श्रद्धा और विश्वास का प्रमुख केंद्र है। काठक बाबा के नाम से प्रसिद्ध यह मंदिर स्थानीय लोगों की गहरी आस्था का प्रतीक है। मान्यता है कि यहां बाबा बालकनाथ सिद्ध रूप में विराजमान हैं और सच्चे मन से प्रार्थना करने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

मंदिर के आसपास बहती बिनवा नदी, झरनों की मधुर ध्वनि और प्राकृतिक वातावरण श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराते हैं। इस मंदिर की स्थापना से जुड़ी एक रोचक लोककथा भी प्रचलित है। कहा जाता है कि वर्षों पहले ग्रामीणों ने रात के समय पहाड़ी क्षेत्र में अद्भुत दृश्य देखा। उन्हें ऐसा प्रतीत हुआ जैसे किसी स्थान पर बारात सज रही हो, जहां ढोल-नगाड़ों और वाद्य यंत्रों की आवाजें सुनाई दे रही थीं। पहाड़ी के चारों ओर प्रकाश दिखाई दिया और सुबह जब ग्रामीणों ने उस स्थान की खोज की तो वहां एक गुफानुमा स्थान में बाबा की पिंडी स्थापित मिली। लोगों ने इसे दैवीय चमत्कार मानकर वहां मंदिर का निर्माण किया।



समय के साथ यह छोटा मंदिर श्रद्धा का बड़ा केंद्र बन गया। स्थानीय लोग बाबा काठक को अपने कुलदेवता के रूप में पूजते हैं। मंदिर में वर्षभर धार्मिक अनुष्ठान होते रहते हैं, जबकि नवरात्र के दौरान यहां विशेष आयोजन किए जाते हैं। भजन-कीर्तन, भंडारे और धार्मिक कार्यक्रमों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है। मंदिर में अखंड धूना जलता रहता है, जिसकी विभूति श्रद्धालु आस्था के रूप में ग्रहण करते हैं। भक्तों का विश्वास है कि इससे उन्हें मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। मंदिर परिसर में भगवान शिव, मां दुर्गा, भैरव और हनुमान सहित अन्य देवी-देवताओं की सुंदर प्रतिमाएं भी स्थापित हैं।

काठक मंदिर की विशेष परंपराएं भी इसे अन्य धार्मिक स्थलों से अलग पहचान देती हैं। यहां श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के बाद विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। नवविवाहित जोड़े और भक्त मंदिर परिसर की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। धार्मिक महत्व के साथ-साथ यह स्थान प्राकृतिक सौंदर्य का भी अद्भुत उदाहरण है। धौलाधार पर्वतमाला के मनमोहक दृश्य, शांत वातावरण और हरियाली से घिरा यह क्षेत्र पर्यटकों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करता है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के ठहरने और धार्मिक गतिविधियों के लिए सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। श्री सिद्ध बाबा बालकनाथ मंदिर का संचालन मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा किया जाता है। श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर की व्यवस्था और विकास कार्य निरंतर चलते रहते हैं। दूर-दूर से लोग यहां आकर आस्था, शांति और प्रकृति के अद्भुत संगम का अनुभव करते हैं।

बैजनाथ आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए काठक बाबा मंदिर एक ऐसा स्थान है, जहां धार्मिक विश्वास के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य की अनूठी अनुभूति होती है। हिमाचल की शांत वादियों में बसा यह धार्मिक स्थल वास्तव में आस्था, संस्कृति और प्रकृति का सुंदर संगम है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विश्व जनसंख्या दिवस : बढ़ती आबादी नहीं, बढ़ती जिम्मेदारी का समय

11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 1989 में इसकी शुरुआत दुनिया का ध्यान बढ़ती आबादी और उससे जुड़ी चुनौतियों की ओर आकर्षित करने के लिए की थी। हर वर्ष इस अवसर पर सरकारी कार्यक्रम, जागरूकता अभियान और नीतिगत चर्चाएं होती हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई अब भी यही है कि भारत की बढ़ती जनसंख्या विकास की गति से कहीं तेजी से आगे बढ़ रही है। सवाल केवल लोगों की संख्या का नहीं, बल्कि उपलब्ध संसाधनों और अवसरों पर बढ़ते दबाव का है।



नरेंद्र भारती
स्वतंत्र लेखक

भारत आज लगभग 145 करोड़ लोगों के साथ दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। यह स्थिति न तो अपने आप में गर्व का विषय है और न चिंता का कारण। असली चुनौती यह है कि क्या शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जल और कृषि जैसे संसाधनों का विस्तार उसी अनुपात में हो पा रहा है? यदि नहीं, तो जनसंख्या हमारी सबसे बड़ी ताकत भी सबसे बड़ी चुनौती बन सकती है। सबसे अधिक दबाव खेती और जल संसाधनों पर दिखाई देता है। खेती योग्य भूमि सीमित है, जबकि बढ़ती आबादी के कारण जोत लगातार छोटी होती जा रही है। शहरीकरण और औद्योगीकरण ने उपजाऊ भूमि को भी प्रभावित किया है। दूसरी ओर केंद्रीय जल आयोग के अनुसार देश के अनेक क्षेत्रों में भूजल का अत्यधिक दोहन हो चुका है। महानगरों में पानी का संकट अब मौसमी समस्या नहीं, बल्कि स्थायी चुनौती बनता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन ने इस संकट को और गंभीर बना दिया है।शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था भी जनसंख्या वृद्धि का भार झेल रही है। सरकारी विद्यालयों में शिक्षक और आधारभूत सुविधाओं की कमी, उच्च शिक्षा में सीमित अवसर तथा स्वास्थ्य सेवाओं में डॉक्टरों और संसाधनों की कमी आज भी बड़ी समस्या है।

हर वर्ष लाखों युवा डिग्री लेकर निकलते हैं, लेकिन रोजगार के अवसर उनकी संख्या के अनुरूप नहीं बढ़ रहे। परिणामस्वरूप बेरोजगारी, पलायन और सामाजिक असंतोष बढ़ रहा है। देश की युवा आबादी तभी जनसांख्यिकीय लाभांश बन सकती है, जब उसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल और सम्मानजनक रोजगार मिले।




बढ़ती आबादी का समाधान किसी कठोर या दमनात्मक नीति में नहीं है। आपातकाल के दौरान जबरन नसबंदी के अनुभव ने स्पष्ट कर दिया कि जनसंख्या नियंत्रण कानूनों से नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और विकास से संभव है। केरल, तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों ने शिक्षा, महिला सशक्तीकरण और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से प्रजनन दर को सफलतापूर्वक नियंत्रित किया है। इसके विपरीत जिन राज्यों में महिला शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और सामाजिक जागरूकता अपेक्षाकृत कमजोर हैं, वहां जनसंख्या वृद्धि की दर अधिक बनी हुई है।

इसलिए सबसे प्रभावी उपाय लड़कियों की शिक्षा, महिलाओं की आर्थिक भागीदारी, गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं और परिवार नियोजन के साधनों की सहज उपलब्धता है। साथ ही छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाकर महानगरों पर बढ़ते दबाव को भी कम किया जा सकता है। सामाजिक स्तर पर बाल विवाह, लैंगिक भेदभाव और बड़े परिवार को प्रतिष्ठा का प्रतीक मानने जैसी सोच में भी बदलाव आवश्यक है। विश्व जनसंख्या दिवस केवल एक औपचारिक अवसर नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने का दिन है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब विकास की गति जनसंख्या वृद्धि से आगे निकले। इसका अर्थ किसी के अधिकारों पर अंकुश लगाना नहीं, बल्कि प्रत्येक परिवार को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और जागरूकता के माध्यम से बेहतर विकल्प उपलब्ध कराना है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# फीफा विश्व कप — लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में पहुंचा फ्रांस

# फ्रांस ने मोरक्को को 2-0 से हराया

**एजेंसी, फॉक्सबोरो (अमेरिका)**

गत उपविजेता फ्रांस ने फीफा विश्व कप 2026 के क्वार्टर फाइनल में गुरुवार को मोरक्को को 2-0 से हराकर लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब फ्रांस का सामना अंतिम चार में स्पेन और बेल्जियम के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम से होगा।

मैच की शुरुआत से ही फ्रांस ने आक्रामक खेल दिखाया। चौथे मिनट में कप्तान किलियन एमबाप्पे गोल करने से मामूली अंतर से चूक गए। पहले हाफ में फ्रांस का दबदबा इतना रहा कि मोरक्को इंजरी टाइम तक गोल पर एक भी प्रभावी शॉट नहीं लगा सका। फ्रांस को 25वें मिनट में पेनाल्टी मिली, लेकिन लंबी वीडियो समीक्षा के बाद एमबाप्पे का कमजोर शॉट मोरक्को के गोलकीपर यासीन बोनू ने शानदार तरीके से बचा लिया। पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कोई गोल नहीं हुआ और स्कोर 0-0 रहा।



दूसरे हाफ में फ्रांस ने दबाव बढ़ाया और 60वें मिनट में एमबाप्पे ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। यह इस विश्व कप में उनका आठवां गोल और विश्व कप नॉकआउट मुकाबलों में 12वां गोल रहा। इसके साथ ही उन्होंने विश्व कप इतिहास में अपने कुल गोलों की संख्या 20 तक पहुंचा दी। फ्रांस ने बढ़त के छह मिनट बाद ही दूसरा गोल दाग दिया। एमबाप्पे के बेहतरीन पास पर उस्मान डेम्बेले ने मोरक्को की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए गेंद को गोल में पहुंचाकर स्कोर 2-0 कर दिया। मैच के 77वें मिनट में एमबाप्पे हल्की चोट के कारण मैदान से बाहर चले गए और बेंच पर उनके टखने पर बर्फ लगाई गई। मोरक्को ने अंतिम मिनटों में वापसी की कोशिश की और कई अवसर भी बनाए, लेकिन फ्रांस की मजबूत रक्षापंक्ति के सामने वह गोल करने में सफल नहीं हो सका। 2022 विश्व कप के सेमीफाइनल की तरह इस बार भी फ्रांस ने मोरक्को को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वहीं, मोरक्को का शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। (अनंत ज्ञान)

## गोल्डन बूट की दौड़ में एमबाप्पे सबसे आगे

**फीफा** विश्व कप अब अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है। फ्रांस ने मोरक्को को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश भी कर लिया है। इसी के साथ टूर्नामेंट के सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी को मिलने वाले गोल्डन बूट की दौड़ भी रोमांचक होती जा रही है। फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे 8 गोल और 3 असिस्ट के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी भी 8 गोल कर चुके हैं, लेकिन उनके नाम केवल एक असिस्ट होने के कारण वे दूसरे स्थान पर हैं। नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड 7 गोल के साथ तीसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के हैरी केन 6 गोल और एक असिस्ट के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि फ्रांस के उस्मान डेम्बेले 5 गोल और 2 असिस्ट के साथ पांचवें स्थान पर काबिज हैं। इसके अलावा सेनेगल के इस्माइला सार, स्पेन के मिकेल ओयारजाबाल, मेक्सिको के जूलियन क्विनोनेस, इंग्लैंड के जूड बेलिंघम और ब्राज़ील के विनीसियस जूनियर ने 4-4 गोल किए हैं। इन सभी खिलाड़ियों के नाम 1-1 असिस्ट भी दर्ज है, जिससे क्वार्टर फाइनल के बाद गोल्डन बूट की यह जंग और भी दिलचस्प हो गई है।

# वेस्टइंडीज ने ग्रिमंड को टीम में किया शामिल

**एजेंसी, ब्रैंडी।** वेस्टइंडीज की महिला टीम ने आयरलैंड के खिलाफ होने वाले तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए चोटिल चिनेल हेनरी की जगह 21 साल की बल्लेबाज रियालियाना ग्रिमंड को टीम में जगह दी है। हाल ही में संपन्न हुए महिला टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली वेस्ट इंडीज की टीम में यह एकमात्र बदलाव है। उस टूर्नामेंट में उप-कप्तान रहीं हेनरी ने 131.42 के स्ट्राइक रेट से 92 रन बनाए, जो वेस्टइंडीज की सभी बल्लेबाजो में सबसे अच्छा था – और 8.87 की इकॉनमी रेट से तीन विकेट लिए। ग्रिमंड ने पांच एकदिवसीय मैच खेले हैं, जिनमें अप्रैल की शुरुआत में बासेटेरे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेस्टइंडीज का इस फॉर्मेट में सबसे हालिया मैच भी शामिल है। (अनंत ज्ञान)

अनंत Classifieds

## नाम परिवर्तन

**मैं, सुदर्शन कुमार** उप्पल पुत्र तेलू राम निवासी गांव और डाकघर जयदेवी तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गलती से सुदर्शन कुमार दर्ज है, मेरा सही नाम सुदर्शन कुमार उप्पल है।

## नाम परिवर्तन

**मैं चंद्रा देवी,** पत्नी सोहन सिंह निवासी गांव कमराहु तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गलती से चन्द्रावती दर्ज है, मेरा सही नाम चंद्रा देवी है।

## नाम परिवर्तन

**मैं, राजेंद्र कुमार** पुत्र स्वर्गीय परस राम, निवासी गांव जदरोण, डाकघर बायला, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश, घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम गलतीवश प्रियांशु दर्ज है, जबकि मेरे पुत्र का सही नाम प्रियांशु ठाकुर है। सम्बंधित नोट करें।

## नाम परिवर्तन

**मैं, राजेंद्र कुमार** पुत्र स्वर्गीय परस राम, निवासी गांव जदरोण, डाकघर बायला, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश, शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम सानवी दर्ज है, जबकि मेरी पुत्री का सही नाम सानवी ठाकुर है।

**व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी प्रागपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0।**
मुकदमा नः- 42/T/25
किस्म मुकदमाः तकसीम
तारीख पेशीः- 11-08-2026
1. सुरिन्द्र कुमार, 2. रविन्द्र कुमार, 3. वीरेन्द्र कुमार पुत्रान देव राज, 4. निर्मला देवी विधवा देव राज, 5. राज कुमार पुत्र उत्तम चंद, 6. पवन कुमार पुत्र उत्तम चंद, 7. विमला देवी पुत्री उत्तम चंद, 8. पुष्पा देवी पुत्री उत्तम चंद, 9. लीला देवी विधवा उत्तम चंद, **वनाम-** 1. जोगिन्द्र सिंह, 2. संजीव कुमार पुत्रान मंशा राम, 3. सुनीता कुमारी, 4. अनीता कुमारी, 5. गीता देवी, 6. किरण देवी, 7. सरोज कुमारी पुत्रियाँ, 8. ब्रह्मी देवी विधवा मंशा राम R/o Suhin, Tehsil Pragpur Distt. Kangra (H.P.)
**विषयः-** भूमि तकसीम खाता नम्वर 237, खतौनी 331, खसरा किता-2 रकवा 0-02-00 है0 स्थित महाल सूहं तहसील प्रागपुर जिला काँगड़ा हि0 प्र0 जमावन्दी वर्ष 2019-20
उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें उपरोक्त प्रतिवादीगणों को कई बार सनम जारी किये गये परन्तु उनकी तामील साधारण तरीके से न हो पा रही है। अतः अब इस अख्वारी इश्तेहार/मुस्तरी मुनादी द्वारा उपरोक्त प्रतिवादिगण न0 1 ता 8 व अन्य हितवद को सूचित किया जाता हैं कि वह उपरोक्त केस की पैरवी हेतू अगली पेशी दिनांक 11-08-26 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होवे। गैर हाजिरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 07-07-2026 को हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी प्रागपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0।**

**व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी प्रागपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ।**
मुकदमा नः- 43/T/25
किस्म मुकदमाः तकसीम
तारीख पेशीः- 11-08-2026
1. सुरिन्द्र कुमार, 2. रविन्द्र कुमार, 3. वीरेन्द्र कुमार पुत्रान देव राज, 4. निर्मला देवी विधवा देव राज, 5. राज कुमार पुत्र उत्तम चंद, 6. पवन कुमार पुत्र उत्तम चंद, 7. विमला देवी पुत्री उत्तम चंद, 8. पुष्पा देवी पुत्री उत्तम चंद, 9. लीला देवी विधवा उत्तम चंद, **वनाम-** 1. जोगिन्द्र सिंह, 2. संजीव कुमार पुत्रान मंशा राम, 3. सुनीता कुमारी, 4. अनीता कुमारी, 5. गीता देवी, 6. किरण देवी, 7. सरोज कुमारी पुत्रियाँ, 8. ब्रह्मी देवी विधवा मंशा राम R/o Suhin, Tehsil Pragpur Distt. Kangra (H.P.)
**विषयः-** भूमि तकसीम खाता नम्वर 237, खतौनी 331, खसरा किता-2 रकवा 0-02-00 है0 स्थित महाल सूहं तहसील प्रागपुर जिला काँगड़ा हि0 प्र0 जमावन्दी वर्ष 2019-20
उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें उपरोक्त प्रतिवादीगणों को कई बार समम जारी किये गये परन्तु उनकी तामील साधारण तरीके से न हो पा रही है! अतः अब इस अख्वारी इश्तेहार/मुस्तरी मुनादी द्वारा उपरोक्त प्रतिवादिगण न0 1 ता 8 व अन्य हितवद को सूचित किया जाता हैं कि वह उपरोक्त केस की पैरवी हेतू अगली पेशी दिनांक 11-08-26 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होवे। गैर हाजिरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 07-07-2026 को हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी प्रागपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0।**

**व अदालत नायब तहसीलदार कार्यकारी दण्डाधिकारी ऊना, तहसील एंवम जिला ऊना हि0प्र0**
केस न0-11/MARR/2026
किस्म मुकदमा- विवाह पंजीकरण
तारीख दायर- 20/06/2026
तारीख पेशी- 25/07/2026
1. श्री सुरिंदर कुमार पुत्र कृषण चंद निवासी वार्ड न0.10 मोहल्ला बहली ऊना, तहसील व जिला ऊना हि0 प्र0। 2. श्रीमती आरती पुत्री करनैल सिंह निवासी मरवाडी तहसील घनारी जिला ऊना हि0 प्र0 ।
**आम जनता वनाम**
**'इशतहार अखबार' मुत्री मुनादी' व चस्पांनगी '**
विषयः- प्रार्थना पत्र शादी पंजीकरण प्रार्थी श्री सुरिंदर कुमार पुत्र कृषण चंद निवासी वार्ड न0.10 मोहल्ला बहली ऊना, तहसील व जिला ऊना हि0 प्र0 वावत दिए जाने आदेश रजिस्ट्रेशन 'एमसी ऊना' को शादी दर्ज करने बारे । प्रार्थना पत्र शादी पंजीकरण प्रार्थी श्री सुरिंदर कुमार पुत्र कृषण चंद निवासी वार्ड न0.10 मोहल्ला बहली ऊना, तहसील व जिला ऊना हि0 प्र0 ने इस अदालत में एक प्रार्थना पत्र दायर किया है कि उनकी शादी हिन्दू रिति-रिवाज के अनुसार दिनांक 16.11.2016 को श्रीमती आरती पुत्री करनैल सिंह निवासी मरवाडी तहसील घनारी जिला ऊना हि0 प्र0 से हुई है। परन्तु यह शादी सहवन गलती से एमसी ऊना के रजिस्टर में दर्ज ना करवाई गई है, उन्होंने इस शादी को एमसी ऊना में दर्ज करने के लिए अनुरोध किया है। प्रार्थी ने अपनी शादी की पुष्टि में आधार कार्ड, शपथ पत्र तथा अन्य दस्तावेज प्रार्थना पत्र के साथ दायर करके आवेदन किया है। अतः 'इशतहार अखबार' मुत्री मुनादी' व चस्पांनगी' के माध्यम से आम जनता तथा सम्बन्धित रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है कि अगर किसी को उपरोक्त विवाह पंजीकरण बारे कोई उजर व एतराज हो तो वह दिनाँक तारीख पेशी 25/07/2026 को सुबह 10 बजे इस न्यायालय में असालतन या वकालतन अपना एतराज अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है अन्यथा एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। अतः उपरोक्त बिवाह पंजीकरण करने के आदेश दे दिए जागेगे। उसके उपरान्त कोई उजर एतराज काविले समायत न होगा। आज दिनांक 22/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ। नोटः 1. मुख्त्री मुनादी का खर्चा मौका पर दिया जाये।
**सहायक समाहर्ता दितीय श्रेणी तहसील व जिला ऊना (हि0प्र0)**

क्रमांक संख्या ना0 तह0 ईसपुर / रीडर 157
दिनांकः-06/07/2026
तारीख पेशी - 20/08/2026
**व अदालत नायब तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीय वर्ग उप तहसील ईसपर जिला ऊना (हि.प्र.)**
इशतहार मुशत्री मुनादी जेर धारा 23 हि.प्र. भू राजस्व अधिनियम 1954
**किस्म मुकदमा तकसीम**
**बलवन्त राये बनाम कृष्णा पाल आदि ।**
समन मुशत्री मुनादी बनाम प्रतिवादीगणः- 1. कृष्ण पाल पुत्र व 2. राकेश चन्द पुत्र व 3. श्रीमति तृप्ता देवी पुत्री व 4. श्रीमति दर्शना देवी पुत्री व 5. श्रीमति निर्मला देवी पुत्रियाँ रिखीया 6. राहुल पुत्र सुभाष चन्द 7. नन्द लाल पुत्र व 8. श्रीमति शकुन्तला देवी पुत्री व 9. श्रीमति निर्मला देवी पुत्रिया वतन चन्द 10. कुलदीप कुमार पुत्र हरनाम दास 11. श्रीमति गुरमीत कौर पत्नी कुलदीप कुमार पुत्र हरनाम दास 12. श्रीमति मोनिका देवी पुत्री व 13. श्रीमति रजनी वाला पुत्री व 14. अंकिता पुत्री व 15. विशाल कुमार पुत्र श्रीमति दर्शना देवी वारसान श्रीमति दर्शना देवी 16. अमर चन्द पुत्र व 17. उतम चन्द पुत्र व 18. हाकम चन्द पुत्र नौलू सभी वासी गांव पंडोगा 19. किशन चन्द पुत्र छज्जू राम 20. गुरनाम सिंह पुत्र रामलाल उप तहसील ईसपुर, जिला ऊना (हि.प्र.)। आराजी 00-42-69 है0 खेवट न. 542 खतौनी न. 719 ता 721 खसरा न. 2949, 2947, 2948 किता 3, उप महाल पंडोगा निचला नकल जमाबंदी साल 2021-2022 आराजी 03-13-66 है0 खेवट न. 541 खतौनी न. 710 ता 718 किता 45,उप महाल पंडोगा निचला नकल जमावंदी साल 2021-2022 खसरा न. 2977, 2976, 2975 किता 03 आराजी 00-08-19 है0 खेवट न. 543 खतौनी न. 722 ता 724 मुन्दर्जा जमाबन्दी 2021-2022 वाक्या उप महाल पंडोगा निचला, उप तहसील ईसपुर । **जमादार उप तहसील ईसपुर-** उक्त अनुवान वाला मुकदमा में इस न्यायालय को विश्वास हो चुका है कि उक्त प्रतिवादीगण को तामील साधारण ढंग से नहीं हो सकती है। अतः इस इशतहार अखबार के माध्यम से उपरोक्त सभी प्रतिवादीगणों को सूचित किया जाता है कि वे मुकदमा की पैरवी हेतु असालतन व वकालतन इस न्यायालय में दिनांक 20-08-2026 को समय 10:00 वजे उपस्थित होवे। हाजिर न आने की सूरत में उनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाकर नियमानुसार मुकदमा का निपटारा कर दिया जाएगा। नोटः उक्त निर्धारित तिथि व समय पर हाजिर न होने के उपरान्त किसी भी प्रकार का कोई भी उजर/एतराज मान्य न होगा। आज दिनांक 06/07/2026 को हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय द्वारा जारी किया गया।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय वर्ग उप तहसील ईसपर जिला ऊना (हि.प्र.)**

**व अदालत नायव तहसीलदार एवंम सहायक समाहर्ता (द्वितीय वर्ग), उप-तहसील वीहडूकलां जिला ऊना, (हि0 प्र0)**
**श्रीमति निर्मला देवी वनाम आम जनता**
तारीख पेशीः- 22-07-2026
किसम दावा :- नाम दरूस्ती
मुकदमा न0 8095102/NTBC/2026
**विषयः प्रार्थना पत्र नाम दरुस्ती करवाने बारे।**
उपरोक्त मुकदमा अनुवान वाला में प्रार्थीयां श्रीमति निर्मला देवी विध्वा हजारी लाल ने एक प्रार्थना पत्र वराए अपने सास व ससुर श्रीमति किशनी देवी पत्नी रत्तन सिहं का नाम दरूस्ती इस न्यायालय में दायर किया है जिसमें उनके द्वारा अपने ससुर का नाम रत्तन सिंह व सास का नाम श्रीमति किशनी देवी वासी महाल थानाखुर्द, मौजा टीहरा, जिला ऊना (हि.प्र.) बताया है। जबकि उसका नाम राजस्व अभिलेख महाल थानाखुर्द जमावन्दी वर्ष 2022-2023 के अनुसार रतनू व श्रीमति कृष्णा देवी दर्ज है। प्रार्थीयां अपने सास ससूर का नाम श्रीमति कृष्णा देवी व रतून की वजाएं श्रीमति कृष्णा देवी उपनाम श्रीमति किशनी देवी पत्नी रतनू उपनाम रतन सिंह वासी महाल थानाखुर्द, मौजा टीहरा, जिला ऊना (हि.प्र.) करवाना चाहती है। अतः सर्वसाधारण को इस अखवारी इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्व अभिलेख थानाखुर्द, मौजा टीहरा, उप-तहसील वीहडूकलां, जिला ऊना (हि.प्र.) में इस नाम दरूस्ती वारे कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह निर्धारित तिथि पेशी दिनांक 22-07-2026 या इससे पूर्व असालतन या वकालतन अदालत हजा में हाजिर आकर अपना एतराज प्रस्तुत कर सकता है। एतराज न प्राप्त होने की सूरत में हस्व जावता कार्यवाही अमल में लाई जाकर मुकदमा का निर्णय कर दिया जाएगा।
आज दिनांकः- 07/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।
**सहायक समाहर्ता (द्वितीय वर्ग), उप-तहसील वीहडूकलां जिला ऊना, (हि0 प्र0)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पिपली भराड़ी विकास खण्ड धर्मपुर जिला मंडी (हि0प्र0)

निविदा सूचना

वित् वर्ष 2026 - 27 के लिए समस्त शिर्षों के अंतर्गत विकास योजनाओं हेतु सामग्री सप्लाई की निविदाएं आमंत्रित करने बारे - पंचायत बैठक में प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया जाता है कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए समस्त शिर्षों के अंतर्गत विकास योजनाओं हेतु सामग्री सप्लाई की निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं विवरण इस प्रकार से है-:

| क0 | सामान वस्तु नाम | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | रेता क्रशर | प्रति क्यूबिक मीटर |
| 2 | रेता खड | प्रति क्यूबिक मीटर |
| 3 | बजरी क्रशर 10mm, 20mm,40 mm | प्रति क्यूबिक मीटर |
| 4 | बोल्डर | प्रति क्यूबिक मीटर |
| 5 | ईंट पकी 2nd class | प्रति ईंट |
| 6 | शटरिंग स्टील व लकडी | प्रति स्क्वर मीटर |
| 7 | JCB मशीन कटाई | प्रति घंटा |
| 8 | JCB मशीन कटाई हार्ड रॉक (ब्रेकर) | प्रति घंटा |
| 9 | सीमेंट दुलाई सिविल सप्लाई धर्मपुर से कार्यस्थल तक | प्रति बैग |
| 10 | बोर्ड लिखवाई व फोटो in sqr. (2x3ft) | प्रति बोर्ड |
| 11 | बोर्ड सीमेंट in sqr.(2 x 3 ft) | प्रति बोर्ड |

निविदाए कार्यालय ग्राम पंचायत पिपली भराड़ी में दिनाक 24 जुलाई 2026 को शाम 5 बजे तक जमा हो जानी चाहिए। दिनाक 24 जुलाई 2026 के बाद आने बाली निविदाए मान्य नही होगी, निविदाएं ग्राम पंचायत की मासिक बेठक में कार्यकारणी के समक्ष 25 जुलाई 2026 को 11 बजे के बाद खोली जायगी । निविदादाता के द्वारा ही निविदा मान्य होगी

**नियम व शर्त. 1 -:** सपलायर के पास GST No या Tin No होना चाहिए फोटो कापी सलगन करे । 2 यदि सप्लाई समय पर सपलायर द्वारा नही दी जाती है तो कुटेशन को रद करने का अधिकार पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा । 3 ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा, सामग्री जहा तक सडक सुबिधा होगी वहा तक पहचानी होगी । 4 सपलायर को मुताबिक 20000/- रूपए धरोहर राशी के रूप में खाते में जमा करवानी होगी । 5. निविदादाता पंचायत के किसी भी पदाधिकारी व कर्मचारी का सगा समन्धी नही होना चाहिये । 6. निविदादाता प्राधिकृत अधिकारी खनन विभाग द्वारा जारी ऍम फार्म व टेक्स सहित अपनी सामग्री की दर से रेट देगा । 7. जिस दिन निविदाए खोली जायगी उस दिन निविदादाता पंचायत में उपस्थित होना चाहिये जो निविदादाता उस दिन उपस्थित नहीं होगा उस की निविदा खोली नहीं जायगी उसे रद माना जायगा । 8 . यदि सप्लाई समय पर सपलायर द्वारा नही दी जाती है तो सप्लायर को आगे 5 वर्ष के लिए ब्लेक लिस्ट कर दिया जायेगा | 9. निविदाए आइटम वाइज़ ही ली जायगी ।

प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत पिपली भराड़ी
विकास खंड धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.)

## कार्यालय ग्राम पंचायत कश्मैला विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश

निविदा आमन्त्रण सुचना

ग्राम पंचायत कश्मैला विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि प्र द्वारा वित् वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (सील्ड ) निविदाए (कुटेशने) आमंत्रित की जाति है। ये निविदाये दिनांक 21/07/2026 को 3 बजे दोपहर तक निविदा शुल्क 1000 रु के साथ ग्राम पंचायत के कार्यलय में पहुँच जानी चाहिए। इस तिथि तक प्राप्त निविदाये दिनांक 24/07/2026 को प्रातः 10:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत कश्मैला में पदाधिकारियों की गणपूर्ति व निविदादातायो या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (यदि उपस्थित हो ) खोली जायेगी। प्रशासकीय कारणों से इस तिथि में बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत कश्मैला के सुरक्षित होगा इस दशा में सुचना समाचार पत्रों में प्रदर्शित नहीं की जाएगी। सुचना ग्राम पंचायत के सुचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत को इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी। शर्ते लागू ।

| क्र. सं. | सामग्री का विवरण | सामग्री की मात्रा जिसमे मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1. | रेत क्रशर | प्रति घन मीटर |
| 2. | बजरी क्रशर 10mm, 20mm, 40mm | प्रति घन मीटर |
| 3. | सोलिंग / बोल्डर पत्थर | प्रति घन मीटर |
| 4. | पत्थर (कट स्टोन) | प्रति प्रति पत्थर (6*8 इंच) |
| 5. | ईंट मिटटी के भठे की | प्रति 1000 |
| 6. | इंटरलोक टाइल पेवर्स 40mm 50mm, 60mm, व सीमेंट कंक्रीट पाथ टाइल | प्रति पीस प्रति साइज़ |
| 7. | JCB मशीन द्वारा मिटटी कटान व् ब्रेकर | प्रति घन मीटर (हार्ड / सॉफ्ट रॉक) प्रति घंटा |
| 8. | शटरिंग लोहा व लकड़ी | प्रति फुट |
| 9. | हार्डवेयर Items (सरिया 8mm,10mm,12mm, 16mm, एंगल, चैनलसाइज़ वार, टाइल, पेंट, रेलिंग लोहा building fiting, सैनिटरी फिटिंग्स व लेवर रेट etc.) | आइटम वार व प्रति किलो / किवंटल प्रति पॉइंट |
| 10 | मिक्सर मशीन | प्रति दिन / प्रति घंटा |
| 11 | साइन बोर्ड / वाल राइटिंग / पेंटिंग | साइज़ वार / अन्य |
| 12 | स्टेशनरी | विभिन्न रजिस्टर, कागज इत्यादि सभी आइटम्स |
| 13 | अन्य सामग्री | आइटम वार |

नियम व शर्ते : निविदाता (आपूर्तिकर्ता) के पास अपना पंजीकरण, TIN NO / CST / GST NO. होना आवश्यक है । 2 रेत/बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से जारी MIX FORM ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करना होगे M/X FORM उपलब्ध न करवाने पर बिल की अदायगी नही की जाएगी तथा साथ में सरकार द्वारा निर्धारित सपथ पत्र साथ जमा करवाना होगा । 3 सभी दरो का लेन देन सरकार के प्रावधानो अनुसार होगी 4 सामग्री की आपूर्ति HPPWD की SPECIFICATION के अनुरूप होगी। 5 रेत, बजरी, पत्थर, ईंटो इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल जहाँ तक वाहन योग्य सडक है तक करवानी होगी तथा ग्राम पंचायत के पुरे क्षेत्राधिकार में एक ही रेट देय होगा । अनुमोदित निविदादाता को सामग्री की आपूर्ति से पूर्व सामग्री की गुणवत्ता की जांच सक्षम तकनिकी कर्मचारी से करवानी होगी, अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 7 अनुमोदित निविदादाता यदि सामग्री की आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 8 किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अस्वीकृत रद्द करने समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओ के लिए आपूर्ति आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदाये किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 9 सामग्री ख़रीद का अंतिम मूल्य / निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व अनुमोदित निविदाताओ के साथ NEGOTITION अनुसार ही किया जाएगा। 10. पारित निविदादाताको मु. 20,000/- रुपय धरोहर / सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के नाम करवाने होंगें |

प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत कश्मैला
विकास खंड गोपालपुर, जिला मंडी (हि.प्र.)

## कार्यालय ग्राम पंचायत गागला
### विकास खंड मैहला , जिला चंबा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गागला की मासिक बैठक दिनांक 07/07/2026 के प्रस्ताव संख्या 02 के अनुसार पारित हुआ है कि वर्ष 2026-27 में विभिन्न मदों के अंतर्गत करवाए जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु प्रयोग में लाई जानी वाली सामग्री जैसेः- रेत, बजरी, पत्थर, ईट, दरवाजे, खिड़की, शटरिग लकड़ी/स्टील, पेंट, जे. सी. बी मशीन इत्यादि के लिए कुटेशने आमंत्रित की जा रही है । अतः इच्छुक व्यक्ति / फर्म दिनांक 20/07/2026 को शाम 5 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत गागला में अपने Letter Pad पर सीलबंद लिफ़ाफ़े में अपनी कुटेशन जमा करवाए । निर्धारित तिथि एवं समय के पश्च्यात प्राप्त होने वाली कुटेशन को स्वीकार नही किया जायेगा । कुटेशन को दिनांक-21/07/2026 को ही दोपहर 2:00 बजे पंचायत द्वारा गठित कमेटी व सम्बन्धित फार्म/व्यक्ति की उपस्थिति में कार्यालय ग्राम पंचायत गागला में सार्वजनिक किया जाएगा। **शर्ते :-**1.GST धारक की कुटेशन ही मान्य होगी । 2. ओवरराइटिंग / कटिंग वाली कुटेशन मान्य नही होगी । 3. कुटेशन में सामग्री की मात्रा को क्यूबिक मीटर में दर्शाया जाये 4. पंचायत को समय पर सामग्री उपलब्ध न करवाने की दशा में कुटेशन को रद्द कर दिया जाएगा । 5. ग्राम पंचायत गागला को वेंडर द्वारा मटीरियल की सप्लाई के साथ-साथ M-Forms भी साथ देना होगा 6. इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा पारित बिल से ही GST, SGST. वेंडर द्वारा जमा करवाने पर ही बिलों का भुगतान किया जायेगा । 7. तकनीकी कर्मचारी के दवारा विल को पारित करने उपरान्त ही विल का भुगतान किया जाएगा । 8. कुटेशन में सामग्री की दर With F.O.R दर्शाया जाए, और कुटेशन में सामग्री / दर को वार्ड वाइज दर्शाया जाए । 9. आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड Registion कॉपी, बैंक पास बुक, वोटर कार्ड, जी एस टी, पैन नंबर, टैन नंबर, मोबाईल नं. इत्यादि की समस्त दस्तावेजो की छायाप्रति सलंग्न करना अवश्यक है । 10. इसके अतिरिक्त आवेदक को ग्राम पंचायत गागला के नाम 50,000/-रु में Security के रूप में Damand Draft जमा करवाना होगा ।

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमे मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1 | रेता | प्रति घन मीटर |
| 2 | बजरी | प्रति घन मीटर |
| 3 | पत्थर | प्रति घन मीटर |
| 4 | ईट | प्रति ईट |
| 5 | पेंट | प्रति लीटर |
| 6 | शटरिग लकड़ी | प्रति फुट |
| 7 | शटरिंग लोहा/स्टील | प्रति फुट |
| 8 | जेसीबी मशीन | प्रति घंटा |
| 9 | दरवाजा/खिड़की | प्रति फुट |
| 10 | सीमेंट कैरिज | प्रति किलो मीटर |

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत गागला विकास खंड मैहला , जिला चंबा (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत मैरा
### विकास खंड फतेहपुर, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मैरा वर्ष 2026-27 में निम्नलिखित मैटिरियल, सप्लाई हेतू निविदा अमन्त्रित करती है। इच्छुक फर्म /व्यक्ति/ एजेन्सी इस निविदा के 15 दिनों के भीतर-भीतर रजिस्ट्रीकृत डाक के माध्यम से अपनी निविदा जमा करवा सकते हैं। निविदा जमा करवा सकते हैं इन निविदाओं को 24.07. 2026 को खोला जाएगा। मैटिरियल का विवरण इस प्रकार से हैः- * रेत (क्रेशर) *बजरी (क्रेशर) 40,60,80एमएम * पत्थर (रोडी) क्रेशर with G.ST. No. x फार्म सहित * ईट *वाटर टैंक *सरिया RCC पाईप, Pre Pipe, * शैटरिंग *मिक्सचर मशीन, *बोर्ड, *वाटर कूलर, *बैंच, RCC. लोहा लोहे की टंकी * सीमेंट ढुलवाई, इत्यादि जो सामग्री निर्माण कार्यों पर प्रयोग होती हो। इसके अलावा मेज, कुर्सीयां, अल्मारी, प्रिंटर पंखे इत्यादि की कुटेशनें ग्राम पंचायत आमंत्रित करती है। इच्छुक सप्लायर को सिक्योरिटी के रूप में मु0 से 50000/- की राशि पंचायत में जमा करवानी होगी।

**नोट- कुटेशन में साथ के साथ अलग से जीएसबी अंकित करना होगा व साथ में x फार्म देना होगा। कोई भी कुटेशन By Hand मान्य नहीं होगी ।**

**प्रधान/सिचव कार्यालय ग्राम पंचायत मैरा**
**विकास खंड फतेहपुर, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत गौण्टा
### विकास खण्ड गोपालपुर तहसील सरकाघाट जिला मण्डी हि0प्र0

निविदा सूचना

दिनांक 09/07/2026 को पंचायत बैठक में पारित प्रस्ताव अनुसार ग्राम पंचायत गौण्टा में वर्ष 2026-27 हेतु निम्न सामग्री के लिए कुटेशन / निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं I निविदायें दिनांक 23/07/2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं I निर्धारित आवेदन फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी दिन कार्यालय समय में प्राप्त किये जा सकते हैं I कुटेशन / निविदा ग्राम पंचायत में दिनांक 24/07/2026 को 12:30 PM पंचायत कमेटी के समक्ष खोली जाएंगी I सामग्री विवरण -: रेत क्रशर प्रति घन मीटर, रेत प्लांट (FINE SAND) प्रति घन मीटर, पक्की ईंटे (A, B, C Grade), बजरी क्रशर 10, 20, 40MM प्रति घन मीटर, पत्थर (cut stone) standard size प्रति सैंकड़ा, सोलिंग / बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, JCB मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा, सैटरिंग (भवन निर्माण/ अन्य प्रति Sqr मीटर / प्रति रनिंग मीटर, सामग्री दुलान सीमेंट प्रति बैग, Sign Board (Standard Size) पेंटिंग व राइटिंग सहित प्रति बोर्ड, Segregation Shed, सीमेंट बैंच, Airport 3 Seater Waiting Chair, Mixture Machine With labour / With out labour per day etc.

नियम व शर्ते -: 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन न0, GST No. होना आवश्यक है I 2. निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर सम्बंधित ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी I 3. निविदादाता को बिल के साथ Valid Transit Pass forms "X" or "W" जमा करवाने होंगे I 4. सभी करों का लेन देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा 5. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी 6. दरें अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए 7. निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी 8. निविदादाता को मु01000 रु (नॉन- रिफंडेबल) आवेदन शुल्क सम्बंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे तथा पारित निविदादाता को मु0 20000/- रु0 अग्रिम / सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे 9. निविदादाता यदि सामग्री आपुर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी दी गयी सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी व सुरक्षित राशि में से ही बाज़ार भाव पर सामग्री क्रय की जायेगी तथा उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी I 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदायें किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा 11. सामग्री राशि की अदायगी TA/JE की पैमाइश के उपरान्त ही की जायेगी तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass forms "X" or "W' होना जरूरी है अन्यथा बिलों की अदायगी नहीं की जाएगी I 12 सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य / निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुसार/ उपरान्त किया जायेगा I
नोट -: नियम व शर्ते पंचायत के अनुरूप रहेंगी |

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत गौण्टा
विकास खण्ड गोपालपुर तहसील सरकाघाट जिला मण्डी हि0प्र0

## कार्यालय ग्राम पंचायत चन्दपुर
### विकास खण्ड भवारना डाकघर चन्दपुर तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा

**निविदा सूचना**

यह कि बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि ग्राम पंचायत चन्दपुर में सामग्री (रेत , बजरी, क्रशर, इंट, बोल्डर, कार्य बोर्ड लेखन / बोर्ड, सीमेंट ढुलाई, लकड़ी के खिड़की दरवाजे, खच्चर द्वारा सामग्री ढुलाई, लोहे के खिड़की-दरबाजे, ग्रिल छत ढलाई हेतु चादर व स्टील, बिजली फिटिंग सामग्री, पेवर ब्लोक , शौचालय फिटिंग सामग्री, प्लास्टिक कुर्सी, ग्राउंड मैटिंग, महिला मंडल सम्बन्धी सामग्री आदि के लिए बर्ष 2026-27 हेतु निविदाएं आमंत्रित की जानी चाहिए ताकि वित बर्ष में कार्य सुचारू रूप से चले रहें व पारदर्शिता भी बनी रहे । अतः पारित प्रस्ताव प्रतिलिपि स्थानीय समाचार को प्रेषित की जाये ताकि प्रचार प्रसार हो सके । निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि 24/07/26 कार्यालय समय सुबह 11:30 रहेगा । व निविदाएं 24/07/2026 बाद दोपहर 2:00 बजे खोली जाएँगी ।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत चन्दपुर, विकास खण्ड भवारना**
**डाकघर चन्दपुर तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बलघाड
### विकास खण्ड झंडूता, जिला बिलासपुर, (हि.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बलघाड वितीय वर्ष में 2026-2027 के लिए सभी मदों के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु अधोलिखित सामग्री की आपूर्ति के लिए GST धारकों से सामग्री हेतू निविदाएं आमंत्रित करती है। अतः मैटीरियल सामग्री विक्रेताओं से अनुरोध है कि जिसके पास GST अपनी फर्म का है वही विक्रेता ग्राम पंचायत बलघाड के कार्यालय में 2026-2027 के लिए अपनी निविदाएं सील बंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्माण सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। जिनके लिए ग्राम पंचायत बलघाड निविदा आमंत्रित करती है। **सामग्री का विवरणः-**1. रेता क्रेशर- प्रति घन मीटर, 2. बजरी क्रेशर, 20एमएम,40एमएम,-प्रति घन मीटर, 3. बोल्डर पत्थर-प्रति घन मीटर, 4. कट स्टोन-प्रति घन मीटर, 5. ईट Bricks 2nd CLASSFULL SIZE- प्रति ईंट, 6. जेसीबी- प्रति घंटा, 7. मिक्चर मशीन-प्रति दिन, 8. पानी का टैंकर-प्रति टैंकर, 9. पाईप PVC/RCC- AS PER MARKET RATE 10. सरिया- AS PER MARKET RATE, 11. Board Writing and Painting (साईन बोर्ड) (2.5*3) FT & 3*4 ft, COST OF BOARD (2.5*3), (3*4) PAINTING & WRITING.-प्रति बोर्ड, 12. सीमेंट ढुलाण लोडिंग / अनलोडिंग सहित सिविल सप्लाई झंडूता से ग्राम पंचायत बलघाड स्टोर तक- प्रति बैग, 13. सैटरिंग (Shuttering) SQM/SQ FT/R MITER-SQM/SQ FT/R MITER 14. स्टील सैटरिंग लोहा (Shuttering) SQM/SQFT/R MITER- SQM/SQ FT/R MITER, 15. सामग्री इत्यादि जीप / ट्रेक्टर लोकल चक्कर-प्रति लोकल चक्कर। **मुख्य शर्ते :-** 1. निविदा दाता को निविदा के साथ गाडी की PAN/GST की छाया प्रतियाँ साथ संलगन करें अगर PAN/GST/TIN No की छाया प्रति साथ संलगन नहीं होगी तो निविदा रद्द मानी जाएगी। 2. निविदाता को उपरोक्त सामग्री के कुल रेट टेक्स, रायल्टी एवं ढुलान सहित कार्य स्थल के नजदीक सडक तक सप्लाई करनी होगी। 3. रिजेक्ट सामग्री की अदायगी नही की जाएगी तथा रिजेक्ट सामग्री को शीघ्र कार्य स्थल से हटाना होगा। 4. यदि सामग्री प्रदाता समय पर सामग्री उपलब्ध नहीं करवाता है, तो उसकी निविदा बिना कारण व बिना नोटिस बताए रद्द कर दी जाएगी और दूसरी न्यूनतम निविदा मान्य कर दी जाएगी। 5. जिस निविदाता की निविदा पास होगी उसे 30000/- बतौर धरोहर राशी ग्राम पंचायत कार्यालय बलघाड में जमा करवानी होगी।6. सामग्री की अदायगी खपत (Consumption) के अनुसार कार्य पूर्ण होने के बाद की जाएगी। 7 सामग्री का भुगतान जहाँ तक जीप / ट्रेक्टर जाएगा वहाँ तक पहुंचाना होगा। 8 सामग्री दाता सामग्री सप्लाई करने के उपरांत ग्राम पंचायत कार्यालय बिल के साथ M-form जमा करवाना अति आवश्यक है तभी बिलों की अदायगी की जाएगी। 9. पारित सामग्री दाता GST एवं M- FORM के लिए सामग्री दाता स्वयं उत्तरदायी होगा जिसके लिए सामग्रीदाता को शपथ पत्र देना अनिवार्य है। उपरोक्त निविदाएं दिनाक 18-07-2026 को समय 5 बजे तक डाक द्वारा बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत में पंहुच जानी चाहिए किसी अन्य से प्राप्त निविदा स्वीकृत नहीं होगी एवं 23-07-2026 को समय 1:00 बजे ग्राम पंचायत बलघाड की पंचायत बैठक में निर्मित कमेटी के समक्ष खोली जाएगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बलघाड**
**विकास खण्ड झंडूता, जिला बिलासपुर, (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत घाटू
### विकास खंड निरमंड, जिला कुल्लु (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घाटू वितीय वर्ष 2026-27 लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री खरीद व ढूलान व अन्य कार्य हेतु निविदा (कुटेशन) आमंत्रित करती है सामग्री/कार्य का विवरण निम्न प्रकार से है! रेत, रोड़ी, पत्थर, ईट, सरिया, चादर, एंगल, चैनल, पी0 वी0 सी0, जी0 आई0 आर0 सी0 सी0व अन्य सभी प्रकार के पाईप व शीट, इंटर लॉक व सभी प्रकार की टाइलें, कोटा स्टोन, रंग, Water Filter/water Cooler सीमेंट ढुलान व अन्य सामग्री ढुलान, खच्चर द्वारा ढुलान, लकड़ी, खिड़की, दरवाजे सभी प्रकार की भवन निर्माण व अन्य निर्माण कार्य की सभी सामग्री तथा नागरिक सूचना बोर्ड निर्माण व लिखाई, दीवार लेखन, जे0सी0बी0 कार्य इत्यादि सामग्री आपूर्ति के रेट स्थान गाँव सड़क में घाटू, लांज, गाड, बांदल, सुनारा, दपलाड के लिए प्रदर्शित करें। अतः इच्छुक व्यक्ति वेंडर अपनी निविदा (कुटेशन) सील बन्द लिफाफे में दिनांक 25-07-2026 तक 11:00 बजे पूर्वाहन तक कार्यालय ग्राम पंचायत घाटू में जमा करवाएं। इसके बाद कोई निविदा (कुटेशन) नहीं ली जायेगी। निविदा/कोटेशन पंचायत कार्यालय घाटू में दिनांक 25-07-2026 को 12:00 बजे अपराहन ग्राम पंचायत द्वारा खोली जायेगी। **शर्ते-** 1) निविदाता के पास सामग्री का GST न0 का होना अनिवार्य है। (2) निविदा (कुटेशन) साफ़ व स्पष्ट शब्दों में होनी चाहिए। (3) निविदा दाता पंचायत का देनदार न हो। (4) जिस निविदादाता की निविदा कोटेशन रेट सबसे कम हो वही मान्य होगा। (5) सामान दर व किसी विवाद हेतु ग्राम पंचायत को पूर्ण अधिकार रहेगा। (6) निविदा किसी भी समय बिना कारण के रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास होगा। (7) निविदा दाता को रेत, रोड़ी, पत्थर की मूल्य राशी का भुगतान M-Form देने के बाद किया जायेगा। (8) अन्य शर्ते व अधिक जानकारी के लिए पंचायत कार्यालय में या मोबाइल न0 8219444056 व 8219265932 पर सम्पर्क करें!

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत घाटू विकास खण्ड निरमण्ड,**
**जिला कुल्लू (हि0 प्र0)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत तान्दी
### विकास खंड आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत तान्दी विकास खण्ड आनी, जिला कुल्लू के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबन्द निनिदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदाएं दिनाँक 22/07/2026 को 3 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनाँक 24/07/2026 को 11 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। **सामग्री का विवरणः-** 1. रेत, रेता व क्रेशर-प्रति घनफुट, 2. बजरी 10,20,40 एमएम-प्रति घनफुट, 3. मारबल-प्रति घनफुट, 4. ईंट (2nd Class)-प्रति न0, 5. शटरिंग- घनमीटर, 6. R.C.C पाईप-प्रति न0, 7. G.I. पाईप-प्रति न0, 8. PVC पाईप-प्रति न0, 9. एल्काथिन पाईप-कि. ग्राम, 10. जे0सी0बी0- प्रति घनमीटर, 11. सिमेंट टाईल- प्रति न0, 12. इंटरलॉक, पेवर, सिमेंट टाईल- प्रति स्केयर मीटर, 13. G.I. शीट- प्रति न0,14. फर्नीचर- प्रति न0, 15. सिमेंट बैंच- प्रति न0, 16. स्टील 8, 10, 12एमएम- प्रति किग्रा, 17. लोहा एंगल व शीटें- प्रति किग्रा, 18. CIB बोर्ड- प्रति न0 19. वाल राईटिंग- प्रति अक्षर, 20. वाणवानी पौधे-प्रति न0, 21. जंगली पौधे-प्रति न0, 22. इमारती लकड़ी-घनफुट, 23. क्रेटवायर- प्रति बंडल, 24. एल्युमिनियम फिटिंग- प्रति घनफुट, 25. पत्थर तोडान-प्रति घनफुट, 26. पत्थर ढोलान- प्रति घनफुट, 27. दिवार तथा फलोर टाईल-प्रति स्केयर मीटर। **नियम व शर्तेः-** 1. निविदा केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएगी। 2. पंजीकृत सप्लायर अपना पंजीकरण नम्बर निविदा पर भरना सुनिश्चित करें तथा इसके साथ आर.सी. नम्बर जी.एस. टी. सी.एस.टी. नम्बर की छाया प्रति सलंग्न करें। 3. सप्लाई की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता सही होनी चाहिए। 4. कम दर वाली निविदा को ही मंजूरी दी जाएगी। 5. यदि सप्लायर द्वारा सही समय पर सामग्री नहीं दी जाती है तो अथवा अथवा सामग्री की गुणवत्ता सही नहीं पाई जाती तो उस स्थिति में निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत / गठित कमेटी का होगा तथा सप्लाई आदेश प्राथमिकता के आधार पर दूसरे सप्लायर को दिया जाएगा। 6. सामग्री की दरें एक वर्ष के लिए वही रहेंगी तथा सामग्री जहां तक वाहन योग्य सड़क है वहां तक पहुंचानी होगी। 7. सप्लायर को खनन विभाग से हस्ताक्षरित X-Form या W-Form जमा करवाने होंगे। X-Form या W-Form उपलब्ध न करवाने की सूरत में निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत / गठित कमेटी का होगा तथा सप्लाई आदेश प्राथमिकता के आधार पर दूसरे सप्लायर को दिया जाएगा। 8. सामग्री सप्लायर पंचायत प्रतिनिधियों का करीबी रिशतेदार नहीं होना चाहिए। 9. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, GST होना आवश्यक है। 10. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 11. निर्माण सामग्री कार्यस्थल पर जहां तक गाड़ी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी। 12. निविदादाता को 30000/-रु0 धरोहर / सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी। 13. निविदादाता व समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 14. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा। 15. दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDED या EXCLUDED का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 16. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 17. सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य / निर्णय विभाग की JUSTI-FICATION पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION अनुसार उपरान्त किया जाएगा।18 निविदादाता अपना मोबाईल न0 लिफाफे के बाहर लिखना सुनिश्चित करें।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत तान्दी विकास खंड आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.)

## कार्यालय ग्राम पंचायत पलेही
### विकास खंड आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत पलेही विकास खण्ड आनी, जिला कुल्लू के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबन्द निनिदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदाएं दिनाँक 22/07/2026 को 3 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनाँक 24/07/2026 को 11 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। **सामग्री का विवरणः-** 1. रेत, रेता व क्रेशर-प्रति घनफुट, 2. बजरी 10,20,40 एमएम-प्रति घनफुट, 3. मारबल-प्रति घनफुट, 4. ईंट (2nd Class)-प्रति न0, 5. शटरिंग- घनमीटर, 6. R.C.C पाईप-प्रति न0, 7. G.I. पाईप-प्रति न0, 8. PVC पाईप-प्रति न0, 9. एल्काथिन पाईप-कि. ग्राम, 10. जे0सी0बी0- प्रति घनमीटर, 11. सिमेंट टाईल- प्रति न0, 12. इंटरलॉक, पेवर, सिमेंट टाईल- प्रति स्केयर मीटर, 13. G.I. शीट- प्रति न0,14. फर्नीचर- प्रति न0, 15. सिमेंट बैंच- प्रति न0, 16. स्टील 8, 10, 12एमएम- प्रति किग्रा, 17. लोहा एंगल व शीटें- प्रति किग्रा, 18. CIB बोर्ड- प्रति न0 19. वाल राईटिंग- प्रति अक्षर, 20. वाणवानी पौधे-प्रति न0, 21. जंगली पौधे-प्रति न0, 22. इमारती लकड़ी-घनफुट, 23. क्रेटवायर- प्रति बंडल, 24. एल्युमिनियम फिटिंग- प्रति घनफुट, 25. पत्थर तोडान-प्रति घनफुट, 26. पत्थर ढोलान- प्रति घनफुट, 27. दिवार तथा फलोर टाईल-प्रति स्केयर मीटर। **नियम व शर्तेः-** 1. निविदा केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएगी। 2. पंजीकृत सप्लायर अपना पंजीकरण नम्बर निविदा पर भरना सुनिश्चित करें तथा इसके साथ आर.सी. नम्बर जी.एस. टी. सी.एस.टी. नम्बर की छाया प्रति सलंग्न करें। 3. सप्लाई की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता सही होनी चाहिए। 4. कम दर वाली निविदा को ही मंजूरी दी जाएगी। 5. यदि सप्लायर द्वारा सही समय पर सामग्री नहीं दी जाती है तो अथवा अथवा सामग्री की गुणवत्ता सही नहीं पाई जाती तो उस स्थिति में निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत / गठित कमेटी का होगा तथा सप्लाई आदेश प्राथमिकता के आधार पर दूसरे सप्लायर को दिया जाएगा। 6. सामग्री की दरें एक वर्ष के लिए वही रहेंगी तथा सामग्री जहां तक वाहन योग्य सड़क है वहां तक पहुंचानी होगी। 7. सप्लायर को खनन विभाग से हस्ताक्षरित X-Form या W-Form जमा करवाने होंगे। X-Form या W-Form उपलब्ध न करवाने की सूरत में निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत / गठित कमेटी का होगा तथा सप्लाई आदेश प्राथमिकता के आधार पर दूसरे सप्लायर को दिया जाएगा। 8. सामग्री सप्लायर पंचायत प्रतिनिधियों का करीबी रिशतेदार नहीं होना चाहिए। 9. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, GST होना आवश्यक है। 10. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 11. निर्माण सामग्री कार्यस्थल पर जहां तक गाड़ी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी। 12. निविदादाता को 30000/-रु0 धरोहर / सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी। 13. निविदादाता व समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 14. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा। 15. दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDED या EXCLUDED का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 16. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 17. सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य / निर्णय विभाग की JUSTI-FICATION पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION अनुसार उपरान्त किया जाएगा।18 निविदादाता अपना मोबाईल न0 लिफाफे के बाहर लिखना सुनिश्चित करें।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत पलेही विकास खंड आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.)

# कुल्लू में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## 51 सड़कें बंद, सैंज खड्ड उफान पर, शहर में जलभराव से बढ़ीं मुश्किलें, मौसम विभाग व प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला कुल्लू में एक बार फिर शुरू हुए बारिश के दौर ने जनजीवन को पूरी तरह से पटरी से उतार दिया है। रातभर हुई मूसलाधार बारिश का व्यापक असर शुक्रवार सुबह साफ देखने को मिला। सुबह से ही कुल्लू शहर और आसपास के क्षेत्रों में लोगों को अपने दैनिक कार्यों के लिए घरों से निकलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।लगातार हो रही बरसात के कारण सड़कें फिसलन भरी हो गई हैं और कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है।

बारिश की सबसे ज्यादा मार स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों पर पड़ी है। शहर की जल निकासी व्यवस्था ठप होने के कारण नालियां ओवरफ्लो हो गईं, जिससे बारिश का पानी सड़कों और गलियों में बहने लगा। इसके चलते पैदल चलने वालों के साथ-साथ वाहनों की आवाजाही भी बुरी तरह प्रभावित रही।



बारिश के चलते सैंज न्यूली रोड एनएचपीसी डैम साइड के पास भारी भूस्खलन हुआ। अनंत ज्ञान

खराब मौसम और जगह-जगह हुए भूस्खलन (लैंडस्लाइड) के कारण कुल्लू जिले में कुल 51 सड़कें यातायात के लिए पूरी तरह बाधित हो चुकी हैं। इसके अलावा, दो डीटीआर (ट्रांसफार्मर) प्रभावित होने से जिले के कुछ हिस्सों में बिजली की आपूर्ति भी ठप है, जिससे स्थानीय लोगों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी भारी बारिश की संभावना जताते हुए अलर्ट जारी किया है। विभाग ने लोगों से विशेष रूप से नदी-नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है।

उधर, बिगड़ते हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी मुस्तैदी बढ़ा दी है। प्रशासन ने आम जनता और पर्यटकों को हिदायत दी है कि वे खराब मौसम के मद्देनजर पूरी एहतियात बरतें और अनावश्यक यात्रा करने से बचें।

### बारिश से खतरे की जद में सैंज, डरे लोग

**भारी** बारिश के चलते जिले के विभिन्न नदी-नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। सैंज में रात से लगातार हो रही वर्षा के कारण स्थानीय नदी उफान पर है। यदि बारिश का यह दौर इसी तरह जारी रहा, तो सैंज बाजार और स्थानीय अस्पताल को गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अगर सरकार और प्रशासन ने यहां जल्द ही सुरक्षा दीवार का निर्माण नहीं कराया, तो पिछले वर्ष की तरह एक बार फिर भारी तबाही और नुकसान झेलना पड़ सकता है।

### ड्राइविंग टेस्ट स्थगित, अब 13 को होगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कुल्लू अकांक्षा शर्मा ने जानकारी दी कि पंजीकरण एवं लाइसेंसिंग प्राधिकरण कुल्लू के तहत आज 10 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाला ड्राइविंग टेस्ट को भारी बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया है। इस ड्राइविंग टेस्ट को अब पुनर्निर्धारित किया गया है, जिसका आयोजन आगामी 13 जुलाई 2026 को किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित आवेदकों को सूचित किया है कि वे अब संशोधित तिथि यानी 13 जुलाई 2026 को निर्धारित समय व स्थान पर परीक्षण के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष संख्या 01902-225977 पर संपर्क किया जा सकता है।

# एनएचपीसी पार्वती-II पावर स्टेशन सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित



एनएचपीपीएससी के पदाधिकारियों को सम्मानित करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** एनएचपीसी पार्वती-II पावर स्टेशन को सामाजिक सरोकारों और जनकल्याण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान समारोह शिमला के होटल पीटरहॉफ में आयोजित 'समृद्धि संवाद' कार्यक्रम के दौरान संपन्न हुआ। पार्बती-II पावर स्टेशन की ओर से उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अरविंद कौशिक ने मुख्यमंत्री के हाथों यह प्रतिष्ठित सम्मान ग्रहण किया। यह पुरस्कार हिमाचल प्रदेश में सामाजिक गतिविधियों के लिए एनएचपीसी पार्वती-II पावर स्टेशन के निरंतर प्रयासों और प्रभावशाली कार्यों को मान्यता देता है। इस पावर स्टेशन ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) और सतत विकास (एसडी) पहलों के माध्यम से ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा में सुधार, बुनियादी ढांचे के विकास और शिक्षा को बढ़ावा देने पर केंद्रित महत्वपूर्ण सामुदायिक विकास कार्यक्रम चलाए हैं, जिससे क्षेत्र के स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

इस कार्यक्रम में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, शिमला के विधायक हरीश जनार्था और शिमला के मेयर सुरिंदर चौहान सहित कई प्रमुख गणमान्य व्यक्तियो की प्रतिभागिता रही।

# कुल्लू पुलिस ने साल 2017 से फरार उद्घोषित अपराधी को किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू पुलिस की उद्घोषित अपराधी सेल की टीम को आज एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने साल 2017 से वांछित चल रहे एक उद्घोषित अपराधी को धर-दबोचा है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान 39 वर्षीय सूरज (नेपाली), पुत्र ओम प्रकाश के रूप में हुई है। आरोपी को सिविल अस्पताल तेगू बेहड़, शमशि के समीप से गिरफ्तार किया गया।उल्लेखनीय है कि आरोपी सूरज के खिलाफ थाना सदर कुल्लू में वर्ष 2017 में अभियोग संख्या 284/17 ( 02.12.2017) के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323, 504 और 34 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। वारदात के बाद से ही आरोपी लगातार अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था और फरार चल रहा था।लगातार अदालत में गैर-हाजिर रहने के कारण माननीय न्यायालय जेएमएफसी, कुल्लू द्वारा उसे पिछले वर्ष दिनांक 05-05-2025 को आधिकारिक रूप से उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया गया था। पीओ सेल कुल्लू की टीम लंबे समय से इसकी तलाश में जुटी हुई थी, जिसे आज शमशि के पास सफलतापूर्वक दबोच लिया गया। पुलिस विभाग के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ नियमानुसार आगामी वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



# लाहौल की स्वच्छता पर मंडराया खतरा

## पर्यटन स्थल के पास कचरे का अंबार, लोगों ने प्रशासन से लगाई गुहार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल की स्वच्छ छवि को बचाने के लिए अब स्थानीय लोग भी खुलकर सामने आने लगे हैं। ग्राम पंचायत कोलोंग के अंतर्गत गेमूर गांव के लोगों ने पर्यटक स्थल के पास लगातार फेंके जा रहे कूड़ा-कचरे को लेकर जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

महिला मंडल गेमूर ने उपायुक्त लाहौल-स्पीति को ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई और संबंधित स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है। ज्ञापन में लिखे गए मांग के अनुसार, गेमूर गांव से करीब एक किलोमीटर आगे केलांग की ओर स्थित कैंची मोड़ पर अज्ञात लोग बड़ी मात्रा में कूड़ा फेंक रहे हैं। यहां शराब की खाली बोतलें, प्लास्टिक, चिप्स के पैकेट, कागज और अन्य कचरा खुले में पड़ा हुआ है, जिससे क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता प्रभावित हो रही है। महिला मंडल का कहना है कि लगातार बढ़ती गंदगी से स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों को परेशानी हो रही है। साथ ही दुर्गंध और प्रदूषण के कारण स्वच्छ पर्यावरण पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या पर रोक नहीं लगी तो लाहौल की पर्यटन छवि भी प्रभावित हो सकती है।



महिलाओं का प्रतिनिधिमंडल डीसी से मिलते हुए। अनंत ज्ञान

महिला मंडल ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर कूड़ा फेंकने वालों की पहचान की जाए, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मौके पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। साथ ही इस कार्य के लिए आवश्यक बजट उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया गया है।

# शिंकुला टनल की पर्यावरणीय निधि को लेकर विवाद रवि ठाकुर ने उठाई लाहौल-स्पीति के हितों की आवाज

अनंत ज्ञान

- **14.06 करोड़ की राशि बाहर खर्चने के प्रस्ताव पर जताई नाराजगी**
- **कहा- लाहौल-स्पीति के पर्यावरण हितों से नहीं होगा कोई समझौता**

**ब्यूरो, केलांग।** पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि ठाकुर ने कहा कि सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण शिंकुला टनल परियोजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा वन्यजीव प्रबंधन योजना एवं मृदा एवं नमी संरक्षण योजना के अंतर्गत 14.06 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी। यह धनराशि सुरंग निर्माण के कारण लाहौल-स्पीति में पर्यावरण, वन्यजीवों एवं प्राकृतिक पारिस्थितिकी पर पड़ने वाले प्रभावों की भरपाई के लिए स्वीकृत हुई है।

उन्होंने कहा कि यह जानकर अत्यंत आश्चर्य और दुःख हुआ कि प्रदेश वन विभाग द्वारा इस राशि में से 7.83 करोड़ (55.7 प्रतिशत) लाहौल-स्पीति से बाहर खर्च करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जबकि केवल 6.23 करोड़ (44.3 प्रतिशत) ही परियोजना प्रभावित क्षेत्र लाहौल-स्पीति में खर्च करने की बात कही जा रही है। जबकि परियोजना का पर्यावरणीय प्रभाव मुख्य रूप से लाहौल-स्पीति में ही पड़ने वाला है। रवि ठाकुर ने कहा कि शिंकुला टनल, जिसकी अनुमानित लागत लगभग ₹1,681 करोड़ है और जो लगभग 15,800 फीट की ऊंचाई पर 4.1 किलोमीटर लंबी ट्विन-ट्यूब सुरंग के रूप में निर्मित हो रही है, भविष्य में विश्व की सबसे ऊँची ट्विन-ट्यूब सुरंगों में शामिल होगी। इस परियोजना से हिम तेंदुआ, हिमालयी भूरा भालू, आइबेक्स, ग्रे वुल्फ सहित कई दुर्लभ वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास, वनस्पतियों एवं हिमनदों पर प्रभाव पड़ने की संभावना है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वीकृत पूरी राशि का उपयोग भी लाहौल-स्पीति में ही होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार ने किसी विशेष परियोजना के लिए पर्यावरण संरक्षण एवं वन्यजीव प्रबंधन की राशि स्वीकृत की है तो उसे किसी अन्य क्षेत्र में स्थानांतरित करना उचित नहीं है। लाहौल-स्पीति के अधिकारों एवं पर्यावरणीय हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

श्री रवि ठाकुर ने प्रदेश सरकार से मांग की कि स्वीकृत पूरी 14.06 करोड़ की राशि केवल परियोजना प्रभावित क्षेत्र लाहौल-स्पीति में ही खर्च की जाए, इस पूरे मामले की पारदर्शी समीक्षा की जाए तथा धनराशि के उपयोग का पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाए।

उन्होंने कहा कि लाहौल-स्पीति के विकास, पर्यावरण और स्थानीय लोगों के हितों की रक्षा के लिए वे हर स्तर पर अपनी आवाज़ उठाते रहेंगे और क्षेत्र के अधिकारों से कोई समझौता नहीं होने देंगे।

# खेगसू फल मंडी में रॉयल सेब की दस्तक 21 किलो की पेटी 4100 रुपए में बिकी

अनंत ज्ञान



**आनी।** आनी क्षेत्र की खेगसू फल एवं सब्जी मंडी में शुक्रवार को रॉयल सेब की दस्तक हो गई। मंडी में रॉयल वैरायटी की 21 किलो क्षमता वाली पहली खेप को 4100 रुपये प्रति पेटी का आकर्षक भाव मिला, जिससे क्षेत्र के बागवानों में उत्साह का माहौल है। खेगसू फल मंडी की शॉप नंबर-3 स्थित एस.एफ.सी. के संचालक एवं आढ़ती संजय कुमार ने बताया कि यह सेब आनी क्षेत्र के खौडा गांव के एक बागवान की फसल थी। बागवान की कुल 19 पेटियां मंडी में पहुंचीं, जिन्हें 4100 रुपये प्रति पेटी की दर से खरीदा गया।

संजय कुमार ने बताया कि सेब का मूल्य उसकी गुणवत्ता, आकार, रंग, ग्रेडिंग और पैकिंग पर निर्भर करता है। उन्होंने बागवानों से अपील की कि बेहतर दाम प्राप्त करने के लिए अच्छी ग्रेडिंग और आकर्षक पैकिंग पर विशेष ध्यान दें। इससे खरीदारों का विश्वास बढ़ता है और फसल का उचित मूल्य मिलता है।

उन्होंने कहा कि फिलहाल मंडी में सेब की आवक कम है और सीजन की शुरुआत धीमी गति से हुई है। वहीं बारिश के चलते भी सेब कम आ रहा है। हालांकि आगामी दिनों में विभिन्न क्षेत्रों से सेब की आवक बढ़ने के साथ कारोबार में तेजी आने की उम्मीद है। शुरुआती दौर में मिले अच्छे दामों से बागवानों को इस सीजन में बेहतर आमदनी की उम्मीद जगी है।

# रायसन में 8 करोड़ की बाढ़ सुरक्षा दीवार का काम अंतिम चरण में, दर्जनों परिवारों को मिलेगी राहत

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** मनाली विधानसभा क्षेत्र के रायसन स्थित चंडीगढ़ मोहल्ले के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। ब्यास नदी के किनारे करीब 8 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 455 मीटर लंबी बाढ़ सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। इससे वर्षों से बाढ़ के खतरे का सामना कर रहे दर्जनों परिवारों को स्थायी सुरक्षा मिल सकेगी।



वर्ष 2023 में आई भीषण बाढ़ के दौरान रायसन क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ था और कई परिवारों को महीनों तक घर छोड़कर अन्य स्थानों पर रहना पड़ा था। इसके बाद सरकार ने क्षेत्र में स्थायी बाढ़ सुरक्षा दीवार निर्माण को मंजूरी दी। जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता अमित ने बताया कि 455 मीटर में से 415 मीटर दीवार का कार्य पूरा हो चुका है। शेष 40 मीटर हिस्सा और एक मीटर ऊंचे पैरापिट का निर्माण मौसम अनुकूल रहने पर जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

स्थानीय लोगों ने विधायक भुवनेश्वर गौड़, जल शक्ति विभाग और पूर्व प्रधान कर्म चंद का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से मानसून में बाढ़ का खतरा काफी कम होगा और जनजीवन सामान्य रहेगा।

# भुंतर, पेट्रोल पंप शमशी में 13 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** सहायक अभियंता भुंतर ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 केवी मौहल फीडर में पेड़ों के काटने और सामान्य रखरखाव कार्य के कारण 13 जुलाई को औद्योगिक क्षेत्र शमशी, जिया, पुलिस स्टेशन भुंतर, पेट्रोल पंप शमशी, फॉरेस्ट चौक, इंडियन ऑयल, सब्जी मंडी, फेटावन, संध्या पेलेस, नाग मंदिर के आसपास के इलाकों में सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपरोक्त तिथियों में मौसम खराब या बारिश रहती है तो यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

# संत कुमार शर्मा अध्यक्ष व इकबाल बने उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** एसडीएम के पत्र संख्या 231 दिनांक 4 अप्रैल 2026 के आदेशों के अनुपालन में देवता नरसिंह जी एवं परम पूज्य पीहोरी बाबा जी महाराज मंदिर विकास कमेटी गांव झीड़ी, डाकघर नग्गर, तहसील एवं जिला कुल्लू का गठन किया गया। इस अवसर पर पंचायत इंस्पेक्टर सुरेश कुमार पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे।

नई गठित कमेटी में संत कुमार शर्मा को अध्यक्ष, इकबाल ठाकुर को उपाध्यक्ष, पुष्पेंद्र ठाकुर को सचिव और सुरेश कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा गायत्री दत्त, आत्मा राम ठाकुर, शिव चंद, हरि चंद राणा, नरेंद्र कुमार शर्मा और चरणजीत अवस्थी को सदस्य बनाया गया। अध्यक्ष संत कुमार शर्मा ने बताया कि नई कमेटी की सूचना जल्द ही डिप्टी रजिस्ट्रार कुल्लू, एसडीएम कुल्लू और बीडीओ नग्गर को भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि मंदिर में लंबे समय से लंबित विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। साथ ही जीर्णोद्धार कार्य पूरा होने के बाद मंदिर की प्रतिष्ठा भी विधि-विधान से संपन्न की जाएगी। नई कमेटी ने मंदिर परिसर की स्वच्छता, श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने और धार्मिक आयोजनों को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया है। समिति ने कहा कि मंदिर विकास कार्यों में पारदर्शिता और तेजी सुनिश्चित की जाएगी।

# बारिश और भूस्खलन की आशंका, आनी विकास खंड ने पंचायतों को किया अलर्ट

अनंत ज्ञान

**आनी।** लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन की आशंका को देखते हुए विकास खंड आनी ने क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के प्रधानों और सचिवों को एडवाइजरी जारी कर आवश्यक एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। खंड विकास अधिकारी विवेक हंस द्वारा जारी निर्देशों में पंचायतों को आम जनता को जागरूक करने और संभावित आपदा से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखने को कहा गया है। एडवाइजरी में लोगों से अपील की गई है कि अत्यंत आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकलें तथा सुरक्षित स्थानों पर रहें।

विशेष रूप से सतलुज नदी और अन्य खड्डों-नालों के किनारे रहने वाले लोगों को नदी-नालों से दूर रहने की सलाह दी गई है, क्योंकि लगातार बारिश के कारण जलस्तर तेजी से बढ़ सकता है।पंचायतों को अपने क्षेत्रों में जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, लोगों को घरों में टॉर्च, मोमबत्ती, प्राथमिक उपचार किट, पीने का पानी, खाद्यान्न और आवश्यक दवाइयों का कम से कम एक माह का स्टॉक सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके अलावा प्रत्येक पंचायत की आपदा राहत समिति को सक्रिय रखने, उनके संपर्क नंबर सार्वजनिक करने तथा पंचायत भवन, महिला मंडल भवन, युवक मंडल भवन और आवश्यकता पड़ने पर मंदिरों के सराय भवनों को राहत शिविर के रूप में उपयोग के लिए तैयार रखने को कहा गया है। खंड विकास कार्यालय आनी ने विभिन्न पंचायतों के लिए नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की है, जिनसे किसी भी आपातकालीन स्थिति में दिन या रात किसी भी समय संपर्क किया जा सकेगा।

वहीं, उपमंडल आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट के निर्देशानुसार सभी फील्ड कर्मचारियों को अपने मुख्यालय में उपस्थित रहने और बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। प्रशासन ने लोगों से मौसम विभाग की चेतावनियों का पालन करने और अफवाहों से बचते हुए प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की है।

**दहशत** 2023 की त्रासदी के 3 साल बाद भी सरकार बेपरवाह, क्षतिग्रस्त पैदल पुल का पुनर्निर्माण अधर में लटका

# खतरे में पार्वती-ब्यास संगम पर बसे जिया गांव का वजूद

अनंत ज्ञान

**भुंतर।** ब्यास और पार्वती नदियों के पवित्र संगम पर बसा ऐतिहासिक जिया गांव आज प्रशासनिक बेरुखी और सरकारी उदासीनता के कारण अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। वर्ष 2023 की विनाशकारी बाढ़ को बीते तीन साल हो चुके हैं, लेकिन गांव को सुरक्षित करने के वादे आज भी केवल कागजों तक ही सीमित हैं। आगामी मानसून की दस्तक के साथ ही स्थानीय ग्रामीणों की धड़कनें तेज हो गई हैं और सुरक्षा कार्यों के अभाव में सैकड़ों इंसानी जिंदगियों पर एक बार फिर गंभीर खतरा मंडराने लगा है।



सुरक्षा दीवार न बनने व मलबे की निकासी न होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। अनंत ज्ञान

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पार्वती और ब्यास नदी के किनारों पर जिस मजबूत कंक्रीट सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जाना चाहिए था, उसे पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है। स्थानीय निवासियों की सबसे बड़ी चिंता नदियों के तल में जमा भारी मलबा और सिल्ट है, जिसे पिछले तीन वर्षों में साफ नहीं किया गया है। रेखा गुलेरिया ने चिंता जताते हुए कहा कि बरसात का मौसम सिर पर है और नदियों का जलस्तर बढ़ते ही यह जमा हुआ मलबा पानी के रुख को गांव की तरफ मोड़ सकता है, जिससे भारी तबाही मच सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की इस उदासीनता के कारण पूरा का पूरा गांव कभी भी नदियों के आगोश में समा सकता है।स्थानीय ग्रामीणों ने सरकार तथा जिला प्रशासन से मांग की है कि जिया गांव की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि मानसून के रौद्र रूप लेने से पहले नदी तटों पर सुरक्षा दीवार का काम शुरू किया जाए और क्षतिग्रस्त पैदल पुल के लिए तुरंत बजट जारी हो। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो आगामी मानसून के दौरान होने वाले किसी भी जान-माल के नुकसान की पूरी जिम्मेदारी सरकार और स्थानीय प्रशासन की होगी। वहीं, भाजपा नेत्री एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य रेखा गुलेरिया और भाजपा मंडल पार्वती के अध्यक्ष संजू पंडित ने सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ के तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी गांव की सुरक्षा और बुनियादी ढांचे की बहाली के लिए प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं।

### 3 साल से पैदल पुल के पुनर्निर्माण का इंतजार

**वर्ष** 2023 की भीषण बाढ़ में जिया गांव को पार्वती-ब्यास संगम क्षेत्र से जोड़ने वाला प्रमुख पैदल पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। संबंधित विभाग ने बाद में पुल के अवशेषों को तो हटा दिया, लेकिन नए पुल के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया आज तक शुरू नहीं हो सकी। यह पुल गांव को जोड़ने वाला सबसे सुगम और मुख्य मार्ग था। इस पुल के न होने के कारण अब स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और आम ग्रामीणों को बेहद लंबा, थकाऊ और जोखिम भरा रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

# विधायक अनुराधा ने लिया शूलिंग और खंगसर पंचायतों का दौरा कर विकास कार्यों का जायजा



घाटी के दौरे के दौरान जनसमस्याएं सुनतीं हुईं विधायक अनुराधा राणा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने ग्राम पंचायत शूलिंग तथा ग्राम पंचायत खंगसर के रालिंग, खुरपाणी, जागला, मूर्तिचा और खंगसर गांवों का विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आमजन से रूबरू होकर उनकी समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना तथा त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दौरे के दौरान विधायक अनुराधा राणा ने विभिन्न विकासात्मक कार्यों और योजनाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा जनहित से जुड़े प्रत्येक कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य एवं महिला ब्लॉक अध्यक्ष निर्मला, जिला परिषद अध्यक्ष सोनम ठाकुर, ग्राम पंचायत शूलिंग के प्रधान अशोक, ग्राम पंचायत खंगसर के प्रधान, गौंधला प्रधान अनिल, प्रधान छिमें, बीडीसी सदस्य सुशीला, सुरेश, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रमेश, राजेंद्र ठाकुर, सोमदेव क्यांकपा, दुनीचंद सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# बारिश से सोलन बेहाल, छह करोड़ का हुआ नुकसान

## मूसलाधार बारिश से सड़कें बाधित, पेयजल योजनाएं प्रभावित, मलबा गिरने से वाहन हादसे में दो लोग गंभीर घायल

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला सोलन में पिछले 24 घंटों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। भारी वर्षा के कारण जिले के कई क्षेत्रों में सड़कें बाधित हो गईं, पेयजल योजनाओं को नुकसान पहुंचा और सरकारी संपत्तियां प्रभावित हुई हैं। हालात को देखते हुए प्रशासन ने शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में एहतियातन अवकाश घोषित कर दिया।

प्रारंभिक आकलन के अनुसार पिछले दो दिनों में बारिश के कारण लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों को छह करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। सबसे अधिक नुकसान सड़कों और पेयजल योजनाओं को पहुंचा है। लगातार बारिश के कारण कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई है।

अर्की उपमंडल के गंबरपुर-सरली सड़क मार्ग पर शुक्रवार सुबह



मलबा गिरने से क्षतिग्रस्त हुई गाड़ी

करीब साढ़े नौ बजे पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण एक इनोवा क्रिस्टा दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के समय वाहन में तीन महिलाओं सहित पांच लोग सवार थे। अचानक पहाड़ी से मलबा और पत्थर गिरने से वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जबकि अन्य तीन लोगों को भी चोटें आई हैं।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। राहत एवं बचाव कार्य चलाकर सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। लगातार बारिश के चलते जिले के कई सड़क मार्गों पर आवाजाही प्रभावित रही। कुमारहट्टी-ओच्छघाट सड़क मार्ग पर शूलिनी विश्वविद्यालय के समीप भारी भूस्खलन होने से सड़क बंद हो गई। सड़क पर बड़ी मात्रा में मलबा आने से वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ी। प्रशासन और संबंधित विभागों की ओर से मार्ग को बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

वहीं, सोलन शहर के डमरोग रोड पर पहाड़ी से एक बड़ा पत्थर गिरने की घटना सामने आई। यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। गनीमत रही कि जिस समय पत्थर गिरा, उस दौरान सड़क से कोई वाहन या राहगीर नहीं गुजर रहा था। यदि उस समय वहां आवाजाही होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

शहर की सब्जी मंडी के समीप भी बारिश के दौरान जलभराव की समस्या सामने आई। उचित जल निकासी व्यवस्था नहीं होने के कारण दिनभर फोरलेन सड़क पर पानी बहता



वार्ड चार में घरों में घुसा पानी

रहा, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पानी जमा होने के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ।

इससे पहले वार्ड-12 में भूस्खलन के कारण एक स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई थी। वहीं वार्ड-4 स्थित समर विहार कॉलोनी में लगातार बारिश के चलते कई घरों में पानी घुस गया। सूचना मिलने पर जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतें और नदी-नालों, खड्डों तथा भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहें। प्रशासन ने लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह भी दी है। साथ ही आपात स्थिति में तुरंत संबंधित विभागों को सूचना देने का आग्रह किया गया है। लगातार बारिश को देखते हुए सभी विभागों को सतर्क रहने और प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश जारी किए गए हैं। बारिश के कारण जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति और संपर्क मार्गों पर भी असर देखने को मिला है।

## ग्राम संगठन की बैठक में प्रधान अर्चना तोमर का हुआ भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** ग्राम संगठन की बैठक में नव निर्वाचित पंचायत प्रधान अर्चना तोमर का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। संगठन से जुड़ी महिलाओं ने फूल-मालाएं पहनाकर और सम्मान स्वरूप अभिनंदन कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित हुई, जिसमें महिला सशक्तिकरण और पंचायत विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान महिलाओं ने आजीविका संवर्धन, स्वरोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने तथा पंचायत और सामुदायिक संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय जैसे मुद्दों पर अपने सुझाव साझा किए। वक्ताओं ने ग्रामीण विकास में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को समय की आवश्यकता बताया। प्रधान अर्चना तोमर ने कहा कि स्वयं सहायता समूह और ग्राम संगठन की महिलाएं पंचायत विकास की मजबूत आधारशिला हैं। उन्होंने महिलाओं से संगठित होकर आत्मनिर्भर बनने, सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा सामाजिक।

## राम मंदिर चंदा चोरी और नीट पेपर लीक पर भाजपा पर बरसे गंगूराम मुसाफिर




अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष गंगूराम मुसाफिर ने राम मंदिर चंदा चोरी और नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। जारी प्रेस बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जिन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाती रही है, उन्हीं मामलों में अब गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जी.आर. मुसाफिर ने कहा कि भगवान श्रीराम मंदिर में हुई कथित चोरी की घटना केवल एक आपराधिक मामला नहीं है, बल्कि यह करोड़ों राम भक्तों की आस्था और सनातन धर्म की भावनाओं से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि यदि भगवान श्रीराम के मंदिर जैसे पवित्र स्थल पर भी अनियमितताएं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आते हैं तो यह पूरे देश के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा स्वयं को भगवान राम का सबसे बड़ा समर्थक बताती रही है, लेकिन राम मंदिर से जुड़े कथित वित्तीय मामलों और चोरी की घटनाओं ने उसकी कथनी और करनी के अंतर को उजागर कर दिया है। उन्होंने मांग की कि ऐसे मामलों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

कांग्रेस नेता ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के कुछ समय बाद ही इससे जुड़े विवाद सामने आना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## न्यूज ब्रीफ

### पर्यावरण संरक्षण हेतु विद्यालय परिसर में हुआ पौधा रोपण अभियान

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंडी (अर्की) में पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई तथा ग्रीन इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवियों और विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए तथा उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एल.आर. ठाकुर ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। प्रभारी उपेंद्र ने विद्यार्थियों को पौधारोपण के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने बताया कि पौधारोपण हरित, स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### महिला मंडल ने विधायक के समक्ष रखीं विकास मांगें

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत रौडी के बाग़ा महिला मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक संजय अवस्थी से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न विकासात्मक मांगें उनके समक्ष रखीं। ग्राम विकास समिति के सचिव प्रेम केशव ने नौणी-बागा सड़क निर्माण का शेष कार्य शीघ्र पूरा करने, सोलर लाइटें लगाने तथा पेयजल सुविधा के लिए बोरवेल स्थापित करने की मांग उठाई। विधायक ने सामुदायिक भवन की मरम्मत के लिए स्वीकृत दो लाख रुपये से कार्य जल्द शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एंबुलेंस सड़क निर्माण के लिए भी राशि जारी करने का भरोसा दिया तथा महिला मंडल बागा, रौडी और खाता को 11-11 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की।

### शिलाई में छात्रा कबड्डी छात्रावास का होगा उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 13 जुलाई को सिरमौर जिले के शिलाई प्रवास पर रहेंगे। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार वह राजकीय छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिलाई में छात्रा कबड्डी खेल छात्रावास का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद शिक्षा मंत्री स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनेंगे।

### शूलिनी समर स्कूल में नवाचार का मिला अनुभव

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय में आयोजित समर स्कूल-2026 का सफल समापन हुआ। इस कार्यक्रम में देश के 17 राज्यों से आए 100 स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लेकर अनुसंधान, नवाचार, उद्यमिता और नई तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। दो सप्ताह तक चले इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर पर वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार से जोड़ना था। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं कुलपति प्रो. अतुल खोसला तथा ट्रस्टी एवं उपाध्यक्ष अवनी खोसला की पहल पर की गई। समर स्कूल में समर पेटेंट स्कूल, जैव प्रौद्योगिकी और जनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थियों ने अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं में कार्य करते हुए शोधकर्ताओं और शिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### एनसीसी कैडेट्स को ड्रोन संचालन का मिला प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान,सोलन।** फर्स्ट एचपी (ब्वॉयज) बटालियन सोलन की ओर से डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेट्स को आधुनिक तकनीकों से भी अवगत कराया जा रहा है। शिविर में प्रदेशभर के 511 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजीव थॉमस ने बताया कि शिविर का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और टीम भावना का विकास करना है। शिविर के पांचवें दिन विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. अजय शर्मा ने कैडेट्स को ड्रोन संचालन की व्यवहारिक जानकारी दी। उन्होंने कृषि ड्रोन और सामान्य ड्रोन के बीच अंतर समझाया तथा ड्रोन के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के बारे में विस्तार से बताया।

## नगर निगम सोलन के वार्ड-16 में वार्ड-16 में गहराया जल संकट



अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** नगर निगम सोलन के वार्ड-16 के रबोन-आंजी क्षेत्र में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। बरसात के मौसम में भी लोगों को नियमित पानी की सप्लाई नहीं मिल पा रही है। समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने पार्षद सीमा और पूर्व प्रधान अनिल कुमार की अगुवाई में जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) आशीष राणा से मुलाकात की और जल्द समाधान की मांग उठाई।

प्रतिनिधिमंडल ने विभागीय अधिकारियों को बताया कि क्षेत्र में पिछले काफी समय से पेयजल आपूर्ति बाधित है। लोगों को 8 से 10 दिन के अंतराल के बाद पानी मिल रहा है, जिससे रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पार्षद सीमा ने बताया कि इस समस्या से करीब 3,000 की आबादी प्रभावित है। उन्होंने कहा कि लोग नियमित रूप से पानी के बिल जमा करवा रहे हैं, बावजूद इसके उन्हें पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान भी लोगों को मजबूरी में बारिश के पानी पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इससे घरेलू कार्यों के साथ-साथ साफ-सफाई और अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने विभाग से मांग की कि क्षेत्र में नियमित और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तुरंत प्रभावी कदम उठाए जाएं।

## विद्यालय प्रवक्ता संघ ने उप शिक्षा निदेशक से मुलाकात कर रखीं विभिन्न मांगें



उप शिक्षा निदेशक (उच्च) मधु जनारथा से शिष्टाचार भेंट करते पदाधिकारी

अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (विद्यालय प्रवक्ता संघ) जिला सोलन के प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त उप शिक्षा निदेशक (उच्च) मधु जनारथा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दीं और जिले की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विद्यालय प्रवक्ता संघ जिला सोलन के अध्यक्ष जय लाल जलपाईक ने किया। इस अवसर पर महासचिव हेमंत कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष विजय कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार, कुलदीप चंदेल, मुख्य संरक्षक चंद्र देव ठाकुर सहित संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने जिले के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने, शिक्षकों से जुड़े प्रशासनिक मामलों और विद्यार्थियों के हितों से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दे उप शिक्षा निदेशक के समक्ष रखे। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने के लिए शिक्षकों को आवश्यक सहयोग और सुविधाएं उपलब्ध करवाना जरूरी है।

प्रवक्ता संघ ने मांग की कि विद्यालयों में शिक्षकों और विद्यार्थियों से संबंधित लंबित मामलों का जल्द समाधान किया जाए, ताकि शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। संघ के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि उप शिक्षा निदेशक के नेतृत्व में जिले में शिक्षा क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी और शिक्षकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होगा। उप शिक्षा निदेशक (उच्च) मधु जनारथा ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के हित और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना विभाग की प्राथमिकता है।

## कल्होग स्कूल में विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन का मिला संदेश

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कल्होग में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के उद्देश्य से चिट्टा एवं नशा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ, सुरक्षित तथा सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी सायरी डॉ. अजय सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिट्टा और अन्य नशीले पदार्थ व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन पर गंभीर दुष्प्रभाव डालते हैं। उन्होंने कहा कि नशे की लत युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को अंधकारमय बना देती है तथा इसका असर पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है।

## विधवा, अंतरजातीय और दिव्यांग विवाह योजना से मिल रही दो लाख रुपए तक सहायता

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत जिला सिरमौर के विकास खंड संगड़ाह की ग्राम पंचायत चोकर और शामरा में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में हरि ओम कला मंच के कलाकारों ने फोक मीडिया के माध्यम से लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याण और सामाजिक उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक और समूह गीतों के माध्यम से लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाया। कलाकारों ने बताया कि प्रदेश सरकार सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और जातिवाद जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के उद्देश्य से अंतरजातीय विवाह पुरस्कार योजना संचालित कर रही



है। इस योजना के तहत अंतर्जातीय विवाह करने वाले दंपतियों को दो लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

इसके अलावा दिव्यांग विवाह अनुदान योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि कोई सक्षम व्यक्ति 40 से 70 प्रतिशत तक दिव्यांगता वाले विशेष रूप से सक्षम महिला या पुरुष से विवाह करता है तो उसे 25 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है। वहीं 70 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक दिव्यांगता होने की स्थिति में विवाह के लिए दो लाख रुपये तक की अनुदान राशि प्रदान की जाती है।

कार्यक्रम में विधवा पुनर्विवाह योजना की जानकारी भी दी गई। कलाकारों ने बताया कि इस योजना के तहत विधवा महिलाओं को पुनर्विवाह के लिए सरकार की ओर से दो लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करवाई जाती है।

इसके साथ ही ग्रामीणों को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना और डॉ. वाई.एस. परमार विद्यार्थी ऋण योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के बाद ग्राम पंचायत चोकर की प्रधान भागवती और शामरा पंचायत के प्रधान लवराज चौहान ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक सरकार की योजनाओं की जानकारी सीधे पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक होना जरूरी है।

## संस्कृत अध्ययन में उत्कृष्टता पर संध्या शर्मा को मिला केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का स्वर्ण पदक

अनंत ज्ञान

**सोलन।** तारिणी राजकीय स्नातकोत्तर संस्कृत महाविद्यालय, सोलन की पूर्व छात्रा संध्या शर्मा को संस्कृत भाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 का स्वर्ण पदक प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय में हर्ष और गौरव का वातावरण है। प्राध्यापकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने संध्या शर्मा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

संध्या शर्मा वर्ष 2025 तक तारिणी राजकीय स्नातकोत्तर संस्कृत महाविद्यालय, सोलन में शास्त्री कक्षा की छात्रा रही हैं। वर्तमान में वह राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सोलन में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। अपनी मेहनत, लगन और संस्कृत विषय के प्रति समर्पण के बल पर उन्होंने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.



डॉ. रमेश शर्मा पूर्व छात्रा संध्या शर्मा को सम्मानित करते हुए

रमेश शर्मा ने संध्या शर्मा को स्वर्ण पदक मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल संध्या की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह उत्कृष्ट परिणाम है। संध्या की सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।

महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने कहा कि संस्कृत जैसी समृद्ध भाषा के अध्ययन में युवाओं की बढ़ती रुचि उत्साहजनक है। संध्या शर्मा ने अपनी उपलब्धि से यह सिद्ध किया है कि समर्पण और निरंतर परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर संध्या शर्मा ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और महाविद्यालय के शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग ने उन्हें हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार, भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण तथा नई पीढ़ी को संस्कृत के महत्व से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य करना है।

## मेरा युवा भारत कार्यक्रम को लेकर जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान

**सिरमौर।** मेरा युवा भारत कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन और युवाओं को इससे जोड़ने के उद्देश्य से उपायुक्त कार्यालय के सभागार में जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर लायक राम वर्मा ने की। बैठक में जिले में युवाओं के विकास, कौशल निर्माण और राष्ट्र निर्माण से जुड़ी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने बताया कि मेरा युवा भारत कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय युवा विकास योजनाओं को व्यवस्थित तरीके से लागू करने के लिए जिला युवा सलाहकार समिति का गठन किया गया है। यह समिति युवाओं को सशक्त बनाने, उन्हें विभिन्न अवसर उपलब्ध करवाने और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में उनकी भागीदारी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य जिले के लिए वार्षिक युवा कार्य योजना तैयार करना और उसे प्रभावी रूप से लागू करना है। इसके अलावा युवाओं को माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण के लिए प्रेरित करना, विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना भी समिति की जिम्मेदारी है।

उन्होंने बताया कि जिले में युवाओं को कौशल विकास, स्वयंसेवा, नेतृत्व क्षमता बढ़ाने, सामुदायिक सहभागिता और अनुभवात्मक शिक्षण से जुड़े अवसर उपलब्ध करवाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार सिरमौर जिले की कुल आबादी 5 लाख 29 हजार 855 है, जिसमें लगभग 1 लाख 95 हजार युवा शामिल हैं। उन्होंने जानकारी दी कि 30 जून, 2026 तक माय भारत पोर्टल पर जिले के 16 हजार 856 युवाओं का पंजीकरण हो चुका है।

# ग्रामीण विकास को गति देंगे संजय अवस्थी

## 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में विधायक ने सुनी समस्याएं, विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**अर्की।** अर्की विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। यह बात अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने ग्राम पंचायत मान के गांव डोरा लड़ेच में आयोजित 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचकर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इससे पहले विधायक संजय अवस्थी ने लड़ेच-डोरा-खटेवा संपर्क मार्ग पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस बस सेवा के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी और ग्रामीणों को आने-जाने में आसानी होगी।

विधायक ने कहा कि 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का मुख्य





विधायक निगम की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। अनंत ज्ञान

उद्देश्य प्रदेश सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की समस्याओं को उनके घर-द्वार के समीप सुनकर उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना इस कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की मौजूदगी में स्थानीय आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त कर विकास कार्यों को गति दी जा रही है। संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता दे रही है। सरकार का प्रयास है कि गांवों में बेहतर संपर्क मार्ग, सुविधा संपन्न विद्यालय, घर के नजदीक स्वास्थ्य सेवाएं और किसानों को फसल बिक्री के लिए उचित व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास से ही प्रदेश का समग्र विकास संभव है।

उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि गांवों की समस्याओं और मांगों को प्रशासन तक पहुंचाने में पंचायत प्रतिनिधि अहम कड़ी का कार्य करते हैं। उन्होंने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे बिना भेदभाव के गांवों के विकास के लिए कार्य करें और सभी ग्रामीणों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास करें।

विधायक ने कहा कि ग्राम पंचायत मान में आयुर्वेदिक चिकित्सालय खोलने और बस सेवा को विस्तार देने का मामला उच्च स्तर पर उठाया जाएगा। उन्होंने मान-बेटन सिंचाई योजना को विधायक प्राथमिकता में शामिल करने की जानकारी देते हुए कहा कि इसे पूरा करवाना उनकी जिम्मेदारी है। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को ग्राम पंचायत मान को जोड़ने वाले गंबर पुल की मरम्मत करने के निर्देश दिए। साथ ही नौणी मंझठ में खेल मैदान निर्माण के लिए एक लाख रुपये और मान गांव में सड़क पक्का करने के लिए तीन लाख रुपये देने की घोषणा की।

## गुरुकुल स्कूल में पौधरोपण संग पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अनंत ज्ञान

**सोलन।** गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोलन में पर्यावरण संरक्षण, प्रभावी अभिव्यक्ति और तार्किक चिंतन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए प्रकृति संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत बाल वाटिका से कक्षा दो तक के विद्यार्थियों द्वारा 'एक पेड़ विद्यालय के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण से की गई। नन्हे विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाए और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। बच्चों ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील भी की।

इसके बाद कक्षा पांच से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए 'बढ़ेंगे पेड़, बढ़ेगी समृद्धि' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की



गई। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास जैसे विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की ओजस्वी वाणी, आत्मविश्वास और विषय की समझ ने उपस्थित सभी लोगों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि पेड़-पौधे केवल प्रकृति की सुंदरता नहीं बढ़ाते, बल्कि मानव जीवन के लिए आवश्यक संसाधन और स्वच्छ वातावरण भी उपलब्ध करवाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### तेंदुए ने दिनदहाड़े गाय पर कर दिया हमला

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र की तहसील घनारी के वार्ड नंबर 4 में दिनदहाड़े तेंदुए के हमले से इलाके में दहशत फैल गई। तेंदुए ने घर के पास जंगल में चर रही एक गाय पर अचानक हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार, गाय का मालिक विचित्र सिंह रोज़ की तरह अपनी गाय को घर के नज़दीक जंगल में चरने के लिए छोड़कर गया था। कुछ ही देर बाद गाय के ज़ोर-ज़ोर से रंभाने की आवाज़ सुनाई दी। जब घर के सदस्य मौके पर पहुंचा तो उसने देखा कि एक तेंदुआ गाय पर बार-बार हमला कर रहा था। यह नज़ारा देखकर उन्होंने ज़ोर-ज़ोर से शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। लोगों के शोर-शराबे से घबराकर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया, जिससे गाय की जान बच गई। इस घटना में गाय गंभीर रूप से घायल हो गई है, जबकि दिनदहाड़े हुए इस हमले के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए की बढ़ती गतिविधियों से लोगों और मवेशियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। पहले भी अन्य परिवारों के मवेशियों पर भी हमला कर चूका है।ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में तुरंत गश्त बढ़ाई जाए, तेंदुए की निगरानी की जाए तथा लोगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में किसी बड़ी घटना से बचा जा सके। वन खंड अधिकारी संजीव कुमार ने कहा आपके माध्यम से जानकारी मिली है लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द इस तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा।

### प्राइवेट स्कूलों को समय निर्धारण में छूट

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना के निजी विद्यालयों के लिए पूर्व में निर्धारित विद्यालय समय-सारिणी में आंशिक संशोधन किया गया है। इस संबंध में जिला दंडाधिकारी एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, ऊना जतिन लाल द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। जिला दंडाधिकारी ने विद्यार्थियों के हित, सुविधा एवं उनके समग्र कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिले के सभी निजी विद्यालयों को विद्यालय संचालन समय निर्धारित करने में आवश्यक छूट प्रदान की है। जारी आदेशों के अनुसार कुछ निजी विद्यालयों द्वारा जिला प्रशासन को दिए गए आवेदनों एवं अनुरोधों में दोपहर के लंबे समय तक विद्यालय संचालन को छोटे विद्यार्थियों के लिए असुविधाजनक बताया था। इन अनुरोधों पर संवेदनशीलता के साथ विचार करने के उपरांत उपायुक्त ने निजी विद्यालयों को यह अनुमति प्रदान की है कि वे अपने प्रबंधन स्तर पर स्थानीय परिस्थितियों तथा विद्यार्थियों के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखते हुए विद्यालय का समय निर्धारित कर सकेंगे। आदेशों के मुताबिक निजी विद्यालयों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि विद्यालय संचालन के दौरान सरकार द्वारा निर्धारित सभी नियमों एवं विनियमों का पूर्ण रूप से पालन किया जाए। साथ ही, विद्यार्थियों के लिए निर्धारित शिक्षण अवधि, शैक्षणिक दिवसों एवं अनिवार्य शिक्षण घंटों में किसी प्रकार की कमी न आने पाए। यह निर्णय विद्यार्थियों की सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा विद्यालयों के सुचारु संचालन के बीच संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है, ताकि बच्चों को अनुकूल एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

### गेहड़वीं स्कूल में स्वयंसेवकों ने की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गेहड़वीं में एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने कक्षाओं, खेल मैदान, विद्यालय परिसर तथा आसपास के सार्वजनिक स्थानों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण के महत्व, प्लास्टिक कचरे के दुष्प्रभाव तथा स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों के बारे में भी जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री चमन पुरी ने विद्यार्थियों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे अभियान विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन एवं सेवा भावना का विकास करते हैं। एनसीसी एएनओ अतुल सिंह एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने विद्यार्थियों से अपने घर, विद्यालय तथा आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। अभियान में विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# एग्रीस्टैक से डिजिटल हो रही खेती

## परियोजना के तहत ऊना जिले के 41 हजार से अधिक किसान डिजिटल रजिस्ट्री से जुड़े

अनंत ज्ञान



अनंत ज्ञान स्पैशल

◆ सीएम सुक्खू के नेतृत्व में कृषि के आधुनिकीकरण को मिली नई गति

**ऊना।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में कृषि क्षेत्र में तकनीक आधारित बदलाव को नई गति मिली है। इसी कड़ी में एग्रीस्टैक परियोजना के तहत ऊना जिले के 41,861 किसान डिजिटल रजिस्ट्री से जुड़ चुके हैं। इस पहल से किसानों को एकीकृत डिजिटल पहचान मिलेगी, जिससे सरकारी योजनाओं और कृषि सेवाओं तक उनकी पहुंच अधिक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध होगी।

तकनीक आधारित इस व्यवस्था के माध्यम से किसानों की पहचान, भूमि का रिकॉर्ड, फसल का विवरण और सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जा रही है। इसका उद्देश्य डिजिटल डाटाबेस तैयार करने के साथ किसानों तक सेवाओं को अधिक आसान, सटीक और पारदर्शी बनाना है। कृषि विभाग ऊना के उपनिदेशक प्रेम सिंह ठाकुर के अनुसार, जिला ऊना में अब तक 41,861 किसानों का पंजीकरण एग्रीस्टैक पोर्टल पर किया जा चुका है। प्रत्येक पंजीकृत किसान को आधार आधारित 11 अंकों की विशिष्ट किसान आईडी (यूनीक फार्मर आईडी) प्रदान की जाएगी, जो उसकी डिजिटल पहचान का आधार बनेगी।

### डिजिटल रिकॉर्ड से योजनाओं का लाभ मिलना होगा आसान

**अब** किसानों को अलग-अलग योजनाओं के लिए बार-बार दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। एक बार डिजिटल रजिस्ट्री बनने के बाद किसान की भूमि, फसल और अन्य आवश्यक जानकारी सुरक्षित रूप से उपलब्ध रहेगी। इससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद, फसल बीमा और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) सहित अनेक योजनाओं का लाभ अधिक सरलता और पारदर्शिता से किसानों तक पहुंच सकेगा।

### फार्मर रजिस्ट्री से बढ़ेंगी कृषि से संबंधित सुविधाएं

**फार्मर** रजिस्ट्री किसानों के लिए अनेक नई सुविधाओं का माध्यम बन रही है। इस व्यवस्था से किसानों को सरकारी योजनाओं में स्वतः जुड़ने की सुविधा मिलेगी। फसल बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल बिक्री की प्रक्रिया अधिक सरल होगी। साथ ही भूमि, फसल, मिट्टी और जलवायु के आधार पर वैज्ञानिक कृषि परामर्श उपलब्ध कराया जा सकेगा। सरकारी सहायता का पारदर्शी वितरण सुनिश्चित होगा और पात्र किसानों की पहचान भी आसान बनेगी।

यह किसान आईडी भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने, दस्तावेज़ों के सत्यापन तथा विभिन्न कृषि सेवाओं तक त्वरित पहुंच का मजबूत माध्यम बनेगी।

उपनिदेशक ने बताया कि जिन किसानों का अभी तक पंजीकरण नहीं हुआ है, वे अपने निकटतम लोक मित्र केंद्र या एग्रीस्टैक पोर्टल के माध्यम से नि:शुल्क पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके लिए केवल आधार कार्ड, भूमि का कोई भी खसरा नंबर तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर आवश्यक है।

## बल्ह और मोमन्यार में दी योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याणार्थ चलाए जा रहे विशेष जन जागरूकता एवं प्रचार प्रसार अभियान का पहला चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभियान के प्रथम चरण के अंतिम दिन शुक्रवार को विकास खंड बंगाणा की बल्ह पंचायत के सकोहन और मोमन्यार पंचायत के मोउखास गांवों के ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सरकारी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। आरके कलामंच चिंतपूर्णी के कलाकारों ने स्थानीय ग्रामीणों को गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों और जन कल्याणकारी योजनाओं बारे जागरूक किया। साथ ही उन्होंने लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से भी अवगत करवाया। सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग से संबद्ध नाटयों दल के कलाकारों ने जागरूकता कार्यक्रमों बताया कि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों पर जाति भेदभाव के कारण अत्याचार होने पर अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 की धारा 3 के अंतर्गत पुलिस में दर्ज मामले के तहत कम से 25 हजार रुपये और अधिकतम 8,25,000 रुपये पुनर्वास राहत राशि का प्रावधान है। हत्या के मामले में मृतक की विधवा को 5 हजार रुपये बेसिक पर वर्तमान मंहगाई भत्ता प्रतिशतता की गणना करके प्रतिमाह राशि पैंशन के रुप में भी दी जाती है।

## 66 नुकीली तारें निकालकर गर्भवती भैंस की बचाई जान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** जिला ऊना के पशु चिकित्सालय पॉलीक्लिनिक ललड़ी में पशु चिकित्सकों की टीम ने एक जटिल एवं सफल शल्य चिकित्सा कर नौ माह की गर्भवती भैंस को नया जीवन प्रदान किया। ऑपरेशन के दौरान भैंस के पेट से 66 नुकीली धातु की वस्तुएं, जिनमें कीलें, तार तथा धातु के छोटे-छोटे टुकड़े शामिल थे, सुरक्षित रूप से निकाले गए। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. निशांत राणौत ने बताया कि हरोली उपमंडल के बारेवाल गांव के पशुपालक करनैल सिंह अपनी नौ माह की गर्भवती भैंस को पिछले लगभग दस दिनों से चारा न खाने, सुस्त रहने तथा लगातार अस्वस्थ दिखाई देने की शिकायत के साथ पशु चिकित्सालय पॉलीक्लिनिक ललड़ी लेकर आए थे। पशु की विस्तृत चिकित्सीय जांच, रक्त परीक्षण तथा अल्ट्रासाउंड के दौरान उसके पेट में बड़ी संख्या में धातु की विदेशी वस्तुएं (फॉरेन बॉडी) होने की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि भैंस की गंभीर स्थिति को देखते हुए पशु मालिक को तुरंत ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई। इसके उपरांत डॉ. निशांत राणौत, डॉ. नवनीत शर्मा, डॉ. शिल्पा राणौत तथा डॉ. स्टेफनी प्रधान की टीम ने सफल शल्य चिकित्सा कर भैंस के पेट से कुल 66 नुकीली धातु की वस्तुएं बाहर निकालीं।

यदि समय रहते यह ऑपरेशन नहीं किया जाता तो ये धातु की वस्तुएं भैंस के पेट एवं अन्य अंदरूनी अंगों को गंभीर क्षति पहुंचाकर उसकी जान के लिए खतरा बन सकती थीं। डॉ. राणौत ने बताया कि ऑपरेशन के बाद भैंस की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। उसे दर्द से काफी राहत मिली है तथा अगले सात से दस दिनों तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में रखकर आवश्यक उपचार दिया जाएगा।

## स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ नर्स के भरे जाएंगे 71 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हिमाचल प्रदेश द्वारा स्टाफ नर्स के 71 पद बैच आधार पर भरें जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि स्टाफ नर्स के पदों के लिए अनारक्षित वर्ग में 28 पद दिसंबर 2010 बैच तक, अनारक्षित वर्ग की ईडब्ल्यूएस श्रेणी में 7 पद जून 2011 बैच तक, अनारक्षित वर्ग की स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों की श्रेणी से 1 पद दिसंबर 2012 तक, एससी श्रेणी में 13 पद दिसंबर 2013 बैच तक, एससी की बीपीएल श्रेणी में 3 पद दिसम्बर 2014 बैच तक, एससी की डब्ल्यूएफएफ श्रेणी में 1 पद दिसंबर 2017 बैच, ओबीसी श्रेणी में 13 पद दिसंबर 2012 बैच और ओबीसी की बीपीएल श्रेणी में 3 पद दिसम्बर 2013 बैच तक भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त बैच व श्रेणी से पात्र अभ्यर्थी जिन्होंने अपना नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत नहीं करवाया है वे 20 जुलाई से पहले अपना नाम संबंधित रोजगार कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर दर्ज करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01975-226063 पर संपर्क किया जा सकता है।

## दिवाली से पूर्व शुरू होगा बंगाणा-तूतड़ू सड़क के सुधारीकरण का काम : विवेक

### 12 करोड़ की डीपीआर तैयार, टेंडर प्रक्रिया भी अंतिम चरण में

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित बंगाणा तूतड़ू सड़क के पुनर्निर्माण को लेकर बड़ी प्रगति सामने आई है। लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की गई डीपीआर पर टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखबिंदर सिंह सुक्खू के आशीर्वाद से इस सड़क को 12 करोड़ की धनराशि उपलब्ध हुई है। और इस वर्ष दीपावली से पहले सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया जाए।

उन्होंने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री सुक्खू इस परियोजना का शिलान्यास करेंगे, जिस के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि यह सड़क केवल मरम्मत तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आधुनिक मानकों के अनुरूप इसका पूर्ण पुनर्निर्माण किया जाएगा। सड़क के दोनों किनारों पर पक्की नालियों का निर्माण होगा, ब्लैक स्पॉट समाप्त किए जाएंगे तथा तीखे और दुर्घटना संभावित मोड़ों को तकनीकी मानकों के अनुसार सीधा सुरक्षित बनाया जाएगा। इससे सड़क पर दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी और लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।

### रेन शेल्टर, सुलभ शौचालय का भी होगा निर्माण



**विधायक** विवेक शर्मा ने बताया कि परियोजना की डीपीआर में केवल सड़क निर्माण ही नहीं बल्कि यात्रियों की सुविधा के लिए कई अन्य प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। सड़क मार्ग पर आवश्यक स्थानों पर रेन शेल्टर बनाए जाएंगे ताकि बरसात और खराब मौसम के दौरान यात्रियों को राहत मिल सके। इसके अलावा सार्वजनिक उपयोग के लिए सुलभ शौचालयों का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सड़क भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित की जा रही है। बेहतर जल निकासी व्यवस्था के लिए मजबूत नालियां बनाई जाएंगी ताकि बरसात के दौरान सड़क को नुकसान न पहुंचे। साथ ही सड़क की गुणवत्ता और मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे लंबे समय तक लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिल सके।

## एम्स बिलासपुर में आधुनिक सुविधाएं बढ़ाने की जरूरत, मरीजों को नहीं होना चाहिए रेफर: कौशल

अनंत ज्ञान



◆ पूर्व विधायक कौशल ने उठाई नियुक्तियां करने की मांग

**ब्यूरो, बिलासपुर।** पूर्व विधायक एवं सीपीआई नेता केके कौशल ने एम्स बिलासपुर में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों, विशेषज्ञ डॉक्टरों और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की मांग उठाते हुए कहा कि संसाधनों की कमी के कारण कई मरीजों को आज भी पीजीआई चंडीगढ़ और आईजीएमसी शिमला रेफर करना पड़ रहा है।

बिलासपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि एम्स की स्थापना गंभीर और जटिल बीमारियों के इलाज के उद्देश्य से की गई थी, लेकिन कई विभागों में अत्याधुनिक मशीनों और आवश्यक संसाधनों का अभाव इस उद्देश्य की पूर्ति में बाधा बन रहा है। उनका कहना था कि बेहतर कार्य वातावरण और सुविधाओं के अभाव में कई अनुभवी डॉक्टर भी संस्थान छोड़कर अन्य जगहों पर चले जाते हैं। केके कौशल ने कहा कि बाहरी राज्यों से आने वाले विशेषज्ञ डॉक्टरों के लिए गुणवत्तापूर्ण आवास, बच्चों की शिक्षा, खेल और अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जानी चाहिए, ताकि वे लंबे समय तक एम्स बिलासपुर में अपनी सेवाएं दे सकें। उन्होंने एम्स की पार्किंग व्यवस्था में सुधार की भी मांग करते हुए कहा कि मुख्य द्वार के समीप की पार्किंग मरीजों, रक्तदाताओं और आपातकालीन सेवाओं के लिए आरक्षित की जानी चाहिए। साथ ही भर्ती प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता भी जताई।

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से आग्रह किया कि एम्स बिलासपुर को आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जाए तथा डॉक्टरों और मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जाए, ताकि हिमाचल प्रदेश के लोगों को अपने राज्य में ही उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## एक वर्ष से बिजली संकट से जूझ रहे नौणीवासी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्राम पंचायत नौणी के मानवां, नौणी, कोठीपुरा, परोही, राजपुरा और नोआ के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सितंबर 2025 से क्षेत्र में लगातार बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि बार-बार फीडर, ट्रांसफार्मर और जंपरों में खराबी आने के बावजूद बिजली विभाग स्थायी समाधान नहीं कर पा रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि समस्या को कई बार विभाग के एसई और एक्सईएन स्तर तक उठाया गया, लेकिन करीब एक वर्ष बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। आरोप है कि संबंधित जेई फोन तक नहीं उठाते, जिससे शिकायत दर्ज कराने में भी दिक्कत होती है। कई बार 24-24 घंटे तक बिजली गुल रहती है और वर्तमान में भी 12 घंटे से अधिक समय से आपूर्ति ठप है।

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली संकट से बुजुर्ग, मरीज, विद्यार्थियों के साथ-साथ क्षेत्र में किराये पर रहने वाले एम्स के डॉक्टर, नर्स और अन्य स्टाफ भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने सरकार और मुख्यमंत्री से मांग की है कि पूरे क्षेत्र का तकनीकी निरीक्षण कराया जाए, लगातार हो रही बिजली कटौती के कारणों की जांच हो तथा जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर कुशल कर्मचारियों की तैनाती की जाए।

## व्यवसायी नरेंद्र खन्ना बने रोटरी क्लब बिलासपुर के नए प्रधान

अनंत ज्ञान



जिम्मेदारी संभालते नरेंद्र खन्ना। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रतिष्ठित फर्नीचर व्यवसायी नरेंद्र खन्ना ने रोटरी क्लब बिलासपुर के वर्ष 2026-27 के प्रधान के रूप में कार्यभार संभाल लिया। होटल पंचवटी में आयोजित अध्यक्षीय स्थापना समारोह में रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल सिंघल ने उन्हें रोटरी कॉलर पहनाकर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान क्लब सचिव चेतन ठाकुर, नई कार्यकारिणी और निदेशक मंडल के सदस्यों ने भी शपथ ग्रहण की। समारोह में सोनिया सिंघल, सहायक गवर्नर सरला गौतम, जोनल चेयरमैन तिलक नायक, जिला सचिव नरेश आनंद तथा प्रवीण अग्रवाल सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

नवनियुक्त प्रधान नरेंद्र खन्ना ने कहा कि रोटरी क्लब शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, स्वच्छता और सामाजिक सरोकारों से जुड़े सेवा कार्यों को और अधिक गति देगा। उन्होंने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल के सहयोग से जरूरतमंद दिव्यांगों को आधुनिक तकनीक से निर्मित हल्के कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने लोगों से ऐसे जरूरतमंदों की जानकारी क्लब को देने की अपील की, ताकि उन्हें निशुल्क कृत्रिम टांग उपलब्ध कराई जा सके। खन्ना ने वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए इंजीनियर चेतन ठाकुर को सचिव, दीप चंद को कोषाध्यक्ष, हरिकृष्ण गुप्ता व संजीव शारदा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा दिला राम को सार्जेंट-एट-आर्म्स नियुक्त किया। इसके अलावा 12 सदस्यीय निदेशक मंडल को भी विभिन्न दायित्व सौंपे गए। समारोह में उपस्थित रोटेरियनों ने नई टीम का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि क्लब समाजसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा।

## औहर स्कूल का 1.32 करोड़ से होगा कायाकल्प : राजेश धर्माणी

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला औहर का 1.32 करोड़ रुपए की लागत से जीर्णोद्धार किया जा रहा है और अगले शैक्षणिक सत्र से इसे सीबीएसई पाठ्यक्रम से जोड़ा जाएगा।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र के इस ऐतिहासिक विद्यालय में भवन की छत, फ्लोरिंग, सीलिंग, खिड़कियों, दरवाजों, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। साथ ही छात्र-छात्राओं के लिए आधुनिक शौचालय बनाए जा रहे हैं। खेल मैदान के विकास और बाउंड्री वॉल के निर्माण के लिए भी धनराशि उपलब्ध कराई गई है।

**घुमारवीं में बनेगा बाल आश्रम:** राजेश धर्माणी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने घुमारवीं में बाल आश्रम के निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की बजट घोषणा के अनुरूप महिला एवं बाल विकास विभाग को मौजा पलसोटी में दो बीघा भूमि भी हस्तांतरित कर दी गई है और जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा।

## बंधुआ मजदूरी समिति में प्रकाश बंसल नामित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अधिवक्ता प्रकाश चंद बंसल, अध्यक्ष मानव सेवा ट्रस्ट, को बंधुआ मजदूरी उन्मूलन प्रणाली अधिनियम के तहत उपमंडल स्तर पर गठित सतर्कता समिति का गैर-सरकारी सदस्य मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन एसडीएम सुंदरनगर द्वारा किया गया है। प्रकाश चंद बंसल लंबे समय से नशा मुक्ति, वरिष्ठ नागरिक कल्याण, अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकार, महिला एवं बाल संरक्षण तथा सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। मनोनीत होने पर उन्होंने एसडीएम सुंदरनगर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे बंधुआ मजदूरी के उन्मूलन और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ट्रस्ट प्रशासन के सहयोग से जन-जागरूकता अभियान चलाकर कमजोर एवं वंचित वर्गों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करता रहेगा।

## पार्षद सुरभि के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट



अनंत ज्ञान

◆ नमहोल क्षेत्र के विकास और किसान हित के मुद्दे उठाए

**ब्यूरो, बिलासपुर।** पार्षद सुरभि ठाकुर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने लोक भवन, शिमला में हिमाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट कर नमहोल क्षेत्र से जुड़े विभिन्न जनहित एवं किसान हित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के समक्ष क्षेत्र में खेल मैदानों के निर्माण, स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों के रिक्त पद शीघ्र भरने तथा मुख्य चौकों पर हाई-मास्ट फ्लड लाइटें स्थापित करने की मांग रखी। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य आवश्यक विकास कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान कृषि क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने, जैविक खेती को बढ़ावा देने, वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग को प्रोत्साहित करने तथा डेयरी क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने संबंधी सुझाव राज्यपाल के समक्ष रखे।

पार्षद ने कहा कि क्षेत्र के विकास और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्यपाल के समक्ष उठाए गए जनहित एवं किसान हित से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक पहल होगी, जिससे नमहोल क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर दुर्गाराम ठाकुर, रोशन ठाकुर सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ नागरिक सभा की बैठक में जनहित के मुद्दों पर उठाई आवाज

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** वरिष्ठ नागरिक सभा घुमारवीं की मासिक बैठक प्रधान रूप लाल शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आवारा पशुओं, बरसात के दौरान पेयजल समस्या, सीवरेज व्यवस्था की खामियों, सीर खड्ड में गंदे पानी के प्रवाह, आधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की स्थापना तथा गांधी चौक के समीप सार्वजनिक शौचालय के निर्माण सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों पर चर्चा की गई।

सभा ने प्रशासन और संबंधित विभागों से इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए कहा कि स्वच्छ पेयजल, बेहतर सीवरेज व्यवस्था और सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। बैठक में नशे के बढ़ते प्रचलन पर भी चिंता व्यक्त की गई और नशा विरोधी अभियान में प्रशासन का सहयोग करने का संकल्प लिया गया।

प्रधान रूप लाल शर्मा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक सभा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी, जबकि मुख्य सलाहकार हरी सिंह ठाकुर ने बरसात के मौसम में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने तथा दूषित पानी और सीवरेज की समस्या का स्थायी समाधान करने की आवश्यकता पर बल दिया।

बैठक में मुख्य सलाहकार हरी सिंह ठाकुर, रमेश कैंथ, डॉ. अमर नाथ, सुशील कुमार, नर सिंह दास, सुरेश ठाकुर, हरी राम शर्मा, दौलत राम चंदेल, होशियार सिंह, अरविंद शर्मा, हरनाम सिंह, ज्ञान चंद सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया।



## बिलासपुर की सृष्टि शर्मा ने प्रदेश मेरिट में हासिल किया 8वां स्थान

अनंत ज्ञान

◆ 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन ने बदली किस्मत



**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रौड़ा की मेधावी छात्रा सृष्टि शर्मा ने शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए वाणिज्य संकाय की प्रदेश मेरिट सूची में 8वां स्थान प्राप्त किया है।

बोर्ड द्वारा पहले घोषित परीक्षा परिणाम में सृष्टि के 500 में से 478 अंक थे। अपने परिणाम से पूरी तरह संतुष्ट न होने पर उसने उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया। पुनर्मूल्यांकन के बाद उसके 6 अंक बढ़कर कुल 484 हो गए, जिसके साथ ही उसने प्रदेश की मेरिट सूची में आठवां स्थान हासिल कर अपने विद्यालय, परिवार और जिले का नाम रोशन किया। औद्योगिक क्षेत्र बिलासपुर की रहने वाली सृष्टि के पिता रणवीर व्यवसायी हैं, जबकि माता मोहिनी शर्मा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। सृष्टि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया। उसका सपना आगे की पढ़ाई पूरी कर चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बनना है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रिया पोसवाल ने सृष्टि की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वह विद्यालय की सबसे मेधावी छात्राओं में से एक रही है। विद्यालय परिवार को शुरू से ही विश्वास था कि सृष्टि प्रदेश मेरिट सूची में स्थान बनाएगी और उसने अपनी मेहनत व लगन से इस विश्वास को सही साबित किया। सृष्टि की इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षकों, सहपाठियों और क्षेत्रवासियों ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## त्रिफालघाट में 58 यूनिट रक्तदान एकत्रित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कंदरौर प्रखंड की ओर से त्रिफालघाट (बैहल नवाणा) में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सिंदर, चुराड़ी, समैला, कोटी हटली, बडौण सहित आसपास के गांवों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बजरंग दल के क्षेत्र संयोजक सुनील कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में एम्स बिलासपुर के ब्लड बैंक की टीम ने सहयोग दिया। डॉ. नम्रता, डॉ. हंसराज तथा उनकी टीम ने रक्त संग्रह किया। शिविर में कुल 58 यूनिट रक्तदान हुआ, जिनमें अधिकांश लोगों ने पहली बार रक्तदान किया। तल्याणा पंचायत की प्रधान राम प्यारी और उपप्रधान राजेश कुमार भी मौजूद रहे।

## 28 घंटे में दो मुख्य आरोपियों समेत 5 हमलावर दबोचे

**बिलासपुर कुल्हाड़ी कांड**

◆ पुलिस से बचने के लिए बदले 8 वाहन और जंगलों में छिपे रहे आरोपी : एसपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मंडी भराड़ी के समीप हुए जानलेवा हमले के मामले में बिलासपुर पुलिस ने महज 28 घंटे में दो मुख्य आरोपियों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। इसकी जानकारी एसपी अभिषेक धीमान ने दी। उन्होंने बताया कि 8 जुलाई को सनी गिल पर हुए जानलेवा हमले के बाद थाना सदर में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विशेष टीमों का गठन किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी वारदात के बाद फरार हो गए थे। पुलिस से बचने के लिए उन्होंने 24 घंटे में आठ अलग-अलग वाहन बदले, मोबाइल फोन बंद रखे, संपर्क मार्गों का इस्तेमाल किया और बरठीं व बंजार के जंगलों में छिपे रहे। पुलिस ने सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज, डिजिटल साक्ष्यों और खुफिया सूचना के आधार पर दोनों मुख्य आरोपियों को बंजार से गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान सौरभ पटियाल उर्फ फांदी और कुलभूषण ठाकुर उर्फ लक्की के रूप में हुई है। जांच में आरोपियों की मदद करने वाले अनिल कुमार, सूर्या चंदेल और धीरज धर्माणी को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अब हमले की साजिश, मकसद और अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### भटियात में प्रशासनिक कारणों से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के साक्षात्कार स्थगित

अनंत ज्ञान, चुवाड़ी। बाल विकास परियोजना अधिकारी चुवाड़ी धर्मवीर सिंह ने बताया कि उपमंडल भटियात और डलहौजी क्षेत्र में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिए प्रस्तावित साक्षात्कार फिलहाल स्थगित कर दिए गए हैं। भटियात क्षेत्र के अंतर्गत 8 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 26 आंगनबाड़ी सहायिका तथा आंगनवाड़ी केंद्र 2/4 बकलोह कैंट में एक-एक कैच कार्यकर्ता और कैच सहायिका के पदों के लिए 27 जुलाई 2026 को चुवाड़ी कार्यालय में साक्षात्कार होना था। वहीं, उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत 6 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 19 आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिए 31 जुलाई 2026 को साक्षात्कार प्रस्तावित था। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक कारणों के चलते दोनों तिथियों के साक्षात्कार आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिए गए हैं। आवेदन प्राप्त करने तथा साक्षात्कार की नई तिथियां शीघ्र घोषित की जाएंगी। उम्मीदवारों से विभाग की आगामी सूचना पर नजर बनाए रखने का आग्रह किया गया है।

### कांगड़ा योग प्रतियोगिता में चंबा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, डीसी ने किया सम्मानित



अनंत ज्ञान, चंबा। जिला खेल संघ चंबा के खिलाड़ियों ने कांगड़ा में आयोजित दो दिवसीय योग खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उपायुक्त चंबा ने सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। ब्रजेश्वरी देवी धाम, कांगड़ा में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में योग, स्वास्थ्य और खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में जिला चंबा के 30 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी योग प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उपायुक्त ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक संतुलन, अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने युवाओं से नियमित योग अपनाने और खेल गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। जिला खेल संघ ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने की बात कही।

### जिप उपाध्यक्ष पद पर मुस्लिम समुदाय को प्रतिनिधित्व मिलने पर जताया आभार

अनंत ज्ञान, चंबा। गुज्जर समाज कल्याण सभा जिला चंबा ने जिला परिषद चंबा के उपाध्यक्ष पद पर मुस्लिम समुदाय से संबंधित लियाकत अली के चयन का स्वागत किया है। सभा के अध्यक्ष गुलाम रसूल गामा ने प्रदेश सरकार और कांग्रेस नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण पद पर मुस्लिम समुदाय को प्रतिनिधित्व देकर समाज को सम्मान दिया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी, विधायक नीरज नैय्यर सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनावों में विजयी हुए मुस्लिम समुदाय के जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि उनसे समाज को विकास और समान अवसरों की बड़ी उम्मीदें हैं। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से बिना भेदभाव क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया।



# भरमौर चौक से मेडिकल कॉलेज रूट पर टैक्सी संचालन को लेकर गहराया विवाद

## ई-रिक्शा चालक का आरोप- अनुमति के बिना चल रही टैक्सियां, एसपी से कार्रवाई की मांग

अनंत ज्ञान

चंबा। भरमौर चौक से मेडिकल कॉलेज अस्पताल मार्ग पर कथित रूप से अवैध तरीके से टैक्सी संचालन और मनमानी पार्किंग का मामला सामने आया है। ई-रिक्शा संचालक शिव शंकर ने पुलिस अधीक्षक चंबा को शिकायत सौंपकर आरोप लगाया है कि कुछ टैक्सी चालक बिना अनुमति भरमौर चौक से मेडिकल कॉलेज तक लगातार सवारियां ढो रहे हैं, जिससे न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन हो रहा है बल्कि दुर्घटना का भी खतरा बना हुआ है।

शिकायत में कहा गया है कि संबंधित टैक्सियों का परमिट लंबी दूरी (ऑल इंडिया परमिट) के लिए है, लेकिन इसके बावजूद वे स्थानीय स्तर पर भरमौर चौक से मेडिकल कॉलेज तक नियमित रूप से प्रति सवारी 10 रुपए लेकर संचालन कर रही हैं। आरोप है कि कई बोलेरो टैक्सियों में निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक 12 से 13 सवारियां बैठाई जाती हैं तथा कुछ वाहनों के दस्तावेज भी पूर्ण नहीं हैं।



ई-रिक्शा चालक डीसी चंबा को ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

शिव शंकर ने दावा किया है कि उनका ई-रिक्शा नगर परिषद चम्बा और जिला प्रशासन की अनुमति से भरमौर चौक से मेडिकल कॉलेज मार्ग पर संचालित होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि टैक्सी चालकों की शिकायतों के चलते उनका ई-रिक्शा बंद हो गया है, जिससे वे बैंक ऋण की किस्तें चुकाने में असमर्थ हो गए हैं और उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि भरमौर चौक पर केवल तीन वाहनों की पार्किंग की अनुमति होने के बावजूद प्रतिदिन कई टैक्सियां वहां खड़ी रहती हैं, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बनती है और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शिव शंकर ने आरोप लगाया कि टैक्सी चालक उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं, सवारियों को जबरन अपनी गाड़ियों में बैठा लेते हैं तथा उन्हें जान से मारने की धमकी भी देते हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि बिना अनुमति भरमौर चौक पर खड़ी होने वाली टैक्सियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए, अवैध रूप से संचालित टैक्सियों की जांच कर उनके संचालन की अनुमति और वैधता सार्वजनिक की जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

शिकायत में उन्होंने कुछ टैक्सियों के पंजीकरण नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराते हुए उनके संचालन की जांच की मांग की है।

# चंबा जिला परिषद की कमान रेखा ठाकुर के हाथ, लियाकत अली खान बने उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान



चंबा। चंबा जिला परिषद को नया नेतृत्व मिल गया है। शुक्रवार को बचत भवन में संपन्न हुए जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव में बयाणा वार्ड की रेखा ठाकुर अध्यक्ष तथा सरोल वार्ड के लियाकत अली खान उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। दोनों पदों पर हुए मुकाबले में विजेताओं ने 10–8 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर जिला परिषद की कमान संभाली।

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज नियम, 1994 के तहत आयोजित निर्वाचन प्रक्रिया की अध्यक्षता उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने की। बैठक में सभी 18 जिला परिषद सदस्यों ने भाग लिया। अतिरिक्त उपायुक्त अमित मैहरा तथा जिला पंचायत अधिकारी एवं जिला परिषद सचिव महेश चंद ठाकुर भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में बयाणा वार्ड की रेखा ठाकुर को 10 मत प्राप्त हुए, जबकि जियूंता वार्ड की मीनाक्षी कपूर को 8 मत मिले। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद के चुनाव में सरोल वार्ड के लियाकत अली खान को 10 मत मिले, जबकि गैहरा वार्ड के सुनील दत्त को 8 मत प्राप्त हुए।

निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने दोनों जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि जिला परिषद के सभी सदस्य आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए चम्बा के विकास को नई गति प्रदान करेंगे और जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# चंबा में तेज होगा 'मेरा युवा भारत' पोर्टल का पंजीकरण अभियान

अनंत ज्ञान

◆ मेरा युवा भारत पोर्टल के लिए बैठक संपन्न

चंबा। मेरा युवा भारत पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला समन्वय समिति की प्रथम बैठक शुक्रवार को मेरा युवा भारत कार्यालय चम्बा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला युवा सेवाएं अधिकारी राहुल गर्ग ने की। जिला समन्वय समिति का गठन 7 जुलाई को किया गया था।

बैठक में जिले में चल रहे इंटेंसिव रजिस्ट्रेशन ड्राइव की समीक्षा की गई तथा अधिक से अधिक युवाओं को मेरा युवा भारत पोर्टल से जोड़ने के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने पोर्टल के माध्यम से युवाओं को उपलब्ध प्रशिक्षण, रोजगार, स्वरोजगार व कौशल विकास के अवसरों की जानकारी व्यापक स्तर तक पहुंचाने पर जोर दिया।

बैठक में खेल गतिविधियों के बेहतर संचालन के लिए खेल विभाग और मेरा युवा भारत के बीच समन्वय बढ़ाने, युवाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ने तथा कौशल विकास कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान बताया गया कि मेरा युवा भारत पोर्टल के माध्यम से आईआईएससी बेंगलुरु के सहयोग से सेमीकंडक्टर विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें बीटेक स्नातक आवेदन कर सकते हैं।

इसके अलावा एचआईवी एड्स और टीबी के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# ज्ञान और एकता के मंत्र से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रही विद्यार्थी परिषद: नैंसी

अनंत ज्ञान, चंबा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का 78वां स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस जिला चम्बा में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चम्बा, सलूणी और तीसा सहित जिले के सात स्थानों पर संगोष्ठियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया गया।

चंबा नगर में आयोजित मुख्य संगोष्ठी में एबीवीपी की प्रदेश मंत्री कुमारी नैंसी अटल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद पिछले 78 वर्षों से 'ज्ञान, शील और एकता' के मूल मंत्र के साथ विद्यार्थियों को राष्ट्रहित और समाज सेवा के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि परिषद ने 'आज का विद्यार्थी, आज का नागरिक है' के विचार को आगे बढ़ाते हुए युवाओं में जिम्मेदारी की भावना विकसित की है। जिला संयोजक अंशु नेगी ने कहा कि एबीवीपी ने अपने लंबे सफर में अनेक कार्यकर्ताओं का निर्माण किया है, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है। कार्यक्रम में 70 से 80 कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। समापन अवसर पर मिष्ठान वितरण किया गया।

# 15 अगस्त की तैयारी में जुटे एनसीसी कैडेट्स, परेड और आपदा प्रबंधन की बारीकियां सीखी

अनंत ज्ञान



चंबा। पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चंबा में शुक्रवार को 9 एचपी बीएन एनसीसी डलहौजी के पीआई स्टाफ द्वारा एनसीसी कैडेट्स के लिए संस्थागत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को परेड, ड्रिल, अनुशासन और समन्वय का व्यावहारिक अभ्यास करवाते हुए 15 अगस्त के जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए तैयारियों को धार दी गई।

पीआई स्टाफ के हवलदार रवि कुमार और हवलदार बिनीत ने कैडेट्स को परेड की विभिन्न बारीकियों से अवगत कराया तथा अनुशासन और टीम भावना के महत्व पर बल दिया। वहीं विद्यालय के भूगोल प्रवक्ता एवं एसोसिएट एनसीसी अधिकारी धीरज सिंह ठाकुर ने आपदा प्रबंधन विषय पर व्याख्यान देते हुए प्राकृतिक और मानवजनित आपदाओं के दौरान बचाव, प्राथमिक उपचार, त्वरित प्रतिक्रिया तथा एनसीसी कैडेट्स की जिम्मेदारियों का विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कैडेट्स से राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित, अनुशासित और सदैव सजग रहने का आह्वान किया। प्रशिक्षण में कुल 49 एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें प्रथम वर्ष के 24 और द्वितीय वर्ष के 25 कैडेट्स शामिल रहे। प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रतिभागियों को जलपान भी उपलब्ध कराया गया। आगामी 15 अगस्त के जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को देखते हुए पीआई स्टाफ और एनसीसी अधिकारी ने कैडेट्स को नियमित अभ्यास जारी रखने, परेड एवं अन्य गतिविधियों के लिए पूरी तरह तैयार रहने के निर्देश दिए। ग्रीष्मकालीन अवकाश 12 जुलाई से 12 अगस्त तक रहने के बावजूद कैडेट्स को स्वयं अभ्यास करने, अनुशासन बनाए रखने और निर्धारित समय पर रिपोर्ट करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रचना ठाकुर ने 9 एचपी बीएन एनसीसी डलहौजी के पीआई स्टाफ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सेवा भावना का विकास करते हैं।

# मानसून में बढ़े सांस के संक्रमण मैक्स ने जारी की एडवाइजरी

अनंत ज्ञान



चंडीगढ़। मानसून के मौसम में बढ़ती उमस और बदलते तापमान के बीच, मैक्स अस्पताल, मोहाली ने सांस से जुड़े संक्रमण और एलर्जी के बढ़ते मामलों पर एडवाइजरी जारी की है। अस्पताल ने लोगों, विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और अस्थमा या फेफड़ों की पुरानी बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को श्वसन संबंधी जटिलताओं के जोखिम को कम करने के लिए निवारक उपाय करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

मैक्स मोहाली में पल्मोनोलॉजी के सीनियर डायरेक्टर डॉ दीपक भसीन ने कहा कि नम मौसम, फंगस का बढ़ना, वायु प्रदूषक और मौसमी वायरस का मेल श्वसन संक्रमण को ट्रिगर कर सकता है और एलर्जी को और बढ़ा सकता है।

उन्होंने कहा कि लगातार खांसी, गले में खराश, घरघराहट, सांस फूलना, नाक बंद होना, बुखार और छाती में बेचैनी जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए, खासकर यदि वे लगातार बने रहें या बिगड़ते जा रहे हों। डॉ. भसीन ने बताया कि घरों के भीतर वेंटिलेशन को अच्छा बनाए रखना, सीलन और नमी वाले वातावरण से बचना, हाथों की स्वच्छता का पालन करना और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनना संक्रमण के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है। डॉ. भसीन ने कहा, मानसून के दौरान वायरल संक्रमण, एलर्जी और फंगस के बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां होने के कारण सांस की बीमारियां बढ़ जाती हैं। अस्थमा, एलर्जी या फेफड़ों की पुरानी बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को अपनी निर्धारित दवाएं जारी रखनी चाहिए, नमी वाले वातावरण में जाने से बचना चाहिए और लक्षण बिगड़ने पर तुरंत डॉक्टरी सलाह लेनी चाहिए। समय पर इलाज जटिलताओं और अस्पताल में भर्ती होने की नौबत को रोकने में मदद करता है।

# पानीपत: पति ने पत्नी की गला घोंटकर की हत्या

अनंत ज्ञान, पानीपत। पानीपत में पति पत्नी के बीच हुए आपसी विवाद में पति ने अपनी पत्नी की गला घोंट कर हत्या कर दी। आरोपी ने कपड़े से पत्नी का गला घोंट दिया और जब तक गला घोंटे रखा जब तक पत्नी के प्राण नहीं निकल गए। जानकारी के अनुसार हत्या के लिए आरोपी ने अपने मौसेरे भाई को भी बुला लिया था। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही ओल्ड इंडस्ट्रियल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। मृतका की पहचान काबड़ी रोड स्थित भारत नगर निवासी 35 वर्षीय शिल्पी के रूप में हुई है। वह किराए के मकान में रहती थी। विवाद के चलते उसका पति विपिन अलग रहता था। जांच अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले का रहने वाला है। शुक्रवार को हमें सूचना मिली थी कि भारत नगर में एक महिला की हत्या कर दी गई है। जब हमारी टीम मौके पर पहुंची तो महिला का शव पलंग पर पड़ा हुआ था। जांच अधिकारी ने आगे बताया कि मौके पर महिला का 10 वर्षीय भाई जॉकी था। उसने पुलिस को बताया कि रात को जीजा आया था। उसने अपनी मौसी के लड़के करिंद को बुलाकर बहन की हत्या कर दी थी। महिला के गले पर गहरे निशान मिले हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर के सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया है।

# देश में शुद्ध पेट्रोल 82 रुपए लीटर मिलना चाहिए सरकार 102 रुपए में दे रही ई-20: केजरीवाल

अनंत ज्ञान



चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पेट्रोल की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम घटकर करीब 70 डॉलर प्रति बैरल पहुंचने के बावजूद देश में पेट्रोल की कीमतों में कोई राहत नहीं दी जा रही है।

केजरीवाल ने कहा कि देश में ई-20 ब्लेंडेड पेट्रोल करीब 102 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि मौजूदा हालात में शुद्ध पेट्रोल की कीमत लगभग 82 रुपए प्रति लीटर होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि अगर ई-20 पेट्रोल बेचा जा रहा है तो इसकी कीमत 70 रुपए प्रति लीटर के आसपास होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की मौजूदा कीमत के हिसाब से इसकी लागत करीब 42 रुपए प्रति लीटर बैठती है। इसके बाद रिफाइनिंग, ट्रांसपोर्ट, टैक्स, वैट और डीलर कमीशन जोड़ने के बाद भी पेट्रोल की कीमत इतनी ज्यादा नहीं होनी चाहिए। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि सरकार और तेल कंपनियां जनता को महंगे ईंधन का बोझ उठाने पर मजबूर कर रही हैं। 'आप' मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केजरीवाल ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों का सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। ईंधन सस्ता होने से ट्रांसपोर्ट लागत कम होगी और रोजमर्रा की वस्तुओं के दामों में भी कमी आ सकती है।

उन्होंने केंद्र सरकार के उस तर्क पर भी सवाल उठाया, जिसमें तेल कंपनियों को युद्ध के दौरान हुए नुकसान की भरपाई के लिए कीमतें ऊंची रखने की बात कही जाती है। केजरीवाल ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें पहले भी कई बार गिरीं, तब भी आम जनता को उसका फायदा नहीं मिला। उन्होंने दावा किया कि तेल कंपनियों को पिछले वर्षों में भारी मुनाफा हुआ है और उसी से नुकसान की भरपाई की जा सकती है। केजरीवाल ने केंद्र से मांग की कि पेट्रोल-डीजल के दाम तुरंत कम किए जाएं और लोगों को महंगाई से राहत दी जाए।

# नगर निगम मोहाली ने 'कैच द रेन 2026' अभियान की शुरुआत

अनंत ज्ञान, गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप नगर निगम, साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) ने जल संचय जन भागीदारी पहल के अंतर्गत 'कैच द रेन-2026' अभियान का शुभारंभ किया है। इस अभियान का उद्देश्य वर्षा जल संरक्षण, भू-जल रिचार्ज, जल स्रोतों के संरक्षण तथा सतत जल प्रबंधन के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

एक माह तक चलने वाले इस अभियान के दौरान जिले भर में विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके अंतर्गत जल संवाद कार्यक्रम, जल स्रोतों के आसपास स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान, होर्डिंग, बैनर, स्टैंडी एवं पोस्टरों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके अलावा कैच द रेन हैशटैग के माध्यम से सोशल मीडिया पर भी व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। नगर निगम ने सभी नागरिकों, शिक्षण संस्थानों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए), औद्योगिक इकाइयों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे वर्षा जल संचयन प्रणालियों को अपनाएं, पानी की बर्बादी रोकें तथा भू-जल रिचार्ज में अपना सक्रिय योगदान देकर इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने में सहयोग करें। नगर निगम ने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से ही साहिबजादा अजीत सिंह नगर को जल-सुरक्षित एवं सतत विकास की दिशा में अग्रणी बनाया जा सकता है।

# एनआईआईएफटी मोहाली में डॉ. जिंदल ने संभाला नए प्रिंसिपल का कार्यभार

अनंत ज्ञान



गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर। पंजाब सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अधीन संचालित नॉर्दर्न इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईआईएफटी), मोहाली के नव-नियुक्त प्रिंसिपल डॉ. मनीष कुमार जिंदल ने शुक्रवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। संस्थान के रजिस्ट्रार रमणदीप सिंह ने उन्हें औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण कराया और स्वागत किया।

कार्यभार संभालने से पहले डॉ. जिंदल ने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के निदेशक एवं एनआईआईएफटी के महानिदेशक जसप्रीत सिंह (आईएएस) से शिष्टाचार भेंट की। जसप्रीत सिंह ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनआईआईएफटी ने फैशन शिक्षा, डिजाइन, नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है।

उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. जिंदल के अनुभव और नेतृत्व से संस्थान नई ऊंचाइयां तक पहुंचेगा। कार्यभार ग्रहण करने के बाद डॉ. जिंदल ने शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की सफलता टीमवर्क, अनुशासन, पारदर्शिता और नवाचार पर निर्भर करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, उद्योगोन्मुख और रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने गैर-शिक्षण कर्मचारियों से भी संवाद करते हुए प्रशासनिक व्यवस्था को संस्थान की रीढ़ बताया और पारदर्शिता, जवाबदेही तथा समयबद्ध कार्य संस्कृति पर जोर दिया। इसके बाद डॉ. जिंदल ने संस्थान के विभिन्न शैक्षणिक और प्रशासनिक विभागों, डिजाइन स्टूडियो, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और स्मार्ट कक्षाओं का निरीक्षण किया तथा विभागाध्यक्षों से संस्थान की कार्यप्रणाली और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की।

# फरीदाबाद: पानी से भरे गड्ढे में गिरा नौ साल का मासूम, मौत

अनंत ज्ञान, फरीदाबाद। फरीदाबाद के सेक्टर-65 में आशियाना फ्लैट के पास शुक्रवार को बारिश के पानी से भरे गड्ढे में डूबकर एक नौ साल के बच्चे की मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान रेहान के रूप में हुई है। इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस के मुताबिक, बच्चा सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकला था। वह स्कूल पहुंचा भी लेकिन पूरे समय वहां नहीं रहा। बच्चा बीच में ही स्कूल से निकलकर बाहर आ गया था। इस दौरान वह पानी के गड्ढे में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

मृतक के दादा जलालुद्दीन ने बताया कि प्रतिदिन की भांति वह आज भी घर से स्कूल के लिए निकला था, स्कूल नजदीक था, इसलिए वह स्वयं ही स्कूल चला जाता था। आज उन्हें किसी ने सूचना दी कि उनका बच्चा पानी के गड्ढे में बेहोश पड़ा है, जिस पर वह उसे समीपवर्ती निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतक के पिता नहीं है और उसके चाचा व अन्य परिजन उसकी देखभाल करते हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

# निसान टेक्टॉन भारत में लॉन्च कीमत ₹10.49 लाख से शुरू

अनंत ज्ञान



गुरनाम सागर चंडीगढ़। निसान मोटर इंडिया ने आज भारत में आयोजित वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान नई निसान टेक्टॉन को लॉन्च किया। यह लॉन्चिंग कंपनी के उत्पाद विस्तार अभियान का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। प्रीमियम सी-एसयूवी सेगमेंट की यह पहली ऐसी एसयूवी है, जिसमें सभी वेरिएंट्स में 100 प्रतिशत टर्बोचार्ज्ड इंजन लाइन-अप दिया गया है। इसके साथ ही इसमें सेगमेंट के कई बेस्ट फीचर्स दिए गए हैं, जिनमें 280एनएम का टर्बो परफॉर्मेंस, गूगल बिल्ट-इन कनेक्टिविटी और 700 लीटर का क्लास-लीडिंग बूट स्पेस शामिल हैं।

टी280 रेंज, जिसमें मैनुअल और डीसीटी गियरबॉक्स दोनों विकल्प उपलब्ध हैं, की शुरुआती कीमत 14.99 लाख रुपए है। टी160 रेंज की शुरुआती कीमत 10.49 लाख रुपए रखी गई है। नई निसान टेक्टॉन को भीड़ से अलग पहचान बनाने के लिए तैयार किया गया है। इसका डिजाइन निसान की प्रतिष्ठित एसयूवी निसान पेट्रोल से प्रेरित है और यह एसयूवी के मामले में उत्कृष्टता की निसान की 75 वर्षों की विरासत को नए अंदाज में सामने लाती है। निसान टेक्टॉन में प्रीमियम लग्जरी, दमदार परफॉर्मेंस और आधुनिक कनेक्टिविटी का बेहतरीन मेल है। इसमें गूगल बिल्ट-इन कनेक्टिविटी भी है, जिससे ड्राइविंग का अनुभव और भी बेहतर बनता है। गूगल बिल्ट-इन के साथ ग्राहक गूगल मैप्स की मदद से आसानी से नेविगेट कर सकते हैं, गूगल असिस्टेंट के जरिये हैंड्स-फ्री असिस्टेंस ले सकते हैं और गूगल प्ले पर उपलब्ध 200 से अधिक ऐप्स का उपयोग कर सकते हैं।

नई निसान टेक्टॉन वर्ष 2026 में कंपनी का दूसरा प्रोडक्ट है और भारत में निसान की नई विकास रणनीति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान निसान के चीफ परफॉर्मेंस ऑफिसर गुइलॉम कार्टियर ने कहा, हम भारत में निसान को पहले से अधिक मजबूत और प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। हम अपने एसयूवी पोर्टफोलियो को मजबूत कर रहे हैं और बाजार पर अपना फोकस बढ़ा रहे हैं। नई निसान टेक्टॉन का वर्ल्ड प्रीमियर हमारे उस संकल्प को दिखाता है, जिसमें ग्लोबल प्रोडक्ट स्ट्रेंथ को स्थानीय ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप पेश किया जा रहा है।

# मंत्री संजीव अरोड़ा फर्जी आईफोन निर्यात मामले के मास्टरमाइंड: ईडी

अनंत ज्ञान



गुरुग्राम। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के खिलाफ कथित फर्जी मोबाइल निर्यात और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गुरुग्राम की विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। ईडी ने आरोप लगाया है कि अरोड़ा करीब 103 करोड़ रुपए के फर्जी आईफोन निर्यात नेटवर्क के मुख्य साजिशकर्ता हैं।

जांच एजेंसी के अनुसार, करीब 44 हजार आईफोन का निर्यात केवल दस्तावेजों में दिखाया गया, जबकि वास्तविक रूप से कोई शिपमेंट नहीं भेजी गई। ईडी का आरोप है कि फर्जी खरीद बिल, निर्यात दस्तावेज और शेल कंपनियों के जरिए सरकारी लाभ और रिफंड हासिल किए गए।

ईडी ने चार्जशीट में दावा किया है कि इस मामले में अब तक करीब 55 करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की जा चुकी हैं। जांच में 150 करोड़ रुपए से अधिक के कथित फर्जी कारोबार, दुबई की कंपनी में निवेश और फर्जी इनवॉइस जारी करने वाली कई संदिग्ध कंपनियों का भी उल्लेख किया गया है।

ईडी के मुताबिक, कथित नेटवर्क में शेल कंपनियों, काल्पनिक खरीदारों और सर्कुलर फंडिंग का इस्तेमाल किया गया। एजेंसी ने 87 करोड़ रुपए के एक्सपोर्ट रेमिटेंस और करीब 16 करोड़ रुपये के आईजीएसटी व ड्यूटी ड्रॉबैक रिफंड में अनियमितता का आरोप लगाया है।

चार्जशीट में यह भी दावा किया गया है कि एक्सपोर्ट के नाम पर जमा राशि वाले बैंक खाते में संजीव अरोड़ा हस्ताक्षरकर्ता थे। हालांकि, मामले में अंतिम फैसला अदालत की सुनवाई के बाद ही होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बड़ा भंगाल के लिए 600 क्विंटल राशन रवाना

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल के लिए 500 से 600 क्विंटल राशन रवाना कर दिया गया है। राशन की ढुलाई चंबा मार्ग व थमसर जोत के माध्यम से की जा रही है। राशन ढुलाई वाली टीमों पर जिला प्रशासन नियमित नजर बनाए हुए है तथा मौसम व मार्ग की जानकारी ली जा रही है, जिससे कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि मानसून के दौरान दुर्गम बड़ा भंगाल क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति और विकास कार्यों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। प्रशासन ने एक वर्ष के लिए राशन की आपूर्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है, वहीं मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान ग्रामीणों द्वारा उठाई गई मांगों पर भी संबंधित विभागों ने कार्रवाई तेज कर दी है। डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि बड़ा भंगाल के लिए राशन की खेप रास्ते में है और हर वर्ष की तरह इस बार भी लगभग 500 से 600 क्विंटल राशन क्षेत्र में पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग पर रास्तों की मरम्मत और खच्चरों के माध्यम से राशन पहुंचाने के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवा दी गई है, जिससे आपूर्ति कार्य सुचारू रूप से जारी है।

### कांग्रेस ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ओर से शुक्रवार को मंडी के सेरी मंच पर 'संविधान बचाओ सत्याग्रह' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों, कांग्रेस नेताओं और



कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान राज्य अध्यक्ष सचिन मिरुपा, राज्य सह-अध्यक्ष अरुण प्रकाश आर्य, जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंपा ठाकुर मौजूद रहीं। वक्ताओं ने कहा कि संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा के लिए जनजागरण अभियान को और तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब इस सत्याग्रह को ब्लॉक स्तर तक ले जाकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की विचारधारा और भाजपा सरकार की नीतियों से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में अनिल सेन, उपेंद्र शर्मा, अजय ठाकुर, भूप सिंह, गीतांजलि शर्मा, योगेश पटियाल, प्रकाश कश्यप सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 2027 में कांग्रेस की विदाई पक्की: जम्वाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि नगर निकाय और पंचायती राज चुनावों में 70 प्रतिशत से अधिक सीटों पर मिली जीत प्रदेश में कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता के जनादेश को दर्शाती है। सुंदरनगर में आयोजित जनप्रतिनिधि अभिनंदन समारोह में उन्होंने भाजपा समर्थित नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सम्मानित करते हुए कहा कि यह जीत संगठन, कार्यकर्ताओं और जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार जनता से किए वादे पूरे करने में विफल रही है, जिसका जवाब मतदाताओं ने चुनाव में दिया है। राकेश जम्वाल ने कहा कि यह परिणाम वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव का संकेत है और भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से पारदर्शिता और जनसेवा के साथ कार्य करने का आह्वान किया तथा कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत कर केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया।

### आईसीएमआर के केंद्र का शिलान्यास समारोह रद्द

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले के केलांग में 11 जुलाई 2026 को आयोजित आईसीएमआर के उच्च हिमालयी चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य अनुसंधान केंद्र के शिलान्यास कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। मूसलाधार वर्षा और भूस्खलन के कारण आवागमन तथा सुरक्षा प्रभावित होने के कारण उक्त निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम की संशोधित तिथि की सूचना उचित समय पर दी जाएगी। असुविधा के लिए खेद है।

### विक्रमादित्य कर रहे क्षेत्रवाद की राजनीति: सत्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती ने मंत्री विक्रमादित्य सिंह के हालिया बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि वह क्षेत्रवाद की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे किसी मंत्री से समाज को जोड़ने वाली भाषा और जिम्मेदार आचरण की अपेक्षा की जाती है, लेकिन विक्रमादित्य सिंह लगातार ऐसे बयान दे रहे हैं जो प्रदेश में विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा देते हैं। सत्ती ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी वह अपनी ही सरकार, अधिकारियों और कांग्रेस नेताओं के खिलाफ सार्वजनिक बयान देकर विवाद खड़े कर चुके हैं, जिससे सरकार और पार्टी नेतृत्व को कई बार असहज स्थिति का सामना करना पड़ा है।

# सीबीआई स्कूलों में मेरिट के आधार पर ही नियुक्त होंगे शिक्षक: रोहित

## जरूरत पड़ी तो कैबिनेट में रखा जाएगा मामला, योग्य को मिलेगी प्राथमिकता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी सीबीएसई स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शुक्रवार को सचिवालय में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में सरकार का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि सीबीएसई स्कूलों में शिक्षकों और प्रधानाचार्यों की नियुक्ति पूरी तरह मेरिट के आधार पर की जाएगी। इस विषय पर शिक्षा विभाग और सरकार के स्तर पर विस्तृत मंथन हो चुका है तथा यदि आवश्यकता हुई तो अंतिम निर्णय के लिए प्रस्ताव मंत्रिमंडल के समक्ष भी रखा जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार पारदर्शी, निष्पक्ष और गुणवत्ता आधारित व्यवस्था लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा किसी भी स्तर पर मेरिट से समझौता नहीं किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सीबीएसई स्कूलों के लिए आयोजित चयन परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की दिशा में सरकार गंभीरता से काम कर रही है।

सरकार का उद्देश्य योग्य शिक्षकों की तैनाती के माध्यम से सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। मंत्री ने संकेत दिए कि मुख्यमंत्री से अंतिम चर्चा के बाद प्रक्रिया को जल्द आगे बढ़ाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार पहले ही सीबीएसई पैटर्न वाले सरकारी विद्यालयों में अलग सब-कैडर और मेरिट आधारित चयन प्रणाली लागू करने की नीति पर काम कर रही है, ताकि नियुक्तियों में पारदर्शिता और शैक्षणिक उत्कृष्टता सुनिश्चित की जा सके।

### मिड-डे मील वर्कर्स को दिया मांगों पर मंथन करने का भरोसा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन (सीटू) के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात की। बैठक में मिड डे मील कर्मियों के वेतन, सेवा शर्तों और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। शिक्षा मंत्री ने कर्मियों का मानदेय बढ़ाने, प्रत्येक माह पहली तारीख को पूरा वेतन सुनिश्चित करने, वर्ष में 20 अवकाश देने, दो वर्दियां उपलब्ध कराने, चुनाव के दौरान पोलिंग ड्यूटी पर भोजन बनाने के लिए अलग से आर्थिक भुगतान करने, 21 अगस्त के निदेशक के ड्यूटी संबंधी आदेशों को लागू करने, वर्ष में तीन की बजाय केवल एक मेडिकल जांच



करवाने तथा उस दिन का वेतन देने, क्लस्टर स्कूलों के नाम पर कर्मियों की छंटनी रोकने, ईपीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी और कर्मचारी मुआवजा जैसी सुविधाएं लागू करने, 25 बच्चों की अनिवार्यता की शर्त समाप्त करने, कम छात्र संख्या के आधार पर छंटनी रोकने तथा 10 महीने के बजाय 12 महीने का वेतन देने सहित विभिन्न मांगों पर सकारात्मक समाधान का आश्वासन दिया।

# एक साथ चुनाव कराने से होगी संसाधनों की बचत: अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो हमीरपुर।** गोवा के पणजी में संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक, 2024 तथा केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के दो दिवसीय अध्ययन दौरे के प्रथम दिन सांसद अनुराग ठाकुर ने गोवा सरकार के राजनीतिक एवं प्रशासनिक नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। 10 एवं 11 जुलाई को आयोजित इस अध्ययन दौरे का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की व्यवहार्यता का व्यापक अध्ययन करना तथा विभिन्न पक्षों से सुझाव प्राप्त करना है। दौरे के प्रथम दिन का मुख्य आकर्षण गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत के साथ विस्तृत विचार-विमर्श रहा। इस बैठक में मुख्यमंत्री के साथ स्वास्थ्य, जल संसाधन, ऊर्जा, मत्स्य, समाज कल्याण, लोक निर्माण तथा कला एवं संस्कृति विभागों के मंत्रियों ने भी भाग लिया। संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि देश में एक साथ चुनाव कराने से सार्वजनिक संसाधनों की व्यापक बचत होगी, समय की बचत होगी तथा राज्यों में शासन और विकास कार्य बिना बार-बार चुनावी व्यवधान के निरंतर गति से आगे बढ़ सकेंगे। राजनीतिक नेतृत्व के साथ बैठक के उपरांत समिति ने गोवा के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भी विस्तृत चर्चा की। इसके अतिरिक्त वित्त, गृह, शिक्षा, पर्यटन, कृषि, उद्योग तथा स्वास्थ्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी एक साथ चुनावों के क्रियान्वयन से जुड़े प्रशासनिक और व्यवस्थागत पहलुओं पर अपने विचार साझा किए।



व्यापक सहमति निर्माण के उद्देश्य से समिति ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, गोवा विश्वविद्यालय, आईआईटी गोवा एवं एनआईटी गोवा के शिक्षाविदों, गोवा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ताओं तथा सीआईआई, एसोचैम और फिक्की के उद्योग प्रतिनिधियों के साथ भी विचार-विमर्श किया।

# आपदा के दौरान किसी भी नेटवर्क से कर सकेंगे कॉल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में प्राकृतिक आपदाओं के दौरान संचार व्यवस्था बाधित होने की स्थिति में अब राज्य के लोगों को अपने परिजनों से संपर्क करने के लिए नेटवर्क की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। प्रदेश दूरसंचार विभाग ने स्पष्ट किया है कि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों में इंट्रा-सर्किल रोमिंग सुविधा सक्रिय की जाएगी। इस व्यवस्था के तहत यदि किसी उपभोक्ता के मोबाइल नेटवर्क की सेवा प्रभावित होती है, तो वह अपने मोबाइल की सेटिंग में जाकर उपलब्ध किसी अन्य दूरसंचार कंपनी के नेटवर्क का चयन कर सकेगा और उसी नेटवर्क के माध्यम से कॉल कर पाएगा। इससे आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्यों के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा और संचार व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

दूरसंचार विभाग के अनुसार किसी भी प्राकृतिक आपदा के दौरान संचार सेवाएं राहत, बचाव और पुनर्वास कार्यों की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होती हैं। ऐसे समय में मोबाइल नेटवर्क बाधित होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी चुनौती से निपटने के लिए विभाग ने इंट्रा-सर्किल रोमिंग व्यवस्था को प्रभावी विकल्प के रूप में तैयार किया है, ताकि प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल सेवाएं पूरी तरह ठप न हों और लोगों का संपर्क बना रहे।

आईसीआर सुविधा सक्रिय होने पर मोबाइल उपभोक्ता अपने फोन की नेटवर्क सेटिंग में जाकर मैन्युअली उपलब्ध नेटवर्क का चयन कर सकेंगे। यदि उनके मौजूदा ऑपरेटर का नेटवर्क काम नहीं कर रहा होगा और किसी अन्य कंपनी का नेटवर्क उपलब्ध होगा, तो उपभोक्ता उसी नेटवर्क से जुड़कर कॉल कर सकेंगे। इससे प्रभावित क्षेत्रों में फंसे लोग अपने परिवार, प्रशासन और राहत एजेंसियों से आसानी से संपर्क बनाए रख सकेंगे। यह सुविधा केवल आवश्यकता पड़ने पर और सीमित अवधि के लिए लागू की जाएगी। जब भी यह व्यवस्था सक्रिय होगी, विभाग सूचना जारी कर प्रभावित क्षेत्रों, सुविधा लागू रहने की अवधि तथा आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी सार्वजनिक करेगा।

# बिना बजट की घोषणाएं कर रही सरकार: जयराम

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की प्रस्तावित 'सुखी परिवार योजना' पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सरकार बिना बजट के नई-नई योजनाओं की घोषणाएं कर प्रदेशवासियों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि योजना के लिए बजट में कोई प्रावधान ही नहीं किया गया है तो इसे धरातल पर कैसे लागू किया जाएगा। उन्होंने सरकार से स्पष्ट करने की मांग की कि योजना के संचालन के लिए धन कहां से आएगा और क्या इसके लिए अन्य समाज कल्याण योजनाओं का बजट कम किया जाएगा। शिमला से जारी बयान में जयराम ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष सरकार ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, अल्पसंख्यक तथा समाज कल्याण से जुड़े मदों के बजट में पिछले वर्ष की तुलना में करीब 63 प्रतिशत की कटौती की है। उनके अनुसार पिछले वर्ष इन योजनाओं के लिए 1618 करोड़ रुपये का प्रावधान था, जबकि इस बार यह घटकर 604 करोड़ रुपये रह गया है। उन्होंने कहा कि जब पिछले वर्ष ही कई पात्र लोगों को समय पर वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल सकी तो बजट में कटौती के बाद सरकार नई योजनाओं को कैसे लागू करेगी। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की अधिकांश घोषणाएं केवल कागजों तक सीमित रह जाती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की कई योजनाएं शुरू होने से पहले ही दम तोड़ देती हैं और कुछ का लाभ लोगों तक पहुंचने से पहले ही समाप्त हो जाता है। उनका दावा है कि सरकार जनकल्याण से अधिक प्रचार-प्रसार पर ध्यान दे रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार ने सत्ता में आने के बाद हिमकेयर, सहारा, शगुन और स्वावलंबन जैसी योजनाओं को बजटीय प्रावधान रोककर कमजोर करने का प्रयास किया। इसके साथ ही लोगों पर विभिन्न प्रकार के शुल्क लगाए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार नई योजनाओं के नाम पर बड़े-बड़े विज्ञापन जारी करती है, लेकिन वास्तविक लाभ आम लोगों तक नहीं पहुंचता। उन्होंने कांग्रेस की विधानसभा चुनाव के दौरान दी गई गारंटियों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि पांच लाख रोजगार, प्रत्येक पात्र महिला को 1500 रुपये प्रतिमाह, 300 यूनिट मुफ्त बिजली, बागवानों को मूल्य निर्धारण का अधिकार, 100 रुपये प्रति लीटर दूध खरीद और गोबर खरीद जैसे वादे अब तक पूरे नहीं हुए हैं।



**कार्यालय पंचायत सामुदायिक केन्द्र बरधियाड़**
विकास खण्ड नादौन जिला हमीरपुर (हि०प्र०)
**निविदा आमंत्रण सूचना**
ग्राम पंचायत बरधियाड़ की बैठक में यह प्रस्ताव सर्व सम्मति से रखा गया कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 के विकास कार्यों की निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सील बन्द लिफाफे में निविदाएं अमंत्रित की जाती है जिसके लिए इच्छुक निविदा दाता कुटेशने दे सकता है। कुटेशने 22.07.2026 से 31/03/2027 तक मान्य होंगी।
**सामग्री का विवरण :** 1. रेता क्रशर/धुला प्रति cum, 2. बजरी (10,.20, 40 एम.एम.) प्रति Cum 3. बोल्डर पत्थर प्रति Cum 4. कट स्टोन (तोड़वा पत्थर) प्रति पत्थर 5. शटरिंग प्रति s. f. 6. पानी टैंक (3000 lts) व प्रतिदिन ठहराव अलग से प्रति टैंक 7. दुलवाई सीमेंट स्टोर से कार्य स्थल तक प्रति बैग 8. ईंटें अव्वल दोम प्रति ईंट 9. रेत बजरी बोल्डर मिक्स प्रति cum 10. मिक्सर मशीन प्रति दिन डीजल सहित। 11. लोकल फेरा 12. कंकरीट बोर्ड (2x3) लिखाई सहित, 13. बोर्ड लिखाई।
**शर्तें निम्न हैं:-**
1. GST काटा जाना व सरकार को अदा किया जाना आवश्यक होगा। 2. फार्म आवश्यक होंगे। वेंडर को प्रमाण पत्र भी देना होगा कि इस M फार्म का प्रयोग उसी बिल के साथ किया गया है जो ग्राम पंचायत को दिया गया है। विभाग द्वारा जारी शपथ पत्र देना भी अनिवार्य होगा। 3. सिर्फ उन्ही वेंडर की निविदाओं पर विचार किया जाएगा जिनके द्वारा धरोहर राशि दी जाएगी।
**धरोहर राशि:** बजरी, रेता, गटका स्टोन, पत्थर सोलिंग, ईंट के निविदाकर्ता से 10000, और अन्य सभी से 5000 की राशि ली जाएगी! निविदाधारक के पास जी.एस.टी. नम्बर होना जरूरी है। बिना जी.एस.टी. नंबर निविदाएं रद्द की जाएगी। अगर सप्लाईकर्ता समय पर सामान उपलब्ध नहीं करवाता है तो उसको 25000/- रुपए जुर्माना देना होगा और जिसकी निविदाएं पारित होंगी उसको बतौर Security धरोहर राशि जमा करवानी होगी। तथा सभी शीर्ष, मनरेगा, समान्य, 15वां व 16 वां वितायोग सामग्री की पूर्ण अदायगी पूर्ण मूल्यांकन होने पर की जायेगी। अगर सामग्री मूल्याकन में नहीं आती है तो उसकी अदायगी पंचायत द्वारा नहीं की जाएगी। उपरोक्त लिखित पर पंचायत को पूर्ण अधिकार होगा तथा जी.एस.टी. की पिछले मासिक की रिर्टन की कॉपी साथ में सलंग्न करें। तथा कोटेशन दिनांक 20/07/2026 तक डाक द्वारा समय 4 बजे तक पंचायत अवन बरधियाड़ में ही ली जाएगी तथा दिनांक 25.07.2026 को कोरम में कमेटी सहित 11 बजे पंचायत भवन बेला में खोली जाएगी। सभी कुटेशन धारकों का निविदाएं खोलने के समय पंचायत भवन बरधियाड़ में उपस्थित होना अनिवार्य है अन्यथा निविदाएं रद्द कि जाएगी। इस प्रस्ताव को विस्तारपूर्वक चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रस्ताव की प्रति आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
प्रतिलिपि प्रस्ताव नकल मुताबिक असल है।
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बरधियाड
विकास खण्ड नादौन जिला हमीरपुर (हि०प्र०)

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोहडरा**
विकास खण्ड बिझड़ी, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)
वितीय वर्ष 2026-27 के तहत ग्राम पंचायत कोहडरा के विकास कार्य हेतु निर्माण सामग्री क्रैशर बजरी, क्रैशर रेता, धुला रेता, रेता प्लांट, कट स्टोन 20,40,80 mm (सभी प्रति CFT), पक्की ईंटे, सैंटरिंग लकड़ी/स्टील रिटेनिंग वाल, स्पर, रास्ता, सैंटरिंग स्टील बीम व स्लैब प्रति SFT, कंक्रीट मिक्सचर, सी0एस0सी0 बड़सर से कोहडरा तक सीमेंट दुलान लोडिंग अनलोडिंग सहित प्रति बैंग आदि की निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं मोहर बन्द लिफाफे में दिनांक 07/08/2026 तक कार्य दिवस में डाक द्वारा या स्वयं पंचायत कार्यालय कोहडरा में पंहुचाई जा सकती हैं। सभी निविदाएं दिनांक 10/08/2026 को प्रातः 11 बजे के बाद पंचायत बैंठक के दौरान खोली जायेंगी। फर्म का GST न0 अनिवार्य होगा। सामग्री बिल के साथ M फार्म देने पर ही अदायगी होगी। सामग्री की अदायगी तकनीकी मूल्यांकन पर आधारित होगी। वित्तीय वर्ष में दरों की बढ़ोत्तरी मान्य नहीं होगी। सामग्री कार्यस्थल जहाँ तक, ट्रैक्टर, गाड़ी जाती हो पहुंचानी होगी। सामान दर रहने की स्थिति में आदेश निर्गत करने, सामग्री के चयन तथा किसी भी समय निविदा रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास होगा। अन्य शर्तें मौके पर पढ़कर सुनाई जायेंगी।
प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत कोहडरा

**ग्राम पंचायत अनाह**
विकास खण्ड गोहर जिला मण्डी (हि.प्र.)
**निविदा आमंत्रण सूचना**
सर्वसाधारण जनता,दुकानदारों, बिल्डरों, भू मालिकों फर्मों, ड्राइवरों व गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत अनाह वित् वर्ष 2026-27 के लियें निम्नलिखित सामाग्री हेतु निविदाएँ आमंत्रित करती हैं।सामाग्री का विवरण : 1 रेत/ बजरी , प्रति घन मीटर 2. पत्थर (कट स्टोन) प्रति घन मीटर, 3. बोल्डर प्रति घन मीटर, 4. लकड़ी / टिम्बर प्रति घन मीटर , 5. ईट प्रति ईट, 6. JCB प्रति घंटा, प्रति घंटा, 7. टाईल / शीशा प्रति बाक्स, 8. सरिया (HYSD TMT) All size प्रति किलोग्राम, 9. शटरिंग प्रति वर्गमीटर, 10. स्टील (Hollow section ) All size प्रति किलोग्राम, 11. सीमेंट कुलान civil सप्लाई थुनाग से (लोडिंग व अन लोडिंग) प्रति बैंग, 12. सुचना पट्ट प्रति बोर्ड, 13 PPR फिटिंग प्रति पाईप, 14. स्टील (solid section ) All size प्रति किलोग्राम, 15. लोकल पत्थर carriage प्रति टिप्पर
निविदाएँ दिनांक 22-07-2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत अनाह में अधोहस्ताक्षरी के पास पंहुच जानी चाहिए। निविदाएँ दिनांक 24-07-2026 को ग्राम पंचायत में खोली जाएगी और न्यूनतम मूल्य की निविदाएँ स्वीकृत की जाएगी । सामाग्री की गुणवत्ता सही होनी चाहिए।
शर्तें : (1) आपूर्तिकर्ता के पास GST होना अनिवार्य है । (2) रेत/बजरी व पत्थर के लिए एम फॉर्म का होना आवश्यक होगा। (3) निविदाएँ सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए। (4) पंचायत बिना कारण बताए निविदाएं रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखती हैं। (4) निविदाता को मु0 20000/- धरोहर राशी पंचायत के पास जमा करनी होगी।
प्रधान/सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत खारसी**
विकास खण्ड गोहर, जिला मण्डी (हि.प्र.)
**निविदा सूचना**
सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ जिसमें ग्राम पंचायत खारसी के लिए वर्ष 2026-2027 के लिए निविदाएँ आमंत्रित करने बारे विचार रखा गया जो निम्न प्रकार से है। वर्ष 2026-2027 के कार्य निष्पादन हेतू आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मोहर बन्द निविदाएँ डाक द्वारा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 23/07/2026 सांय 5:00 बजे तक पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ दिनांक 25/07/2026 को ग्राम पंचायत कमेटी तथा निविदादाताओं व उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष 12:00 बजे दोपहर को खोली जायेगी।निविदाएँ निम्न सामग्री हेतू आमंत्रित की जाती है। **सामग्री का विवरण-** 1. रेता/बजरी खड्ड- प्रति घन मीटर, 2. रेता/बजरी क्रशर 10एमएम,20एमएम,40एमएम -प्रति घन मीटर, 3. पत्थर कट स्टोन-प्रति घन मीटर, 4. पत्थर कट स्टोन (गलमा)- प्रति घन मीटर, 5. सोलिंग/पत्थर-प्रति घन मीटर, 6. बोल्डर पत्थर-प्रति घन मीटर, 7.ईंट-प्रति ईंट, 8. JCB मशीन (Cutting and Dressing)-प्रति घंटा, 9. शटरिंग, लकड़ी व स्टील (भवन निर्माण) ड्रेन व डंगे-प्रति वर्ग फुट, 10. एंगल चैनल, MS पाईप (All Size)-प्रति किलो ग्राम, 11. Colour शीट (Size wise)- प्रति वर्ग फुट, 12. CGI शीट (Size wise)-प्रति वर्ग फुट, 13. स्टील (8,10,12,16,20 MM)-स्टील की Item इस कुटेशन में सम्मिलित नहीं के जाती है क्योंकिस्टील के दर हर महीने बाजार में ऊपर नीचे होते रहते हैं।,14. लकड़ी चौखट (All Size)-प्रति रनिंग फुट, 15. लकड़ी दरवाजे व खिड़की पले (All Size)- प्रति रनिंग फुट, 16. सीमेंट ढुलाई लोडिंग व अनलोडिंग सहित-प्रति बैग, 17. RCC पाईप (All Size)- प्रति फुट, 18. सीमेंट मिक्सचर (ओपरेटर सहित)-प्रति बैग, 19. नागरिक सूचना बोर्ड पेंटिंग/दीवार लेखन-प्रति वर्ग फुट, 20. साईन बोर्ड लिखाई-प्रति बोर्ड, 21. सीमेंट टाईल (All Size)-All Size, 22. स्पन पाईप (All Size)-All Size, 23. बिलजी वायरिंग व् सामग्री-प्रति प्वाईंट। **नियम व शर्तें:-** 1. निविदा दाता के पासा अपना PAN नम्बर तथा GST नम्बर होना अनिवार्य है। 2. आपूर्ति कर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगें। एम फार्म न उपलब्ध करवाने पर सम्बन्धित रोयल्टी वर्तमान में चल रही दर के हिसाब से काटी जायेगी । 3. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी किये गये विनिर्देश (Specification) के अनुसार होगी । 4. निर्माण सामग्री कार्य स्थल या जहाँ तक उपलब्ध करवानी होगी। 5. निविदा दाता को 50000/- (पचास हजार) रूपये के धरोहर/सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी, धरोहर/सुरक्षित राशि के बिना निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी । धरोहर/सुरक्षित राशि जो की ग्राम पंचायत खारसी के नाम से देय हो, के रूप में स्वीकार की जायेगी। निविदा दाता अगर सामग्री आपूर्ति समय (एक सप्ताह) के भीतर नहीं कर पाता तो उसकी धरोहर/सुरक्षित राशि वापिस नहीं की जायेगी। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवता के चयन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदा किसी भी समय रद करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। 7. निविदा खुलने के उपरान्त उपरोक्त सामग्री की दरों को विभाग द्वारा तैयार की गई Justification व निविदादाता के साथ Negotiation के उपरान्त अन्तिम रूप दिया जायेगा । 8. दरों का उल्लेख करते समय Tax Included या Exculded का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 9. दरें अंकों व शब्दों में लिखी जाये। 10. जिसकी निविदा स्वीकृत की होगी उपर दर्शाई गई धरोहर/सुरक्षित राशि पांच दिनों के भीतर FDR पंचायत के नाम करनी होगी । 11. बिल की अदायगी VB-GRM G व अन्य मदों की ऑनलाइन प्राप्त राशि के अनुसार ही होगी । 12. विकास कार्यों की सामग्री suply order के 3 दिन के भीतर भीतर कार्य स्थल तक देनी होगी। यदि समय पर सामग्री की suply नहीं दी गई तो निविदा रद्द कर दी जाएगी।
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत खारसी विकास खण्ड गोहर, जिला मण्डी (हि.प्र.)

# भाजपा में व्यक्ति नहीं बल्कि विचारधारा सर्वोपरि: संजय टंडन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत बिलासपुर भाजपा का जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। झंडूता विधानसभा क्षेत्र के शाहतलाई में आयोजित दो दिवसीय शिविर के दूसरे व अंतिम दिन चार सत्रों का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने विभिन्न मुद्दों को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। शिविर के दूसरे दिन प्रथम सत्र में भाजपा के प्रदेश सहप्रभारी संजय टंडन ने संगठन की कार्यपद्धति पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि भाजपा में व्यक्ति नहीं, बल्कि विचारधारा सर्वोपरि है। इसी तरह पद के बजाय दायित्व महत्वपूर्ण है। सामूहिक निर्णय और समन्वय ही भाजपा संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करें।दूसरे सत्र में प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य ने मोदी सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं और उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। तीसरे सत्र में प्रदेश मिडिया प्रभारी करण नंदा ने मीडिया प्रबंधन पर अपने विचार रखे। चौथे व अंतिम सत्र में नयनादेवी के विधायक रणधीर शर्मा ने भाजपा का इतिहास विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को इसके बारे में बताया। प्रशिक्षण शिविर में जिला भर से लगभग 200 पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। समापन अवसर पर झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला अध्यक्ष कृष्णलाल चंदेल समेत प्रबंधन में जुटी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के अनुभवी नेतृत्व का मार्गदर्शन प्राप्त होना सभी के लिए सौभाग्य की बात है। इसके लिए सभी सम्मानित वक्ता बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करने वाला एक सशक्त संगठन है।

**IN THE COURT OF Sh. GAGGAN DEEP, EXECUTIVE MAGISTRATE-CUM-NAIB TEHSILDAR, DHEERA, DISTRICT KANGRA HIMACHAL PRADESH.**
Date of hearing 10-8-2026
Cae No.5/NT/Birth/2026
Date of institution 1-7-2026
**In the matter of-** Surindra Kumari d/o Kishori Lal r/o village Fasta P.O Marhoon, GP Devi, tehsil Dheera, district Kangra HP.
...Applicant
Versus
General Public, Tehsil Dheera, District Kangra, Himachal Pradesh
...Respondents
Subject-Application under section 13(3) of the Birth and Death Registration Act, 1969.
**Public Notice-** Whereas, Surindra Kumari d/o Kishori Lal r/o village Fasta P.O Marhoon, GP Devi, tehsil Dheera, district Kangra HP has filed an application in this court for registration of her birth i.e 9-11-1970, under under section 13(3) of the Birth and Death Registration Act, 1969, in the Birth Register of Gram Panchayat Devi. Now, therefore, objections, if any, are invited from the general public in respect of registration of birth of applicant i.e. 9-11-1970, in the record of birth Register of Gram Panchayat Devi. Any person having any objection in this regard may appear in this court on or before 10-08-2026, either personally or through a duly authorized agent or counsel. In case no objection is received within stipulated period, the matter shall be decided as ex-parte without any further opportunity of being heard and final order for registration of birth of applicant i.e 9-11-1970, shall be passed, accordingly.
Issued under my hand and seal of the court today, 10-07-2026
Executive Magistrate, Dheera

**कार्यालय ग्राम पंचायत सधोट विकास खंड धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.)**
**निविदा सूचना**
**वर्ष 2026-27 के लिए निविदाएं आमंत्रित करने बारे**
ग्राम पंचायत सधोट द्वारा वर्ष 2026-27 के दौरान पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **सामग्री:** 1. रेत क्रशर प्रति घन मीटर 2. रेता प्लांट प्रति घन मीटर 3. बजरी क्रशर 20 एम.एम. प्रति घन मीटर 4. बजरी क्रशर 40 एम.एम. प्रति घन मीटर 5. पत्थर प्रति घन मीटर 6. सीमेंट ढुलाई सरकाघाट से सीमेंट स्टोर तक 7. साइन बोर्ड/राइटिंग बोर्ड (2×3 तथा 3×5) 8. ईंटें प्रति हजार (abc ग्रेड) 9. शटरिंग लकड़ी प्रति running मीटर 10. शटरिंग स्टील प्लेट प्रति स्क्वेयर मीटर 11. सरिया 8, 10 एवं 12 एम.एम. प्रति क्विंटल 12. मशीन (जेसीबी) द्वारा कटान (प्रति घंटा) 13. सामग्री ढुलान ट्रैक्टर/जीप/ अन्य वाहन द्वारा ग्राम पंचायत के समस्त बार्डो में। **नियम एवं शर्तें-** 1. निविदादाता के पास वैध पंजीकरण, पैन एवं जीएसटी नंबर होना आवश्यक है। 2. निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर ग्राम पंचायत सधोट के नाम सीलबंद लिफाफे में भेजनी होगी। 3. निविदा के साथ वैध ट्रांजिट पास (फॉर्म-डब्ल्यू एवं एक्स) संलग्न करना अनिवार्य होगा। 4. सभी कर राज्य सरकार के प्रचलित नियमों के अनुसार देय होंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 6. दरें अंकों एवं शब्दों दोनों में लिखी जाएं। 7. सामग्री कार्यस्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. चयनित निविदादाता को मुवलिक रू. 20,000 रुपये अग्रिम/सुरक्षित राशि के रूप में प्लेज करके जमा करवानी होगी। 9. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा। 10. निविदादाता यदि सप्लाई आर्डर जारी करने के उपरांत निर्धारित अवधि में सामग्री समय अनुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय दी गई सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा और ना ही अग्रिम/ सुरक्षित राशि वापस की जाएगी। 11. किसी भी निविदा को बिना कारण बताएं स्वीकृत अस्वकृत करने व सामान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निग्रित करने सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद्द करने का अधिकार पंचायत व विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 12. सामग्री राशि की अदायगी कार्य पूर्ण होने के उपरांत टीए/जेई की पैमाइश के बाद होगी तथा बिलों के साथ वैलिड ट्रांजिट पास फॉर्म 2 और × होना जरूरी है अन्यथा बिलों की याद आएगी नहीं होगी। 13. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/ निर्णय विभाग जस्टिफिकेशन का पारित निविदादाताओं के साथ नेगोशिएशन अनुसार/उपरांत किया जाएगा। सप्लायर से मांगी गई पूर्ण सामग्री का ब्यौरा देना होगा। प्रत्येक सामग्री के आगे राशि लिखना अनिवार्य है। महत्वपूर्ण तिथियां * निविदाएं 22/7/ 2026 को सायं 12 बजे तक ग्राम पंचायत सधोट कार्यालय में प्राप्त हो जानी चाहिए। उसके बाद कोई भी निविदाएं मान्य नहीं होगी। * निविदाएं 23 जुलाई 2026 को पंचायत बैठक में पंचायत कमेटी के समक्ष खोली जाएंगी। तथा सभी सप्लायर उस दिन उपस्थित रहें। अनुपस्थित रहने की अवस्था में बाद में कोई भी शिकायत मान्य नहीं होगी।
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सधोट, विकास खंड धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत बिनौला**
विकास खण्ड सदर, जिला बिलासपुर, हि.प्र.
**निविदा सूचना**
ग्राम पंचायत बिनौला विकास खण्ड सदर तहसील सदर जिला बिलासपुर (हि.प्र) वित वर्ष 2026-27 के लिए मनरेगा एवं अन्य मदों के अंतर्गत विकास कार्यो के निष्पादन हेतू अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद लिफाफे में निविदाएं 22/07/2026 शाम 4.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत बिनौला में जमा होंगी। इसके बाद कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। खुली निविदाएं मान्य नहीं होगी। निविदाएं ग्राम पंचायत बिनौला में दिनांक 23/07/2026 को कार्यालय ग्राम पंचायत बिनौला में कमेटी के समक्ष खोली जाएंगी। **सामाग्री का विवरण निम्न प्रकार से हैः-** 1. रेता ऊना व क्रैशर, 2. बजरी क्रैशर 3. गटक 4. ईट दूसरी श्रेणी 5. सीमेंट किराया बिलासपुर से कार्यस्थल तक 6. शटरिंग लकड़ी व प्लेट 7. जेसीबी 8. साईन बोर्ड लिखाई 9. निविदाकर्ता सामग्री कार्यस्थल पर सुबह 10 बजे से शाम 5.00 के बीच उपलब्ध करवाएगा। **निविदाकर्ता निविदा डालते समय निम्नलिखित दस्तावेज उपलब्ध बारे** :- 1. पचास हजार (50000) रूपये की एफडी या चेक धरोहर राशि के रूप में ग्राम पंचायत कल्लर के नाम जमा होनी अनिवार्य है। 2. जीएसटी बिल व एम-फार्म अनिवार्य होगा। 3. जो निविदाकर्ता पंचायत का वेंडर बनेगा यदि वह सामग्री समय पर देने में लापरवाही बरतेगा तो उसे मात्र एक नोटिस दिया जाएगा तत्पश्चात सामग्री उपलब्ध करवाने का उसका वर्क आर्डर रद कर दिया जाएगा। जिसके लिए उसकी दलील या अपील स्वीकार नहीं होगी।
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बिनौला
विकास खण्ड सदर, जिला बिलासपुर, हि.प्र.

**कार्यालय ग्राम पंचायत टिकरू**
विकास खंड चौंतड़ा, जिला मंडी (हि.प्र.)
**निविदा आमंत्रण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टिकरु विकास खंड चौंतड़ा, जिला मंडी, हि.प्र. के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में होने वाले समस्त मदों के विकास कार्यों हेतु निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 09/07/2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत टिकरु में व्यक्तिगत रुप या डाक के माध्यम से पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 21/07/2026 को पंचायत के समक्ष निविदाताओं/उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी।
**सामग्री का विवरण-** (1) रेत क्रैशर, (प्रति घन मीटर), (2) रेत प्लांट (FINE SAND)- (प्रति घन मीटर), (3) पक्की ईंटे /BRICKS A,B,C GRADE) - (प्रति 1000 नं.), (4) बजरी 10एमएम (क्रशर की)-(प्रति घन मीटर), (5) बजरी 20एमएम (क्रशर की)- (प्रति घन मीटर), (6) बजरी 40एमएम (क्रशर की)- (प्रति घन मीटर), (7) पत्थर (Cut Stone) size - (प्रति घन मीटर), (8) सोलिंग/बोल्डर पत्थर - (प्रति घन मीटर), (9) जेसीबी मशीन द्वारा कटान - (प्रति घंटा), (10) शैटरिंग (लकड़ी की) - (प्रति Sqr मीटर), (11) शैटरिंग (लोहे की प्लेटें) - (प्रति Sqr मीटर), (12) सामग्री ढुलान (सीमेंट) लोडिंग/अनलोडिंग सहित - (प्रति किलोमीटर), (13) सामग्री ढुलान (Mule Carriage) - (प्रति किलोमीटर), (14) Sign Board (3"x2", 4"x3") - (प्रति Sqr फीट)/प्रति बोर्ड, (15) Painting and Carriage with Board, (16) Dust Bin Blue, Green, CIPET approved\(Central Institute of Plastic Engineering and Technology) and iron made, (17) Sand (Water Bound) - (प्रति घन मीटर), (18) Aggregate (Water Bound) - (प्रति घन मीटर), (19) Incinator - (No.), (20) Airport 3 Seater waiting chair Steel - (No.), (21) Steel Benches (Size.........) - (No.), (22) Iron Benches (Size.........) - (No.), (23 GI Sheets/ Channel/Steel - (No.), (24)Angle/Channel/Steel - (प्रति किलोग्राम), (25) Installing e-Toilet (26) Desk top system office use (27) लकड़ी की चौखट व पल्ले - (प्रति स्क्वेयर फुट) (28) Wooden Frame & Shutter (29) Segregation shed with size - 1 shed
**नियम व शर्तें :-** (1) निविदादाता के पास अपनी पंजीकरण, पैन नं., टीन नं./जीएसटी नं. तथा गाड़ी का होना आवश्यक है। (2) निविदादाता को निविदा अपने लेटर पैड पर ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी (निविदा सामग्री ढुलान, Mule Carriage) (3) निविदादाता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम-फॉर्म जमा करवाने होंगे, एम-फॉर्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री संबंधी रायल्टी वर्तमान प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी। (4) सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। (5) सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरुप होगी। (6) दरें अंको व शब्दो में लिखी होनी चाहिए। (7) निर्माण सामग्री कार्य स्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। (8) पारित निविदादाता को मु. 20,000/- रु. अग्रिम/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे। (9) ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। (10) निविदादाता यदि सप्लाई ऑर्डर जारी होने उपरान्त निर्धारित अवधि में सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गई सामग्री की देयराशि का भुगतान नहीं किया जाएगा और न ही अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस होगी। (11) किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। (12) सामग्री राशि की अदायगी कार्य पूर्ण होने के उपरान्त T.A/J.E की पैमाइश के उपरान्त की जाएगी। (13) सामग्री लेने का अंति मूल्य/निर्णय विभाग की जस्टिफिकेशन व पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION अनुसार/उपरान्त किया जाएगा। (14) जिस किसी भी निविदादाता को उपरोक्त शर्तें मान्य हैं तो वह कार्यालय ग्राम पंचायत टेलू में निविदा आवेदन हेतु आवेदन फार्म 1000/- रुपए (एक हजार रुपए) अदा करके प्राप्त कर सकता है व बिना आवेदन फार्म के कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। **नोट :-** उपरोक्त लिखित शर्तों को जो सप्लायर पूरा नहीं करता है उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी। निविदा फार्म पंचायत कार्यालय से ही लें वही मान्य होगा।
हस्ता/- प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत टिकरु
विकास खंड चौंतड़ा, जिला मंडी, हि.प्र.

**कार्यालय ग्राम पंचायत बकारटा विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)**
**निविदा सूचना**
ग्राम पंचायत बकारटा के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026-27 के लिए निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु कोटेशन/निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20/07/2026 शाम 5 बजे तक है। इच्छुक फर्म/व्यक्ति अपनी निविदा डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। प्राप्त निविदाएं 22/07/2026 को समिति के समक्ष खोली जाएंगी। **सामग्री विवरण-** * रेत क्रशर प्रति घन मीटर * रेत प्लाट प्रति घन मीटर * पक्की ईंट (ABC ग्रेड) - 1000 Nos. * बजरी क्रशर प्रति घन मीटर * पत्थर (Cut Stone) प्रति घन मीटर * सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर * J.C.B. मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा/प्रति घन मीटर * शटरिंग (भवन निर्माण/अन्य) प्रति वर्ग मीटर एवं रनिंग मीटर * सामग्री ढुलाई * सीमेंट प्रति कि.मी. * Sign Board (Standard Size per Board) * Water Cooler (20, 40, 60, 80 Ltr.) with & without fitting * Segregation Shed * Cement/Concrete Bench * Steel Benches * Painting & Writing of Sign Board * Mixture Machine * Dustbins (विभिन्न क्षमता) **नियम एवं शर्तें-** 1. निविदादाता के पास Active GST पंजीकरण होना अनिवार्य है। 2. निविदा लेटर पैड पर संबंधित पंचायत को भेजनी होगी। 3. बिल के साथ Valid Rate List तथा Form X एवं W का Valid Transit Pass जमा करवाना होगा। 4. सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों के अनुसार होगा। 5. सामग्री लोक निर्माण विभाग (PWD) की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होनी चाहिए। 6. दरें अंकों एवं शब्दों दोनों में स्पष्ट रूप से लिखी हों। 7. निर्माण सामग्री कार्यस्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. सफल निविदादाता को रू. 20,000/- सुरक्षा राशि तथा रू. 1,000/- (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाना होगा। 9. यदि समयानुसार सामग्री उपलब्ध नहीं करवाई गई तो सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी तथा आवश्यक सामग्री बाजार भाव पर खरीदकर निविदा निरस्त की जा सकती है। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने तथा समान दर होने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं को कार्य आवंटित करने एवं निविदा किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशि का भुगतान TA/JE की पैमाइश के उपरांत किया जाएगा तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass Form X एवं W संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा भुगतान नहीं किया जाएगा। 12. सामग्री का अंतिम मूल्य निर्माण विभाग की Justification तथा सफल निविदादाता के साथ Negotiation के उपरांत निर्धारित किया जाएगा तथा सफल निविदादाता को Undertaking देनी होगी।
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बकारटा विकास खंड गोपालपुर,
तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत गैहरा विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)**
**निविदा सूचना**
ग्राम पंचायत गैहरा के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026-27 के लिए निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु कोटेशन/निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15/07/2026 शाम 5 बजे तक है। इच्छुक फर्म/व्यक्ति अपनी निविदा डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। प्राप्त निविदाएं 17/07/2026 को समिति के समक्ष खोली जाएंगी। **सामग्री विवरण-** * रेत क्रशर प्रति घन मीटर * रेत प्लाट प्रति घन मीटर * पक्की ईंट (ABC ग्रेड) - 1000 Nos. * बजरी क्रशर प्रति घन मीटर * पत्थर (Cut Stone) प्रति घन मीटर * सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर * J.C.B. मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा/प्रति घन मीटर * शटरिंग (भवन निर्माण/अन्य) प्रति वर्ग मीटर एवं रनिंग मीटर * सामग्री ढुलाई * सीमेंट प्रति कि.मी. * Sign Board (Standard Size per Board) * Water Cooler (20, 40, 60, 80 Ltr.) with & without fitting * Segregation Shed * Cement/Concrete Bench * Steel Benches * Painting & Writing of Sign Board * Mixture Machine * Dustbins (विभिन्न क्षमता) **नियम एवं शर्तें-** 1. निविदादाता के पास Active GST पंजीकरण होना अनिवार्य है। 2. निविदा लेटर पैड पर संबंधित पंचायत को भेजनी होगी। 3. बिल के साथ Valid Rate List तथा Form X एवं W का Valid Transit Pass जमा करवाना होगा। 4. सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों के अनुसार होगा। 5. सामग्री लोक निर्माण विभाग (PWD) की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होनी चाहिए। 6. दरें अंकों एवं शब्दों दोनों में स्पष्ट रूप से लिखी हों। 7. निर्माण सामग्री कार्यस्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. सफल निविदादाता को रू.20,000/- सुरक्षा राशि तथा रू. 1,000/- (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाना होगा। 9. यदि समयानुसार सामग्री उपलब्ध नहीं करवाई गई तो सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी तथा आवश्यक सामग्री बाजार भाव पर खरीदकर निविदा निरस्त की जा सकती है। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने तथा समान दर होने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं को कार्य आवंटित करने एवं निविदा किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशि का भुगतान TA/JE की पैमाइश के उपरांत किया जाएगा तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass Form X एवं W संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा भुगतान नहीं किया जाएगा। 12. सामग्री का अंतिम मूल्य निर्माण विभाग की Justification तथा सफल निविदादाता के साथ Negotiation के उपरांत निर्धारित किया जाएगा तथा सफल निविदादाता को Undertaking देनी होगी।
प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत गैहरा विकास खंड गोपालपुर,
तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)